CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 08°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 18 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 60 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 28 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में फिर बदलेगा मौसम, 22 तक बारिश और आंधी-तूफान के आसार पेज 2



आईपीएल 2026: युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता सम्पादकीय



ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं पेज 12

# हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत: IDF

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि बीती रात ईरान में हुए हवाई हमले में अली लारीजानी की मौत हो गई है। इजरायली सेना ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को निशाना बनाकर यह हमला किया था।

लारीजानी ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी माने जाते थे। खामेनेई की मौत के बाद से वह ईरान के शासन में एक बहुत बड़ा चेहरा थे। इन दावों के बीच लारीजानी के दफ्तर ने कहा है कि वे थोड़ी देर में प्रेस को संबोधित कर जानकारी देंगे। इन हमलों में इजरायली सेना (आईडीएफ) ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी दावा किया है। सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। बासिज फोर्स ने यह कैंप तब बनाया था जब इजरायल ने उनके पुराने मुख्यालयों को तबाह कर दिया था। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है। उन पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप भी थे।



**इजरायली सेना ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी किया दावा**

### बगदाद के अमेरिकी दूतावास और अन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले, क्षेत्र में तनाव बढ़ा

**बगदाद/वाशिंगटन।** इराक में मंगलवार तड़के ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला में बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास को एक बार फिर निशाना बनाया गया। इससे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। सीएनएन के अनुसार दूतावास परिसर से हवाई रक्षा प्रणालियों ने एक प्रक्षेप्य को बीच में ही रोक दिया, जिससे संभावित नुकसान टल गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इराक में अमेरिकी दूतावास, एक होटल और दक्षिण के एक तेल क्षेत्र सहित कई स्थानों को ड्रोन हमलों की श्रृंखला में निशाना बनाया गया। अनादोलु एजेंसी के अनुसार, इराक की सेना ने पुष्टि की है कि दक्षिण में स्थित मजनून तेल क्षेत्र पर भी हमला किया गया था। चार ड्रोनों ने अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाया। इराकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने टकराने से पहले ही उन सभी को बीच में रोककर नष्ट कर दिया।

# ट्रम्प प्रशासन को लगा बड़ा झटका

## अमेरिकी आतंकरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर ट्रम्प प्रशासन को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने कहा कि वह ट्रम्प प्रशासन की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकते। केंट ने साफ कहा कि वह इस युद्ध के साथ अपनी अंतरात्मा के अनुसार खड़े नहीं रह सकते, इसलिए उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। जो केंट ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तत्काल खतरा नहीं था। उनके मुताबिक यह युद्ध अमेरिका ने अपनी सुरक्षा की वजह से नहीं, बल्कि इजरायल और अमेरिका में उसके प्रभावशाली लाबी के दबाव में शुरू किया है। केंट ने कहा कि वह ऐसी नीति का समर्थन नहीं कर सकते -शेष पृष्ठ दो पर

**कहा: इजरायल के दबाव में किया ईरान पर हमला**

### ईरान ने कतर में अमेरिकी अड्डे, इजरायल में रक्षा ढांचे पर किया हमला

**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि ईरान ने कतर में एक अमेरिकी अड्डे और इजरायल में मिसाइल रक्षा ढांचे पर हमला किया है। फॉर्स समाचार एजेंसी न आईआरजीसी के हवाले से कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 57वां चरण कब्जे वाले क्षेत्रों के मध्य में स्थित लक्ष्यों के खिलाफ सफलतापूर्वक चलाया गया।

### 28वां रोज़ा

### सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं



कुरआने-पाक के तेईसवें पारे की सूरह सफ्फात की पचहत्तरवीं आयत में अल्लाह का इरशाद है- और हमको नूह ने पुकारा सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं। इस आयत की रोशनी में अठ्ठाईसवां रोज़ा बेहतर तौर पर समझा जा सकता है। गौरतलब बात यह है कि रमज़ान का यह आखिरी अशरा दोजख से निजात का है। अल्लाह की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसका कोई शरीक नहीं है और वो अपने बंदे की फरियाद सुनता है। जैसा कि मजकूर आयत में अल्लाह ने खुद फरमाया है सो हम खूब फरियाद करते हैं। यहां समझने-समझाने के लिहाज से बाद वाला कौल पहले देखना होगा, क्योंकि इसी कौल पर इबादत और रहमत के ताल्लुक का दारोमदार है।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 400 की मौत

## 250 घायल, तालिबान का आरोप, पाक सेना ने नशा मुक्ति सेंटर पर गिराए बम

**काबुल, वार्ता**

**पाकिस्तान ने** सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया। अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है। मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची, तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है। अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा काबुल में हाल ही में हुए हवाई हमलों से लोग दुखी हैं। इन हमलों में कई आम लोगों की जान चली गई। कुछ हमले घरों, -शेष पृष्ठ दो पर



**शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा: काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया**

### भारत ने की काबुल में अस्पताल पर पाक के हमले की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक अस्पताल पर पाकिस्तान के हमले को कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत सोमवार की रात काबुल के ओमिद नशा मुक्ति अस्पताल पर पाकिस्तान के बर्बर हवाई हमले की कड़ी निंदा करता है।

# पैटर्निटी लीव पर भी कानून बने: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में पितृत्व अवकाश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि बच्चे का पालन-पोषण केवल मां की जिम्मेदारी नहीं है।

पिता की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है और शुरुआती समय में दोनों की मौजूदगी बच्चे के विकास के लिए जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक मामले की सुनवाई के दौरान की। अदालत ने उस नियम को असंवैधानिक ठहराया, जिसमें गोद लेने वाली महिला को तभी मातृत्व अवकाश मिलता था जब बच्चा तीन महीने से कम उम्र का हो। कोर्ट ने कहा कि गोद लेने वाली मां को भी 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए, चाहे बच्चे की उम्र कुछ भी -शेष पृष्ठ दो पर

**केंद्र सरकार को सलाह दी, कहा: पालन-पोषण सिर्फ मां की जिम्मेदारी नहीं, कानून बनाने की अपील**



### सीजेआई का सुझाव फैमिली कोर्ट में वकील-जज काले चोंगे न पहनें

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि फैमिली कोर्ट बच्चों के मन से मनोवैज्ञानिक डर को खत्म करें। इसके लिए कोर्ट के पारंपरिक कामकाज में कुछ बदलाव किए जाएं। उन्होंने पूछा कि क्या फैमिली कोर्ट में काले चोंगे होने चाहिए? सीजेआई ने कहा कि जब हम फैमिली कोर्ट के लिए एक नई सोच और अवधारणा बना रहे हैं, तो क्या इससे बच्चे के मन में कोई मनोवैज्ञानिक डर पैदा नहीं होगा? उन्होंने सुझाव दिया कि फैमिली कोर्ट में पीठासीन जज और वकील यूनिफॉर्म में नहीं आने चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने ये बातें दिल्ली के रोहिणी में एक फैमिली कोर्ट की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि फैमिली कोर्ट में आप सभी के लिए हमारे पीठासीन अधिकारी कोर्ट की पोशाक में नहीं बैठेंगे। बार के सदस्य भी काले और सफेद चोंगे में नहीं आएंगे। पुलिस अधिकारी भी वर्दी में नहीं आएंगे।




# अब गुजरात में UCC की तैयारी

**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सकता है। यूसीसी के लिए गठित समिति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है।

समिति ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद अंतिम सिफारिशों सहित अपनी रिपोर्ट पेश की है। गुजरात सरकार इस रिपोर्ट पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी। यूसीसी से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा मौजूदा विधानसभा सत्र में ही की जाएगी। रिपोर्ट 23 मार्च को सदन में रखी जा सकती है, जबकि 24 मार्च को बिल पेश किए जाने की संभावना है, जो इस बजट सत्र का अंतिम दिन भी है। अगर यह बिल पास हो जाता है, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला गुजरात देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।

**समिति ने सीएम भूपेंद्र पटेल को रिपोर्ट सौंपी, 24 मार्च को सदन में पेश हो सकता है विधेयक**

# हरियाणा में हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच कांग्रेस ने जीती राज्यसभा की एक सीट

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 16 घंटे तक चले हाई-वोल्टेज चुनावी ड्रामे के बाद कांग्रेस पार्टी दो में से एक राज्यसभा सीट जीतने में सफल रही। इस जीत के साथ ही कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के कब्जे वाली एक सीट को प्रभावी रूप से अपने नाम कर लिया है।

सोमवार को हरियाणा, बिहार और ओडिशा की कुल 11 राज्यसभा सीटों पर हुए मतदान में से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और उसके समर्थित उम्मीदवारों ने नौ सीटों पर जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस और बीजू जनता दल के खाते में एक-एक सीट आई। हरियाणा में भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध विजयी घोषित किए गए जबकि भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा में मतदान की प्रक्रिया विवादों से घिरी रही। दो कांग्रेस विधायकों के वोटों पर भाजपा की औपचारिक आपत्तियों के कारण मतगणना में देरी हुई और यह रात 10:25 बजे शुरू हुई और मंगलवार तड़के 1:30 बजे संपन्न हुई। राज्य मंत्री गौरव गौतम के अनुसार, यह चुनाव आंतरिक कलह और क्रॉस-वोटिंग के साए में रहा। उन्होंने बताया कि कुल चार वोट रद्द किए गए।

**राजग ने कुल 11 में से नौ सीटें जीती**

# बरेली में सास व साले का हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सास और साले की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार भोर एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया। रहपुरा चौधरी गांव में सोमवार दोपहर आरोपी अफसर खान ने अपनी पत्नी साइमा, सास आसमा और साले आदिल पर चाकू से हमला किया।

हमले में सास और साले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी साइमा गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की खोज शुरू की। सूचना मिली अफसर मुड़िया अहमदनगर के सहारा ग्राउंड में अवैध हथियार के साथ मौजूद है। अपनी पत्नी को मारने की कोशिश कर सकता है। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण के लिए कई बार कहा कि लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अफसर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फायरिंग में दो पुलिसकर्मी, कांस्टेबल रूपेंद्र और कांस्टेबल अनुराग भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया आरोपी के कब्जे से 32 बोर की पिस्तौल, घटना में इस्तेमाल की गई चाकू, चार लाइव कार्टेज और कुल 10 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी अफसर का आपराधिक इतिहास लंबा है। 2009 में उसने अपने सगे मामा की हत्या की थी, जिसके लिए उसे आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वह जमानत पर था। उसके खिलाफ चोरी का भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस अब उसके अन्य अपराधों की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार अफसर और साइमा की शादी लगभग नौ साल पहले हुई थी। पत्नी द्वारा ससुराल जाने से इन्कार करने पर सोमवार दोपहर पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें आरोपी अफसर खां ने वारदात कर दी।

**हत्यारोपी ने पत्नी सहित चार लोगों पर किया था चाकू से हमला**

### लोकसभा के आठ सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने आठ सदस्यों का निलंबन वापस लेने के प्रस्ताव को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया, जिससे उनका निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ध्यानाकर्षण सूचना 374 के खंड दो के तहत वह आठ सदस्यों के निलंबन को वापस लेने का प्रस्ताव रखते हैं। उन्होंने कहा कि निलंबित सदस्यों का निलंबन वापस लिया जाए।

# रिटायर्ड आईपीएस, डीजीपी व सैन्य अफसरों का राहुल को लेटर

**नई दिल्ली।** 204 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी, आईपीएस-आईएएस और वकीलों ने राहुल गांधी को ओपन लेटर लिखकर देश से माफी मांगने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 12 मार्च को संसद परिसर में किया गया विरोध संसदीय नियमों और संसद की गरिमा के खिलाफ था।

ओपन लेटर में कहा गया कि संसद परिसर में प्रदर्शन या विरोध न करने को लेकर स्पीकर की ओर से पहले ही निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध किया। लेटर में आगे कहा कि राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध करते दिखाई दिए। यह संसदीय अधिकार और संसद की मर्यादा की अनदेखी है। संसद की सीढ़ियां राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं हैं। दरअसल, 12 मार्च को विपक्ष ने एलपीजी संकट को लेकर सकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस दौरान राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठे दिखाई दिए। वे वहां चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध कर रहे थे। विरोध के दौरान संसद परिसर की सीढ़ियों पर राहुल गांधी ने चाय और बिस्किट खाया। लेटर में कहा गया कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है और उसकी गरिमा हर समय बनी रहनी चाहिए। संसदीय परंपराओं के मुताबिक लोकसभा और राज्यसभा कक्ष ही नहीं, बल्कि संसद परिसर की सीढ़ियां, गलियारे और लॉबी भी उसी संस्था का हिस्सा हैं। इसलिए वहां भी सांसदों का आचरण उसी मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। लेटर में कहा गया कि इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक चर्चा के स्तर को गिराती हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाती हैं। यह ओपन लेटर जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद ने जारी किया है। लेटर पर 204 लोगों ने साइन किए हैं। इनमें 116 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी और 84 पूर्व नौकरशाह शामिल हैं। इसके अलावा चार पूर्व राजदूत और चार सीनियर वकील भी सिग्नेचर करने वालों में शामिल हैं।



**कहा: संसद परिसर में आचरण नियमों के खिलाफ देश से माफी मांगें कांग्रेस नेता**

## संक्षिप्त समाचार

### गोरखपुर में भाजपा नेता राजकुमार की दिनदहाड़े हत्या

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के चिलुआताल थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह मार्निंग वॉक पर निकले पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता राजकुमार चौहान की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि बरगदवा गांव में आज सुबह पूर्व पार्षद राजकुमार चौहान मार्निंग वॉक पर निकले थे कि पहले से घात लगाए कुछ बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली मार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हे घायलावस्था में बाबा राघवदास मेडिकल कालेज लाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने इलाके को घेर लिया है और गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस का कहना है कि आरो. पियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने रोका

**लखनऊ।** लखनऊ में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने मंगलवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी कटोरा लेकर भीख मांगते हुए हजरतगंज चौराहे से विधानसभा घेराव के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें जीपीओ के पास ही रोक लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्ष 2024 की भर्ती प्रक्रिया कोर्ट में लंबित है और अब तक 53 तारीखें लग चुकी हैं, लेकिन कोई निर्णय नहीं आया। इससे हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। अभ्यर्थी सूरज सिंह ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से बेरोजगार हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ 883 पेज का जवाब दाखिल

प्रयागराज, वार्ता



■ 27 फरवरी के आदेश में लगी थी गिरफ्तारी पर रोक

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आशुतोष ब्रह्मचारी मंगलवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती की अग्रिम जमानत अर्जी पर अदालत के आदेश के अनुपालन में अपना लिखित जवाब दाखिल किया।

आशुतोष ब्रह्मचारी 883 पेज का लिखित जवाब लेकर हाईकोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इसमें नाबालिग बटुकों के साथ कथित कुकर्म और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि शंकराचार्य होने के संबंध में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा दाखिल हलफनामे से जुड़े तथ्यों के संबंध में भी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ ने 27 फरवरी को आदेश जारी कर अंतिम आदेश आने तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। साथ ही सभी पक्षकारों को 12 मार्च तक अपना रिटर्न सबमिशन दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि 12 मार्च को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आशुतोष ब्रह्मचारी हाईकोर्ट में अपना जवाब दाखिल नहीं कर सके थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने ईमेल के माध्यम से अदालत को सूचित किया था कि सुरक्षा कारणों से वह उस दिन कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पाएंगे। अब उन्होंने अदालत में अपना जवाब दाखिल करते हुए देरी के लिए माफी याचिका भी प्रस्तुत की है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ उनके पास ठोस साक्ष्य मौजूद हैं, जिन्हें वह अदालत में प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन साक्ष्यों के आधार पर वह हाईकोर्ट में उनकी नियमित जमानत अर्जी का विरोध करेंगे और नाबालिग बटुकों के यौन शोषण के मामले में ट्रायल कोर्ट से सजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

### वकीलों की हड़ताल से आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान नहीं हो सका दर्ज

इसी बीच जिला अदालत में चल रहे एक अन्य मामले में वकीलों के न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण मंगलवार को आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान दर्ज नहीं हो सका। उन्हें 18 जनवरी 2026 को मौनी अमावस्या के दिन सेक्टर चार त्रिवेणी मार्ग पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्याय यात्रा के दौरान हुए हमले के मामले में अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट पंचम की अदालत में बयान दर्ज कराना था। वकीलों की हड़ताल के कारण अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 2 मई निर्धारित की है। अब इस मामले में वादी आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान 2 मई को दर्ज किया जाएगा। आशुतोष ब्रह्मचारी ने अपने ऊपर हुए हमले के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती और उनके शिष्यों पर मारपीट का आरोप लगाया था, जिसमें वह घायल भी हो गए थे।

# ईद सादगी से मनाएं देश के मुसलमानः मौलाना कल्बे जव्वाद व अली जैदी

शाह टाइम्स ब्यूरो





■ अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत से उम्मत में गम का माहौल, यह सदी की सबसे अजीम शहादत, हम सब गहरे गम में हैं

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत के बाद पूरे विश्व के साथ-साथ भारत के मुसलमानों में भी गहरा शोक व्याप्त है। इसी क्रम में शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी और प्रसिद्ध शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने देश के मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि इस वर्ष ईद-उल-फितर का त्योहार सादगी और गमगीन माहौल के साथ मनाया जाए।

उन्होंने कहा कि अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत केवल ईरान ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए एक बड़ा सदमा है। उनके अनुसार यह सदी की सबसे अज़ीम शहादतों में से एक है, जिसकी वजह से पूरी उम्मत गहरे गम और शोक में डूबी हुई है। अली जैदी और मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि आज हालात ऐसे हैं, जैसे किसी घर में किसी अपने का इंतकाल हो गया हो। जब किसी परिवार में किसी का निधन होता है तो खुशियों और जश्न को सीमित कर दिया जाता है, उसी तरह मौजूदा समय में भी मुसलमानों को ईद को सादगी, इबादत और खामोशी के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत समेत कई देशों में शिया समुदाय इस घटना को लेकर गहरे दुख में है। अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए गम और शोक का कारण बनी हुई है, इसलिए ईद जैसे खुशी के त्योहार को भी इस वर्ष सादगी और गंभीरता के साथ मनाना चाहिए। धार्मिक नेताओं ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद के मौके पर अनावश्यक दिखावा, बड़े जश्न और आतिशबाजी से बचें तथा गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करें। साथ ही शहीदों के लिए दुआ और फातिहा पढ़कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश करें। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी उम्मत को एकजुट होकर अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देना चाहिए।

# रेलवे आम आदमी के सुविधाजनक सफर पर भी पर्याप्त ध्यान देः विपक्ष

नई दिल्ली, वार्ता

■ टीएमसी ने अनुदान मांगों पर जारी चर्चा में कहा

लोकसभा में विपक्ष ने आम आदमी के लिए ज्यादा ट्रेनें चलाने और सफर में उन्हें पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

तृणमूल कांग्रेस की शताब्दी राय ने रेलवे की वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों पर जारी चर्चा में शामिल होते हुए मंगलवार को कहा कि मजदूरों और आम आदमियों के लिए ट्रेनें चलाई जानी चाहिए और उन्हें सफर के दौरान कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्काल टिकट लेने वाले निचली बर्थ आरक्षित करा लेते हैं जबकि पहले से आरक्षण कराने में बुजुर्गों को ऊपर की बर्थ मिलती है। पैसे वाले लोग सुविधाजनक सफर करते हैं, जबकि आम आदमी को सफर में दुश्वारियां पेश आती हैं। सुश्री राय ने कहा कि बुजुर्गों के लिए निचली बर्थ ही आरक्षित किए जाने के प्रावधान किए जाने चाहिए। अस्सी वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए भी ऊपरी बर्थ आरक्षित कर दी जाती है। इससे उन्हें बड़ी परेशानी होती है। ऊपर की बर्थ पर चढ़ने के दौरान उनके गिर कर घायल होने की भी खबरें आई हैं। इसी के साथ उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को किराए में रियायत फिर शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में स्थानीय वेंडर खाने की आपूर्ति कर रहे हैं, जिसकी गुणवत्ता ठीक नहीं होती और स्वच्छता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सुश्री राय ने कहा कि आरक्षण के लिए प्रतीक्षा सूची में शामिल टिकट रद्द कराने पर भी रेलवे पैसे काट रहा है, जो कतई उचित नहीं है।

## 22 तक बारिश और आंधी-तूफान के आसार

# उत्तर प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ आज मौसम शुष्क बना रहेगा, जबकि 19 मार्च से पश्चिमी यूपी में बारिश होगी, जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में फैल जाएगी: विशेषज्ञ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 19 मार्च से प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू होगा, जो 22 मार्च तक जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तरी पंजाब के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिणी हरियाणा के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पिछले दो दिनों में तराई और आसपास के मध्य जिलों में रुक-रुक कर बारिश और गरज-चमक देखने को मिली थी। हालांकि अब यह गतिविधियां थम गई हैं। वर्तमान में किसी सक्रिय मौसम प्रणाली के अभाव में 18 मार्च तक मौसम शुष्क बना रहेगा।

इस दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे गर्मी का असर बढ़ेगा। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, 19 मार्च से पश्चिमी यूपी में बारिश की शुरुआत होगी, जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में फैल जाएगी। इस बारिश के चलते अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है और तापमान सामान्य या उससे नीचे पहुंच सकता है। हाल ही में हुई बारिश के दौरान मुजफ्फरनगर में 7.2 मिमी, बिजनौर में 6.8 मिमी, सहारनपुर में 5.2 मिमी और संभल में 2.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं न्यूनतम तापमान में भी गिरावट देखी गई, जहां नजीबा. बाद में 12.5 डिग्री, मेरठ में 13.6 डिग्री, मुजफ्फरनगर में 14.8 डिग्री और अयोध्या में 15 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। राजधानी में दिन का तापमान 33.1 डिग्री और रात का तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को यहां आसमान साफ रहने के साथ अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी बांदा में 36.6 डिग्री, उरई में 36.4 डिग्री, फतेहपुर में 36.2 डिग्री और प्रयागराज में 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। अधिका. रियों के अनुसार फिलहाल 1.2 दिन गर्मी बढ़ेगी, लेकिन 19 मार्च से मौसम बदलते ही प्रदेशवासियों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

### दरोगा भर्ती के विवादित सवाल से नाराज युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के बाहर मंगलवार को एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश कर हड़कंप मचा दिया। युवक अपने साथ बोतल में केरोसीन लेकर पहुंचा था और मुख्य गेट के सामने आते ही उसने अपने ऊपर केरोस. ीन छिड़कना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत पकड़ लिया और बड़ा हादसा टल गया। युवक की पहचान दीपक शर्मा के रूप में हुई है। उसका आरोप है कि हाल ही में हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में एक विवादित सवाल पूछा गया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 76070.84
निफ्टी 23581.15



सोना 159810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 275000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी आईटी व एफएमसीजी कंपनियों पर दबाव

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही, हालांकि आईटी और एफएमसीजी कंपनियों में बिकवाली देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 567.99 अंक (0.75 प्रतिशत) चढ़कर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी 172.35 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त में 23,581.15 अंक पर पहुंच गया। ऑटो, धातु, मीडिया, रियलटी, वित्त, निजी बैंकों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में मजबूत लिवाली के बीच आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के सूचकांक गिरावट में रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.03 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.65 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर लगभग पौने छह फीसदी मजबूत हुआ। टाटा स्टील में करीब साढ़े चार फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बीईएल,



एलएंडटी और भारती एयरटेल के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। मारुति सुजुकी, इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, सनफार्मा, टेक महिंद्रा और एनटीपीसी के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और आईटीसी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूटे। टीसीएस, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी गिरावट में रहे।

### सोना और चांदी की कीमतों में आया उछाल

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। चांदी की कीमत 3000 रुपये बढ़कर 2.59 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 860 रुपये बढ़कर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह 10 पर 2 अप्रैल 2026 के कॉन्ट्रैक्ट में सोने 1,061 रुपए या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 1,56,797 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,56,649 का न्यूनतम स्तर और 1,56,996 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है, जो दिखाता है कि सोना तेजी के साथ, लेकिन एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। दूसरी तरफ 5 मई 2026 के कॉन्ट्रैक्ट में चांदी 3,353 रुपए या 1.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,59,885 रुपए पर कारोबार कर रही थी। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,58,338 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,61,457 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ। एशियाई कारोबार के दौरान स्पॉट गोल्ड की कीमत मामूली बढ़त के साथ करीब 5,008 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। वहीं स्पॉट सिल्वर की कीमत 0.21 प्रतिशत गिरकर लगभग 80.5 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# मुद्रा योजना में एनपीए 2.3 प्रतिशत के करीब

नई दिल्ली, वार्ता

सरकार ने मंगलवार को बताया कि मुद्रा योजना में पिछले तीन साल में कुल 15.50 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए हैं और गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) का अनुपात कुल दिए गए ऋण के 2.3 प्रतिशत के आसपास है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि मुद्रा योजना के तहत मुख्य रूप से तीन श्रेणियां हैं- शिशु, किशोर और तरुण।

तीनों योजनाओं को मिलाकर कुल एनपीए लगभग 2.3 प्रतिशत के आसपास है। विशेषकर शिशु श्रेणी में एनपीए के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस श्रेणी में एनपीए कुल दिए गए ऋण के 1.83 प्रतिशत के आसपास है। उन्होंने कहा, षशिशु यदि श्रेणीवार मैं विशिष्ट एनपीए की बात करूं, तो इसका एनपीए अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने बताया कि शिशु श्रेणी में पहली बार ऋण लेने वालों को वित्तीय मदद दी जाती है, जो बहुत ज्यादा नहीं होता। तो ऐसा नहीं है कि एनपीए बहुत ज्यादा है, या यह काफी बड़ा हिस्सा है और इसलिए हमें व्यापक स्तर पर कार्रवाई करनी होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना में ऋण लेने वाले ज्यादातर लोग बैंक के आसपास के ही होते हैं, और इसलिए बैंक उनसे नियमित संपर्क में हैं। मूल प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि अप्रैल 2022 से मार्च 2025 के बीच कुल 18.37 करोड़ खातों में 15.50 लाख करोड़ के ऋण जारी किए गए हैं। इसमें शिशु श्रेणी में 3.96 लाख करोड़, किशोर में 7.52 लाख करोड़, तरुण में 3.98 लाख करोड़ और तरुण प्लस में चार हजार करोड़ रुपये के ऋण जारी किए गए हैं। करीब 19 प्रतिशत ऋण नए उद्यमियों को और 65 प्रतिशत महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। लिखित उत्तर में 31 मार्च 2025 के आंकड़ों में कहा गया है कि शिशु श्रेणी में एनपीए 1.50 प्रतिशत, किशोर में 2.49 प्रतिशत और तरुण में 2.10 प्रतिशत है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प प्रशासन...** जिसमें बिना स्पष्ट खतरे के युद्ध छेड़ा जाए। जो केंट ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के लिए कोई तत्काल या प्रत्यक्ष खतरा पैदा नहीं किया था। उनके मुताबिक हालात ऐसे नहीं थे कि युद्ध की जरूरत पड़ती। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्ष में अमेरिका की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। केंट ने यह भी कहा कि युद्ध का फैसला दबाव और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण लिया गया। जो केंट अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक थे। इस एजेंसी की जिम्मेदारी दुनिया भर में आतंकवादी खतरों का विश्लेषण करना और उनसे निपटने की रणनीति बनाना होती है। केंट को जुलाई में सीनेट में 52-44 वोट से इस पद के लिए मंजूरी मिली थी। इससे पहले वह राजनीति में भी सक्रिय रहे और वाशिंगटन राज्य से कांग्रेस चुनाव भी लड़ चुके हैं। जो केंट का लंबा सैन्य और खुफिया अनुभव रहा है। वह अमेरिकी सेना में ग्रीन बेरेट कमांडो के रूप में काम कर चुके हैं और 11 बार अलग-अलग मिशनों में तैनात रहे हैं। सेना छोड़ने के बाद उन्होंने सीआईए के साथ भी काम किया। इसके बाद वह राजनीति में आए और बाद में ट्रम्प प्रशासन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। जो केंट का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब अमेरिका और इजरायल की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर वैश्विक स्तर पर बहस जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकवाद विरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस तरह इस्तीफा देना ट्रम्प प्रशासन के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक दबाव बढ़ा सकता है। इससे अमेरिका की ईरान नीति पर नए सवाल खड़े हो सकते हैं।

**पाकिस्तान की...** स्कूलों और अस्पतालों के आसपास भी हुए। आम लोगों के इलाकों पर हमला करना अंतर्राष्ट्रीय कानून के हिसाब से युद्ध अपराध माना जाता है, चाहे वह जानबूझकर किया गया हो या गलती से। खासकर रमजान के पवित्र महीने के दौरान ऐसी घटना से लोगों में और ज्यादा दुख और गुस्सा है। लोगों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और मानवाधिकार संगठनों से मांग की है कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और जो भी जिम्मेदार हो उसे सजा दी जाए। पाकिस्तान ने रविवार रातभर भी कंधार प्रांत में एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया था। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई आपरेशन 'गजब -लिल-हक' के तहत की। इसके जवाब में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के सैन्य कैंप पर हमला किया। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के मुता. बिक, हमले में उन ठिकानों को निशाना बनाया गया जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) जैसे संगठन सीमा पार हमलों की तैयारी के लिए करते थे।

**पितृत्व अवकाश...** हो। अदालत ने कहा कि बच्चे की देखभाल और भावनात्मक विकास में माता-पिता दोनों की भूमिका अहम होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चे के शुरुआती महीने और साल उसके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इसी समय बच्चे और माता-पिता के बीच भावनात्मक संबंध मजबूत होते हैं। अदालत ने कहा कि अगर पिता को इस समय बच्चे के साथ रहने का मौका नहीं मिलता, तो बच्चे और पिता दोनों इस महत्वपूर्ण अनुभव से वंचित रह जाते हैं। इसलिए पितृत्व अवकाश की व्यवस्था होना जरूरी है। अदालत ने कहा कि यह सही है कि मां बच्चे के विकास में केंद्रीय भूमिका निभाती है, लेकिन पिता की भूमिका को नजरअंदाज करना भी उचित नहीं है। पिता का सहयोग मां के लिए भी जरूरी होता है, खासकर बच्चे के जन्म या गोद लेने के शुरुआती समय में। अदालत ने कहा कि पितृत्व अवकाश से पिता बच्चे की देखभाल में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं और परिवार की जिम्मेदारियां साझा कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पितृत्व अवकाश की व्यवस्था से समाज में पारंपरिक सोच भी बदलेगी। इससे यह धारणा कमजोर होगी कि बच्चों की देखभाल केवल महिलाओं की जिम्मेदारी है। अदालत ने कहा कि अगर पिता को भी अवकाश मिलेगा तो परिवार और कार्यस्थल दोनों जगह लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और माता-पिता दोनों की भूमिका संतुलित होगी। अदालत ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार करे। कोर्ट ने कहा कि इस अवकाश की अवधि ऐसी होनी चाहिए जो बच्चे और माता-पिता दोनों की जरूरतों के अनुरूप हो। इससे पिता भी बच्चे के शुरुआती विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे और परिवार को बेहतर समर्थन मिलेगा।

# राज्यसभा चुनाव में हरियाणा में भाजपा के हर हथकंडे पर फिरा पानी : कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ क्रॉस वोटिंग के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी जीता

कांग्रेस ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई।

कांग्रेस कार्य समिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा पार्टी सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था। भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की को. शिश की। यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया। हुड्डा ने हरियाणा में राज्यसभा चुनाव में करमवीर बौद्ध की जीत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित पूरे शीर्ष नेतृत्व बधाई दी और कहा कि हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की, उससे साफ हो गया कि भाजपा का लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है। भाजपा सिर्फ सत्ता हासिल करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के विधायकों और सजग कार्यकर्ताओं ने लूट नहीं होने दी और सामाजिक न्याय के लिए काम करने वाले करमवीर बौद्ध को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा की योजना खरीद-फरोख्त से संख्या हासिल करने की थी, लेकिन जब ये योजना फेल हो गई, तो पार्टी ने अपनी बी टीम इनेलो को सक्रिया किया, जिसने चुनाव के दिन तक अपना रूख साफ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी के पक्ष में जब 30 से ज्यादा वोट पड़ गए, तो इनेलो मतदान से भाग खड़ी हुई। इस सबके बाद भाजपा ने अपना तीसरा हथकंडा अपनाने की कोशिश की, जहां उन्होंने चुनाव आयोग को अपने साथ लिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव अधिकारी ने पक्षपात किया और हमारे चार वोट कैंसिल कर दिए, जबकि ये सभी वोट वैलिड थे।

### पाबंदियों के बीच कश्मीर में मना शब-ए-कद्र

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में शब-ए-कद्र बेहद अकीदत और जज्बे के साथ मनाई गई। इस दौरान हजारों की तादाद में जायरीन रात भर इबादत करने के लिए मस्जिदों और दरगाहों में उमड़ पड़े। इसे लैलतुल कद्र के नाम से भी जाना जाता है। ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को छोड़कर पूरी घाटी के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर प्रार्थनाएं आयोजित की गईं। अधिकारियों ने यहां लगातार सातवें वर्ष रात भर की सामूहिक इबादत पर रोक लगा दी थी। इसके साथ ही प्रशासन ने कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक को उनके घर पर नजरबंद कर दिया था। अकीदतमंद सुबह तड़के तक दुआओं, कुरान पाक के पाठ और विशेष तरावीह की नमाज में मशगूल रहे। सबसे बड़ा मजमा खूबसूरत डल झील के किनारे स्थित मुकद्दस हजरतबल दरगाह में लगा था, जहां इस पाक मौके पर आशीर्वाद लेने के लिए भारी तादाद में अकीदतमंद जमा हुए।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



28वां रोज़ा इफ्तार
18 मार्च बुधवार
सुन्नी...................... 06:31
शिया...................... 06:44

29वां रोज़ा सहरी
19 मार्च गुरुवार
सुन्नी...................... 04:58
शिया...................... 04:05



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# चरथावल मार्ग पर हुई दो और बारातियों की मौत

## पांच दिन पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में काल का ग्रास बन गए थे दो युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पांच दिन पूर्व मुजफ्फरनगर थाना भवन मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल दो ओर लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो युवक घटना के दिन ही काल का ग्रास बन गये थे।

कुल मिलाकर अब तक चोर लोगों की जान चुकी है। मृतक और घायल मेरठ में एक शादी समारोह से लोट रहे थे, जहां सीएनजी पंप के पास अनियन्त्रि कार सडक पर एक पेड से टकरा गई थी जहां भयानक हादसे के बाद यहां चीख पुकार शुरू हो गई थी। ग्रामीण व पुलिस ने तुरन्त ही घायलां को अस्पताल पहुंचाया था जहां डाक्टरों ने दो लोगों को मृतक घोषिमत कर दिया था।

बता दे कि पांच दिन पूर्व चरथावल मार्ग स्थित सीएनजी पंप के पास तेज गति से आयी बारात की कार सडक पर पेड से टकरा गई थी। हादसा इतना भयानक हुआ था कि कार के पूरी तरह से परखच्चे उड गये थे और पूरी गाडी खून से लथपथ हो गई थी। सूचना के तुरन्त बाद ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया था जहां डाक्टरों ने रोहित पुत्र मेघराज और विकास निवासी चरथावल को मृतक घोषित कर दिया था। इस हादसे में घायल हुए रोहित पुत्र मुनेश और वर्ष उम्र 22 वर्ष का इलाज चंडीगढ में चल रहा था, मंगलवार को वर्ष और रोहित ने भी दम तोड दिया है। जैसे ही यह खबर परिवार के लोगों को लगी तो यहां कोहराम मच गया। कुल मिलाकर शादी की खुशियां पूरी तरह गम में बदल गई है। इस घटना में घायल हुए ओर लोगों की भी गंभीर हालत बतायी गई है। दुर्घटना वाली कार में 8 लोग सवार होना बताये गये है।

### बधाई को लेकर किन्नरों के दो गुट एक दूसरे के खून के प्यासे बने

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को सिविल लाईन क्षेत्र के मीनाक्षी चौक पर किन्नरों के दो गुट में जमकर घमासान हुई। संघर्ष इतना भयानक था कि दोनों गुट एक दूसरे की जान लेने पर तुले थे। हालांकि यहां इस समय भारी संख्या में लोगों की भीड इकट्ठा हो गई थी लेकिन शायद किन्नरों के दोनों गुटों की लड़ाई में ऐसा भयानक रूप ले लिया था कि उनकी लडाई देखकर साफ हो रहा था कि वह एक दूसरे की जान के दुश्मन है और एक दूसरे पर कातिलाना हमला करते रहे। बता दें कि जनपद में किन्नरों की भरमार हो रही है। जनपद मुजफ्फरनगर के कई थाना क्षेत्रों में किन्नरों के गुट कभी भी आमने सामने आकर एक दूसरे के खून के प्यासे हो जाते है। इसमें मामला एरिये को हो, जगह का हो, बंटवारे का या फिर पैसे के लेन-देन का, लेकिन छोटी-छोटी जगहों को अपनी बताकर किन्नरों के गुट एक दूसरे की हत्या का प्रयास कई बार कर चुके है। इतना ही नही जनपद में बधाई मांगने और जगह को लेकर संगीन घटना भी सामने आ चुकी है, लेकिन सवाल यह है कि अभी तक पुलिस प्रशासन या किसी संगठन ने ऐसा कदम नही उठाया जिससे ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। सामने तो यह भी आया है कि मोटी रकम कमाने के लिए कुछ युवक तो जानबूझकर पहले ट्रेन में मांगते है तो फिर शादी ब्याह, लडके लडकियों वालों को परेशान कर बधाई लेते है इसके बाद वह डेयरों में भर्ती होकर मनमानी करते है।

# 14 वर्ष बाद टिटौडा कांड के आरोपी बरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अभियोजन के अनुसार 21 फरवरी 2012 को खतौली के गांव टिटौडा निवासी ऋषिपाल पुत्र जुम्मा उर्फ जुम्मन सिंह अपने भाई सोमवीर के साथ खेत पर काम करने गया था। शाम के 4 बजे सोमवीर घर लौट आया और ऋषिपाल खेत पर ही रह गया था। काफी समय तक भी जब ऋषिपाल घर नही लौटा को परिजनों को इसकी चिंता हुई और ऋषिपाल की तलाश शुरू कर दी थी। 22 फरवरी 2012 को ऋषिपाल का श सवेरे करीब 8.30 बजे जंगल की चकरोड पर मिला था। इस घटना का मुकदमा मृतक के भाई सोमवीर ने धारा 302 के तहत दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना शुरू की तो सोनू पुत्र शेरपाल निवासी ग्राम मडकरीमपुर, नौशाद पुत्र शाहबुद्दीन व जोनी पुत्र राजेन्द्र जो गांव के ही रहने वाले है।



को पुलिस ने 12 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने घटना के दिन आरोपियों के कब्जे से मोबाईल फोन और घटना में प्रयुक्त फावडा व बलकटी भी बरामद दिखाये थे। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया और सोनू आदि के विरूद्ध सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से इस मामले में सात गवाह पेश किये गये। लेकिन बरामदगी का संदेह पाया गया। जिससे सबूत व गवाहों के आधार पर आरोपियों को बरी कर दिया गया। बताया जाता है कि न तो इस मामले में गवाहों के बयान मेच खाये और हथियार व कपडो पर खून की एफएसएल रिपोर्ट से पुष्टि हुई। कुल मिलाकर हत्या की रिपोर्ट में कोई खामिया पायी। दोनों अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी दलीले पेश की और इस मामले को जिला एवं सत्र न्याधीश विरेन्द्र कुमार द्वारा सुना गया जहां साक्षियों की कमी के चलते आरोपियों को बरी कर दिया गया। यह मामला 14 वर्ष से कोर्ट मे विचाराधीन था। कोर्ट में आये आरोपियों का कहना था कि उन्हे कानून पर यकीन था और 14 वर्ष बाद उन्हें न्याय मिला है। आरोपियों का कहना था कि घटना के समय से ही उन्हे न्याय पालिका पर पूर्ण यकीन था और आज उन्हे न्याय मिल गया।

### पुलिस और ग्रामीणों के ब्यान अलग अलग

**बुढ़ाना।** इस मामले मे बुढ़ाना पुलिस का कहना है कि पत्नि के जाने का सदमा तथा तनाव के कारण नदीम की हृदयगति रूकने से मौत हुई है। वहीं मोहल्ले वालों का कहना है कि पघत्नि का सदमा तथा तनाव में उसने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है जिसके कारण उसकी मौत हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने किसी भी पुलिस कार्रवाई से मना कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम नही करवाया गया। गमगीन माहौल में परिजनों ने उसे सुपुर्दे खाक कर दिया। पुलिस ने बताया कि पीडित परिवार ने किसी भी मामले में कोई तहरीर नही दी है। तहरीर आती है तो प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# आठ बच्चों की मां आशिक के साथ हुई फरार

**सदमे में पति ने कीटनाशक खाकर लगाया मौत को गले**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विगत दिवस आठ बच्चों की मां अपने पति और बच्चों को छोड़कर अपने आशिक के साथ फरार हो गयी। अगले ही दिन वह अपने आशिक के घर पर ही रहने के लिए आ गयी तो पति यह सदमा बर्दाश्त नहीं कर सका और मंगलवार की सुबह उसने इससे क्षुब्ध होते हुए गम में खौफनाक कदम उठाते हुए अपने हाथ में जहर का इंजेक्शन लगाकर और कीटनाशक दवाई का सेवन करके मौत को गले लगा लिया। इस घटना को लेकर परिजनों में जबरदस्त को. हराम मच गया। उधर सभी बच्चों का रो रोकर बुरा हाल था।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की सफीपुर पटी निवासी नदीम उर्फ भूरा अंसारी पुत्र सद्दीक की पत्नि नफीसा का अपने ही पड़ोस में ही रहने वाले किसी युवक से प्रेम प्रसंग का मामला काफी दिनों से चल रहा था। इसकी भनक मौहल्ले के कुछ लोगों को थी लेकिन किसी ने भी इस और ध्यान देने की कोई जरुरत नहीं समझी। नफीसा के आठ बच्चे हैं। वह अपने सभी बच्चों को छोड़कर तीन दिन पूर्व ही अपने आशिक घम्मन कुरैशी के साथ फरार हो गयी। जब इस बात का पता पति को लगा तो उसने अपना सिर पीट लिया और अपनी पत्नि की गुपचुप तरीके से तलाश शुरु कर दी। इसी दौरानघ् उसकी पत्नि लौट आई लेकिन अपने बच्चों के पास नहीं बल्कि अपने आशिक के घर। जब इस बात का पता उसके पति को लगा तो आज उसने अपने हाथ में जहर का इंजेक्शन लगाकर कोई कीटनाशक दवाई भी पी ली। कुछ ही देर बाद हालत बिगड़ने पर मौहल्ले के लोगों ने नदीम को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भतह्र कराया तो चिकित्सकों ने उसको गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया। जहां उसने मेरठ जाते समय रास्ते में ही दम तोड दिया। तब शव को मौहल्ले के लोग घर पर ले आए। इसकी सूचना जैसे ही बुढ़ाना पुलिस को अपने सुत्रों से पता लगी तो फौरन पुलिस ने मृतक के घर पर पहुंचकर मौहल्ले के लोगों से घटना की जानकारी लेते हुए शवघ् को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन मृतक के परिजनों ने शवघ् का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। तब पुलिस ने शवघ् का पंचनामा भर शव को परिजनों को सौंप दिया। पूरी सफीपुर पटी में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### घायल गोविंद की उपचार के दौरान मौत से शोक व्याप्त

**बुढ़ाना।** एक कार चालक ने ई-रिक्शा में तेज रफ्तार कार की टक्कर मारकर विगत दिवस कई यात्रियों को घायल कर दिया था। जिसमें उपचार के चलते एक युवक की मौत हो गयी। इस मामले में पुलिस ने कार मालिक और चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

विपुल कुमार पुत्र ओमकार निवासी मौहल्ला भटवाडा दक्षिणी ने बुढाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसका भाई गोविंद ई रिक्शा में बैठकर अपने मकान पर जा रहा था। जैसे ही उसका भाई बुढ़ाना कस्बे के बडौत रोड पर एचडीएफसी बैंक के सामने पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार के चालक अंकित पुत्र रामरिक निवासी ग्राम इटावा हाल निवासी कंकरखेडा ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सवार उसका भाई व दो यात्री घायल हो गये। पुलिस ने उसके भाई को सीएचसी बुढाना में भर्ती कराया लेकिन उसके भाई की हालत ज्यादा नाजुक होने के कारण सीएचसी बुढाना के चिकित्सकों ने उसके भाई को मुजफ्फरनगर अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। जहां आज उपचार के दौरान उसके भाई ने दम तोड दिया।

घटना को लेकर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। मृतक के भाई विपुल ने बुढ़ाना पुलिस से आरोपी कार चालक व मालिक के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी कार चालक और कार मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



मुजफ्फरनगरः जरूरतमंद दिव्यांग को ट्राई साईकिल भेंट करती पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप

# ऑनलाइन ठग ने युवक के खाते से उड़ाए 25 हजार

**मोरना।** डिजिटल लेनदेन व कैशलैस सेवा लगातार जोखिम भरी साबित हो रही है।साइबर ठग नित नए हथकंडे अपना कर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ककरौली क्षेत्र के ग्रामीण के साथ 25 हजार की ऑन लाइन ठगी का ताजा मामला प्रकाश में आया है. पीड़ित ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

थाना ककरौली क्षेत्र के नया गांव निजामपुर निवासी शाहरुख ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी माता के नाम से मोरना स्थित एक प्राइवेट बैंक से 55 हजार रूपये का लोन लेने के लिए प्रार्थना पत्र दे रखा है। पीड़ित ने बताया कि सोमवार शाम उसके पास एकफोन आया।फोन करने वाले व्यक्ति ने उसका लोन पास होने की बात कहकरफोन पे के माध्यम से रुपये भेजने को कहा। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने उसके फोनपे पर इंडियन पोस्ट पेमेंट्स बैंक का विवरण भेजा तथा धोखाधड़ी करके उससे 25 हजार रुपये अपने खाते में डलवा लिए। उसके खाते से 25 हजार रुपये कट गए। उसके बाद से वह मोबाइल नंबर बंद आ रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रुपये वापस कराने तथा ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कई चौकी प्रभारियों के फेरबदल, कई को नई तैनाती

**कानून व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए किया फेरबदल, एक को हटाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद की कानून व्यवस्था को मजबूत करने व अपराधियों पर अंकुश लगाने और अपराध पर काबू पाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कई चौकी प्रभारियों को इधर से उधर किया है। उन्होंने कई सब इंसपैक्टरों को नई तैनाती भी दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने मंगलवार को विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। ऐसे में उन्होंने कई दरोगाओं के तबादले किये और कई चौकी प्रभारियों को इधर से उधर किया। उनका उद्देश्य है कि पुलिस की कार्यप्रणाली को मजबूत बनाया जाये। एसएसपी ने दरोगा रविन्द भाटीको छपार से मन्सूरपुर और सब इंसपैक्टर मनीष कुमार को तितावी से थाना खतौली में भेजा है।

उन्होनें चरथावल की चौकी अलावलपुर पर तैनात दरोगा मंगत त्यागी को शिकायत के बाद यहां से हटाकर मंडी भेजा है और मंगत त्यागी के स्थान पर चरथावल थाने में तैनात दरोगा प्रविन्द्र को यहां की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने दरोगा लोकेश को छपार में एसएसआई बनाया है

और आयुष त्यागी को थाना शाहपुर से मंडी चौकी पर नियुक्त किया है। इसी तरह दरोगा तेजवीर सिंह को फुगाना से चरथावल भेजा है और संदीप धारीवाल को नई मंडी से जेल चौकी प्रभारी बना दिया। बता दे कि इससे पहले भी एसएसपी कई प्रभारी को नई तैनाती दे चुके है और कई को शिकायत और भ्रष्टाचार के लाईन हाजिर किया है।

# भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित, जगह न मिलने से विश्वकर्मा समाज नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी का नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है जिसमें सुधीर सैनी जिलाध्यक्ष, विनीत कात्यान, रो. हताश पाल, विशाल गर्ग, विजय प्रजापति, अंजली चौधरी, आंचल तोमर, सचिन त्यागी पावटी व श्वेता कौशिक को जिला उपाध्यक्ष, शरद शर्मा, सुनील दर्शन व संजय गर्ग को जिला महामंत्री, प्रमेश सैनी, रविक. ांत पाल,जोगेन्द्र गुज्जर, श्रीमति ममता अग्रवाल, अनुज सहरावत, सुरेन्द्र कश्यप, विनेश पुण्डीर व विनीत चौहानक ो जिला मंत्री, अमरजीत गुज्जर को जिला कोषाध्यक्ष, रक्षित नामदेव सोशल मीडिया प्रभारी, लवी विकल को सह सोशल मीडिया प्रभारी, पुरोहित ऊंटवाल को आईटी संयोजक, पूर्व सभासद पवन अरोरा को मीडिया प्रभारी व अरूण शर्मा तथा पंकज महोश्वरी को सह मीडिया प्रभारी व सर्वेश कुमार को कार्यालय प्रभारी बनाया गया है।

भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति में पूर्व सभासद पवन अरोरा को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। पार्टी द्वारा जारी कार्यसमिति में उनके नाम की औपचारिक घोषणा के बाद समर्थक खेमे में उत्साह देखा जा रहा है। पवन अरोरा शुरूआत से ही भाजपा से जुड़े रहे हैं और उन्होंने पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों एवं चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रत्याशियों की जीत के लिए लगातार कार्य किया है। विश्वकर्मा धीमान समाज को कार्यकारिणी में जगह न मिलने से नाराजगी के स्वर भी धीरे-धीरे सुनाई पड रहे हैं।

# खतौली नगर पालिका में नामित सभासदों की सूची पर बवाल, वैश्य समाज ने जताई कड़ी नाराजगी

**भाई-भतीजावाद व चाटूकारों की भाजपा में बढ़ती कद्र**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर पालिका परिषद खतौली के लिए नामित सभासदों की सूची जारी होने के बाद स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सूची में वैश्य समाज को प्रतिनिधित्व न मिलने पर अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे समाज की अनदेखी बताया है।

नगर विकास विभाग द्वारा 14 मार्च 2026 को लखनऊ से जारी अधिसूचना के तहत उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा-9 के अंतर्गत पांच सभासदों को नामित किया गया है। हालांकि, इस सूची में वैश्य समाज के किसी भी प्रतिनिधि को स्थान न मिलने से असंतोष उभरकर सामने आया है। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन खतौली के नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल एडवोकेट ने कहा कि भाजपा नेतृत्व द्वारा तैयार की गई सूची में वैश्य समाज को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। उनका कहना है कि पार्टी के प्रति वर्षों से समर्पित रहने के बावजूद समाज को उचित राजनीतिक भागीदारी नहीं मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वैश्य समाज भाजपा का मजबूत समर्थक रहा है, लेकिन उसे केवल चुनावों में वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। संगठन और नेतृत्व में भागीदारी न देना समाज के साथ अन्याय है। अभिषेक गोयल ने यह भी कहा कि मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर भी वैश्य समाज को अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है, जबकि व्यापार और आर्थिक क्षेत्र में इस समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने भाजपा नेतृत्व और सरकार से मांग की कि वैश्य समाज के योगदान को ध्यान में रखते हुए उसे राजनीतिक और संगठनात्मक स्तर पर उचित स्थान दिया जाए, ताकि नीति निर्माण में उसकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# ईदगाह और मस्जिदों के लिए नमाज का समय तय

**ईद के दिन को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति**

**मुजफ्फरनगर।** शहर क़ाज़ी तनवीर आलम व सदर व ईदगाह कमैटी ने ईदुल फितर पर ईदगाह और शहर की मस्जिदों में अदा होने वाली नमाज़ का समय तय करते हुए बताया कि ईदगाह सुबह-8:00 बजे

मस्जिद फ़ख़रशाह - 8:15 बजे

मस्जिद हौज़ वाली, खालापार - 8:15 बजे

मस्जिद लियाकतपुरा, चौड़ी गली, लद्दावाला - 8:15 बजे

मस्जिद हौज़ वाली, बकरा मार्किट - 8:15 बजे

मस्जिद नूरा वाली, बघरा तांगा स्टैंड - 8:15 बजे

मस्जिद तकिया कौरेशाह, हनुमान चौक - 8:30 बजे

मस्जिद नुमाइश कैम्प, विकास भवन के सामने - 8:30 बजे,मस्जिद दाऊदिया, मल्हूपुरा - 8:30 बजे, मस्जिद कानूनगो बाग वाली, मक्की नगर - 8:30 बजे

मस्जिद मुहम्मदी, पुजाए वाली, रहमत नगर - 8:45 बजे

मस्जिद मुजीबा, गहरा बाग के सामने, खालापार - 9:15 बजे अदा की जाएगी।

### रामराज पुलिस का नो हेलमेट, नो हाईवे अभियान

**रामराज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे नो हेलमेट, नो हाईवेह्न अभियान के तहत रामराज पुलिस ने हाईवे पर दोपहिया वाहनों की सख्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, ट्रिपल राइडिंग करने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के चालान काटे गए। पुलिस टीम ने हाईवे पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की गहन जांच की और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। थाना प्रभारी सिंह यादव ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना है। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह स्वयं के जीवन के साथ भी खिलवाड़ है। अभियान के दौरान पुलिस ने कई वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने की हिदायत दीं।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

### बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से किसानों पर मार सरसों और गेहूं की फसलों को हुआ नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अचानक मौसम के बदले मिजाज़ ने अन्नदाताओं को चिंता बढ़ा दी है।क्षेत्र के किसानों का कहना है कि बीतते शनिवार रात को आई आंधी और बारिश से खेतों में जलभराव हो गया है, जिससे दलहन की फसलों को भी खतरा है। किसान अब सरकार की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं ताकि उन्हें इस भारी आर्थिक नुकसान से उबरने में मदद मिल सके।

दो दिन पूर्व अचानक मौसम ने करवट ली तेज हवाओं के साथ हुई मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि ने जहाँ आम जनजीवन को प्रभावित किया, वहीं अचानक आए इस प्राकृतिक बदलाव से तैयार खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुँचा है। मौसम विभाग और स्थानीय कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस ओलावृष्टि का सबसे बुरा असर सरसों, गेहूं और आम की बागवानी पर पड़ा है।

सरसों सरसों की फसल कटाई के करीब थी, लेकिन ओले गिरने से फलियाँ टूटकर जमीन पर गिर गईं, जिससे पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। इसके अलावा तेज हवाओं और ओलों के कारण कई क्षेत्रों में गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है। दानों में नमी आने से उनकी गुणवत्ता और वजन दोनों प्रभावित होने का खतरा है,वही आम की बागवानी करने वाले काश्तकारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं पेड़ों पर आए बौर (फूल) और छोटे फल ओलों की चोट नहीं सह सके और झड़ गए। बागवानों का कहना है कि इस साल आम की बंपर पैदावार की उम्मीद थी

# घर का भेदी लंका ढाए,

**मुजफ्फरनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन मेरठ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन व एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर अपराधियों पर चलाये गये अभियान में नई मंडी कोतवाली पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा कर चोरी किया गया सामान बरामद किया है।

मंगलवार को पुलिस लाईन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए 13 मार्च को पूजा पत्नी प्रदीप निवासी ग्राम बडसू थाना रतनपुरी ने बताया था कि वह हाल में नई मंडी क्षेत्र के शांतिनगर में रहती है और बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने मकान का ताला तोडकर 50 हजार रूपये की नकदी व सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की और सूचना के आधार पर मंगलवार को पुलिस ने पचैण्डा बाईपास पुल के निकट से बरामद किये। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से चोरी किये गये जेवर बरामद होना बताया है। एसपी ने यह भी जानकारी दी है कि पूछताछ के बाद आरोपी ने अपना नाम रवि पुत्र मदन निवासी ग्राम बधाई कला थाना चरथावल, बताया है। एसपी सिटी नेजानकारी दी कि घटना के दिन घर पर ताला लगा था और बदमाशों ने ताला तोडकर कमरे का सामान खुर्द बुर्द करते हुए पूजा के कमरे से नकदी, जेवर चोरी किया था। पुलिस ने बदमाशों तक पहुंचने के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो का सहारा लिया और सूत्रों से भी जानकारी ली।

# सर्राफ से लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

**कोतवाली देहात।** ग्राम सराय के पास लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ कर चालान कर दिया। ग्राम मंगोलपुरा निवासी अमीनुद्दीन की कोतवाली देहात में लकी ज्वेलर्स के नाम से सर्राफा की दुकान है। 12 मार्च को जब वह घर लौट रहे थे तब अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उनका बैग लूट लिया था। पुलिस ने घटना में शामिल आसिफ पुत्र फखरुद्दीन निवासी ग्राम कंभोर थाना कोतवाली शहर, जावेद अली पुत्र अंसार अली निवासी ग्राम पाडला थाना चांदपुर, महफूज अली पुत्र मौहम्मद यामीन निवासी ग्राम फुलसंदा थाना नहटौर तथा प्रद्युम्न उर्फ गोलू पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम झलरी थाना कोतवाली शहर को चंदुपुरा नहर पटरी से गौशाला के पास ग्राम लल्लावाला मार्ग से गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो अवैध बाइक, तीन तमंचे, तीन जिंदा कारतूस तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने लकी ज्वैलर्स के स्वामी अमीनुद्दीन की कई दिन तक रेकी की लेकिन जब उन्होंने लूट की घटना को अंजाम दिया तब बैग में केवल चाबी और कागजात ही मिले जिसे उन्होंने झाड़ियों में फेंक दिया।

# ग्रामीणों की सूझबूझ से बची राष्ट्रीय पक्षी की जान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना क्षेत्र के गांव जीवना में इंसानियत और संवेदनशीलता की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई, जहां ग्रामीणों ने घायल पड़े राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुआ मोर खेत में असहाय अवस्था में पड़ा मिला, जिसे ग्रामीणों ने समय रहते उपचार दिलाकर सुरक्षित वन विभाग के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी सुनील शर्मा के गेहूं के खेत में सोमवार को एक मोर घायल अवस्था में दिखाई दिया। अनुमान है कि वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया था और किसी तरह खेत तक पहुंच गया। खेत में काम कर रहे लोगों ने जब उसे देखा तो तुरंत अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही शेखर सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक मोर को उठाया। बिना देर किए उन्होंने वन विभाग को इसकी जानकारी दी और अधिकारियों के निर्देश पर घायल मोर को पास के निजी पशु चिकित्सक के यहां इलाज के लिए पहुंचाया। पशु चिकित्सक ने बताया कि मोर को कई जगह चोटें आई थीं, लेकिन समय पर उपचार मिलने से उसकी हालत में तेजी से सुधार होने लगा। प्राथमिक उपचार के बाद ग्रामीणों ने मोर को वन विभाग की टीम को सौंप दिया। वन विभाग ने मोर को अपने संरक्षण में लेकर उसकी निगरानी और आगे के उपचार की व्यवस्था की। विभागीय जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों की देखरेख के बाद मोर की स्थिति में लगातार सुधार हुआ और वह अब खतरे से बाहर है। ग्रामीणों की इस



सराहनीय पहल की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर मदद नहीं मिलती तो मोर की जान बच पाना मुश्किल हो सकता था। यह घटना यह संदेश देती है कि थोड़ी सी संवेदनशीलता और तत्परता से किसी भी जीव की रक्षा की जा सकती है।

# गैस एजेंसियों पर सख्ती: एसडीएम की दो टूक, घर-घर होगी डिलीवरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** क्षेत्र में रसोई गैस वितरण व्यवस्था में आ रही लगातार शिकायतों को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। मंगलवार को तहसील सभागार में एसडीएम निकिता शर्मा की अध्यक्षता में गैस एजेंसी संचालकों की बैठक हुई, जिसमें व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए।

बैठक में भाजपा के खतौली मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, तहसीलदार अरविंद कुमार और पूर्ति निरीक्षक अमित यादव सहित एजेंसी संचालक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। एसडीएम ने साफ शब्दों में कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई तय है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एजेंसियां उपभोक्ताओं के फोन अनिवार्य रूप से उठाएं और शिकायतों का त्वरित समाधान करें। गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के आदेश देते हुए कहा गया कि गोदाम या एजेंसी से सीधे वितरण पर रोक रहेगी। बिना बुकिंग के सिलेंडर देने पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

एसडीएम ने चेतावनी दी कि गैस की कालाबाजारी या निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों से किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया



जाएगा। बैठक में भाजपा नगर महामंत्री प्रदीप शर्मा, भरतेश शर्मा, सभासद कमल वर्मा, एजेंसी संचालक बिजेंद्र बागड़ी, अवनीश राणा, सुनील कुमार और अनिल उर्फ रिंकू अरोड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एमडीएस विद्या मन्दिर के दो विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन

**मन्सूरपुर।** मिल मन्सूरपुर स्थित एम.डी.एस. विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के तीन विद्यार्थियों के अभिनव वैज्ञानिक मॉडलों का चयन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना के लिए किया गया है। यह योजना विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जाती है।

इस उपलब्धि के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को उनके प्रोजेक्ट कार्य हेतु ₹10,000-₹10,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है, जिससे वे अपने वैज्ञानिक विचारों को आगे विकसित कर सकें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 10 के छात्र अभि एवं गोपाल द्वारा तैयार किए गए अभिनव मॉडल इस प्रतिष्ठित योजना के लिए चयनित हुए हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को दिया।

चयनित प्रोजेक्ट्स समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। छात्र अभि द्वारा विकसित मॉडल "जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा हेतु मशीन" किसानों को होने वाले नुकसान को कम करने में सहायक है। छात्र गोपाल का "स्मार्ट फूड क्वालिटी एनालाइज़र" खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच कर सुरक्षित भोजन सुनिश्चित करने में मदद करता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संदीप कुमार एवं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण अनिल शास्त्री, विक्रान्त कुमार, फरियाद राणा, अनुज चपराना, वैशाली राठी, मनोज कुमार, साइना निशा, हिमांशी राठी, मुस्कान सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिवार का मानना है कि





इस प्रकार की उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनती हैं तथा उन्हें विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। अंत में प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करता रहेगा।

# नगर पंचायत शाहपुर में पांच जोड़ों को विवाह बंधन में बंधवाया

**शाहपुर।** कस्बे के उषा रायल पैलेस में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एक भव्य आयोजन हुआ, जिसमें विकासखंड कार्यालय की ओर से 61 जोड़ों और नगर पंचायत की ओर से 5 जोड़ों का संयुक्त रूप से विवाह संपन्न कराया गया। इस आयोजन में क्षेत्रीय विधायक राजपाल बालियान मुख्य अतिथि थे, जबकि भाजपा पूर्व विधायक उमेश मलिक शाहपुर ब्लॉक प्रमुख एवं अरविंद त्यागी, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी और सभासद एवं समाजसेवी सोनू सैनी, नगर पंचायत के सावन कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ठक्० प्रमोद कुमार एवं ग्राम पलड़ी प्रधान मोनू सैनी ने किया, जबकि ग्राम विकास अधिकारी शिवकुमार सैनी ने भी सहयोग प्रदान किया। नवविवाहित जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित सभी आवश्यक सामग्री प्रदान की गई, जिससे वे एक सुनियोजित और पारंपरिक माहौल में वैदिक मंत्रों और निकाह के साथ विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर शहनाइयों की मधुर धुन पूरे पंडाल में गूंजती रही, जिसने माहौल को और भी उत्साहपूर्ण बनाया। इस समारोह में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रबंधक सत्येंद्र बालियान, रालोद नगर अध्यक्ष मनोज सैनी, युवा रालोद नेता अभिषेक चौधरी, सभासद वकीला बेगम, मो. हसिन रंगरेज, आसिफ सलमानी, प्रधान शिवम सैनी, राज सिंह, मुसरत अली सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस सामूहिक विवाह आयोजन ने सामाजिक सद्भाव और परिवारों के बीच एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस तरह के सामूहिक विवाह कार्यक्रम न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए विवाह की जिम्मेदारी को सरल



बनाते हैं, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी जीवित रखने का काम करते हैं। शाहपुर में यह आयोजन समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, जो सामाजिक समरसता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# श्री कुन्द कुन्द जैन पीजी कॉलेज में छात्रों ने दिखाया हुनर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली स्थित श्री कुन्द कुन्द जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2025-26 की वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता पूरे उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई। महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित इस खेल महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने मशाल प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत बनाते हैं।

प्रतियोगिता में लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक और तश्तरी फेंक जैसी विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। लंबी कूद में छात्रा वर्ग में ज्योति ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि शालिनी तंवर और प्राची ने क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में निखिल कुमार ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि तुषार कुमार दूसरे और ईशु तीसरे स्थान पर रहे। ऊँची कूद में छात्रा वर्ग में शालिनी तंवर ने बाजी मारी, वहीं ज्योति चौधरी दूसरे और प्राची तीसरे स्थान पर रहीं। छात्र वर्ग में तुषार कुमार प्रथम, निखिल कुमार द्वितीय और ईशु तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में लवी मोतला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ज्योति चौधरी और शिवी क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। छात्र वर्ग में अंतरिक्ष ने पहला स्थान प्राप्त किया, राहुल सैनी दूसरे और रोबिन राणा तीसरे स्थान पर रहे। तश्तरी फेंक में भी खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। छात्रा वर्ग में लवी मोतला ने प्रथम, शिवी ने द्वितीय और लक्ष्मी ने तृतीय



स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में निखिल कुमार प्रथम, राहुल सैनी द्वितीय और अभिषेक चपराना तृतीय स्थान पर रहे। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए एनआईएस स्पोर्ट्स कोच बिश्वजीत सिंह के योगदान की सराहना की और सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार जताया। आयोजन के दौरान पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

# बवाना में शिक्षक संकुल गोष्ठी हुई आयोजित

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव की अध्यक्षता में बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की सभी न्याय पंचायतों में संकुल शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निर्धारित एजेंडे के अनुसार तथा विभागीय आदेश के अनुसार सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। गांव हुसैनपुर कलां में स्थित एनपीआरसी में और कंपोजिट विद्यालय बवाना में राजेंद्र सिंह नोडल शिक्षण संकुल, राकेश कुमार, अमीर अहमद, मोहम्मद सलीम और प्रवेश कुमार आदि ने प्रतिभाग किया। इस संगोष्ठी में स्कूल चलो अभियान, स्मार्ट क्लास का प्रयोग, परीक्षा फल, आउट ऑफ स्कूल छात्र और दीक्षा एप आदि सभी बिंदुओं पर विस्तृत से चर्चा की गई। श्रीमती विनीता इंचार्ज अध्यापक एवं कंपोजिट विद्यालय बवाना के समस्त स्टाफ के द्वारा संगोष्ठी में सहयोग किया गया।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD IQBAL ANSARI से बदलकर MOHAMMAD IQBAL रख लिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD IQBAL S/O MOHAMMAD HANEEF के नाम से जाना व पहचाना जाए।
पता:- H.N. 455, VPO-KHUDDA, 251307 DIST. MUZAFFARNAGAR. U.P.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SAJEEDA PARVEEN से बदलकर SAJIDA रख लिया है। भविष्य में मुझे SAJIDA W/O MOHAMMAD IQBAL के नाम से जाना व पहचाना जाए।
पता:- VPO-KHUDDA, 251307 DIST. MUZAFFARNAGAR. U.P.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD YOUSUPH S/O MOHAMMAD ALLADIYA से बदलकर YUSUF S/O ALLADIYA रख लिया है। भविष्य में मुझे YUSUF S/O ALLADIYA के नाम से जाना व पहचाना जाए।
पता:- 967 सरवट 251001 DIS. MUZAFFARNAGAR. U.P.

**संबंध विच्छेद**

मैं रमेश चन्द पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम खरड़ अपने पुत्र सन्नी व पुत्रवधू शिवानी व पौत्र विनायक को गलत संगत में पडने के कारण उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। व अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में किसी भी कृत्य के दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**रमेशचन्द पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम खरड़ तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम INTSAR AHMED से बदलकर INTSAR AHMAD रख लिया है। भविष्य में मुझे INTSAR AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए।
इन्तसार अहमद पुत्र मोहम्मद ताहिर निवासी बझेडी, बझेरी, मुजफ्फरनगर-251311


# पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करुंगा : संजीव आर्य

**पुरकाजी।** पुरकाजी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश के अनुसार भुराहेडी निवासी संजीव आर्य को पुरकाजी विधानसभा का समाजवादी पार्टी अध्यक्ष नियुक्त किया संजीव आर्य काहा की पार्टी ने जो विधानसभा अध्यक्ष बनाकर जो विश्वास मुझ पर दिखाया है में उसे निभाऊंगा समाजवादी पार्टी कि नीतीयो विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करुंगा पुरकाजी व देहात में समाचार मिलते ही खुशी की लहर दौड़ गई व जगह जगह फुल मालाओं से स्वागत किया गया



## बाजार में सामान लेने गई युवती से छेड़छाड़

**बुढ़ाना।** गांव के ही कुछ युवकों पर अपने घर से बाजार में कुछ घरेलू सामान खरीदने आई एक युवती के साथ छेड़खानी और मारपीट किए जाने का आरोप लगा है। बुढ़ाना पुलिस ने घायल युवती, उसके भाई और चाचा को हस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। अंकित कुमार पुत्र ब्रजमोहन निवासी ग्राम जौला ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती सोमवार के देर रात उसकी बहन दुकान से समान लेने गई थी।


**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम TASLEEM BABY से बदलकर TASLEEM रख लिया है। भविष्य में मुझे TASLEEM के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाए।
**तसलीम पत्नी ज़िल्लुर रहमान**
निवासी: म0न0 1002/46 साउथ खालापार ज़िला मुजफ्फरनगर।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम ZILLU REHMAN से बदलकर ZILLUR REHMAN रख लिया है। भविष्य में मुझे ZILLUR REHMAN के नाम से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाए।
**जिल्लुर रहमान पुत्र हफीजुर रहमान,** निवासी: म0न0 1002/46 साउथ खालापार ज़िला मुजफ्फरनगर।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra**
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

**मुजफ्फरनगर शाखा, 46/5, नॉर्थ सिविल लाइंस, कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर-251001**
प्रधान कार्यालयः लोकमंगल,1501,शिवाजीनगर, पुणे-5

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8(1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निनवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अनय खर्चो सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा गया था।
ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **सांकेतिक कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है। ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नही करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, मुजफ्फरनगर शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगां।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | मांग नोटिस की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| **शाखाः मुजफ्फरनगर** | | | |
| ऋणकर्ताः मैसर्स एस एच ट्रेडर्स एंड सप्लायर्स (पार्टनरशिप फर्म), पताः बिस्मिल्लाह मार्केट खसरा नंबर 2912, थानाभवन रोड कस्बा चरथवाल जिला मुजफ्फरनगर, यूपी-251311 पार्टनर और गारंटर 1) श्री सलीम अहमद, पताः 184, गांव कुलहेड़ी चरथवाल जिला मुजफ्फरनगर, यूपी -251311 2) श्रीमती हीना पत्नी सलीम अहमद, पताः 184, गांव कुलहेड़ी चरथवाल जिला मुजफ्फरनगर 251311, और गारंटर 1) श्री नत्थू अहमद हमीद पताः 184, ग्राम कुल्हेड़ी चरथवाल जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश- 251311 2) श्रीमती बानो नत्थू, पताः 184, ग्राम कुल्हेड़ी चरथवाल जिला मुजफ्फरनगर 251311 | वाणिज्यिक परिसर के सभी भाग और पार्सल, स्थित बिस्मिल्लाह कॉम्प्लेक्स, खसरा नंबर 2912, थाना भवन रोड, कस्बा चरथवाल, मुजफ्फरनगर, क्षेत्रफल 438.98 वर्ग मीटर, सीमायेंः- उत्तरः इलियास पुत्र श्री रहमतुल्ला की संपत्ति, पूर्वः श्रीमती मेराज आदि का बाजार, पश्चिमः 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः मुजफ्फरनगर-थानाभवन रोड। इसके साथ ही इसमें संलग्न सभी भवन संरचना और निर्माण तथा इसके साथ संलग्न सभी फर्नीचर और फिक्स्चर्स। मालिक का नामः श्री नत्थू हमीद और श्रीमती बानो नत्थू | 29.12.2025 कब्जे नोटिस की तिथि 16.03.2026 | रू 3,43,03,293.59 + ब्याज एवं अन्य खर्च 29.12.2025 से |

दिनांक-17.03.2026 स्थान- मुजफ्फरनगर प्राधिकृत अधिकारी

**बेदखली सूचना**

मेरी पुत्री सिमरन मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा उसका चाल चलन ठीक नहीं है। उसने अपनी मर्जी से शादी कर ली है। सिमरन को मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में सिमरन द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।
**अजय कुमार पुत्र श्री प्रमोद**
निवासी: ग्राम नावला थाना मंसूरपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं PARVEZ ZAIDI S/o HAMID HUSAIN निवासी मकान नं. 203, वहलना, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश-251003, यह घोषित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिपूर्वक PRAVEZ ZAIDI दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम **PARVEZ ZAIDI** है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम **PARVEZ ZAIDI** से ही जाना व पहचाना जाए।

**NAME CHANGE**

I, ZAIBA KHAN, W/0 ABDUL WAHID, R/0 Madina Colony Sarwat Muzaffarnagar U.P. have Changed My Name to ZEBA HASAN For All Purposes. for all Future Purposes.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम SHASHEEDA से बदलकर SHAMSHEEDA रख लिया है। भविष्य में मुझे SHAMSHEEDA के नाम से जाना व पहचाना जाए।
**SHAMSHEEDA W/O HANEEF, NAGLA BUZURG PO: NAGLA BUJURG, SUB DISTRICT: JANSATH, DISTRICT: MUZAFFARNAGAR STATE: UTTAR PRADESH.251308**


# खुशहालिया चिल्लागाह पर रोजा इफ्तार में सर्वसमाज ने लिया भाग

**मोरना।** हजरत ख्वाजा खुशहाल मियां की चिल्लागाह पर रोजा इफ्तार के कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सर्व समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। वहीं रात में कुरान पाक पूरा होने के बाद तबर्रुक का वितरण किया गया व दुआ कराई गयी।

मोरना क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ स्थित हजरत ख्वाजा खुशहाल मियां की चिल्लागाह शरीफ पर सोमवार की शाम 26 वे रोजे का इफ्तार किया गया जिसमे क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेकर रोजा इफ्तार किया व सामूहिक रूप से मगरिब की नमाज़ अदा की गयी। रात ईशा की नमाज़ के बाद तराहवीह के दौरान कुरान ने पाक की आख़री सूरतो की तिलावत के साथ कुरान मुकम्मल किया गया। इस दौरान अमन शान्ति के लिये दुआ कराई गयी।

चिल्लागाह के सज्जादा नशी सूफ़ी ज़व्वाद अहमद खुशहाली ने कहा की रोज़ा बहुत बड़ी इबादत है। रोज़ा अल्लाह से निकटता बढ़ाता है। रोज़ा चित्त की चंचलता को दूर कर रूहानी एकाग्रता को क़ायम करता है। रमजान इबादत और गुनाहों से तौबा करने व अच्छे काम करने की नीयत नियत करने का महीना है। रोजा व इबादत के अलावा हमें कमजोर लोगो की मदद करना चाहिए।अ तरावीह के दौरान कुरान सुनाने वाले हाफ़िज़ मोहम्मद अब्दुल कादिर अगवान पुरी को



सम्मानित किया गया। और तबर्रुक का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सूफ़ी रईस, सूफ़ी सलीम, कमालूद्दीन, भूरा भाई सरिया वाले, हाफ़िज़ मौ साजिद, मौ अफजल, सूफ़ी सिराज, मौ. शमशाद, मुन्ना ककराला, हबीब मलिक, भगवंत सिंह , पप्पी सरदार, प्रधान संजय चौहान आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने दिया नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद

**शाहपुर।** जनपद मुजफ्फरनगर के बघरा स्थित केसी फार्म में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 43 जोड़ों का विवाह सामाजिक समरसता और जनसेवा के वातावरण में सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बघरा ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने उपस्थित होकर सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया तथा उनके सुखद और समृद्ध दाम्पत्य जीवन की कामना की।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मान और गरिमा के साथ सम्पन्न हो रहा है,उन्होंने कहा कि बघरा ब्लॉक में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी





प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंचे। गौरव चौधरी ने सभी नवदंपतियों को जीवन में प्रेम, विश्वास और पारिवारिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मुम्बई पासपोर्ट ऑफिस से जारी पासपोर्ट संख्या N7363328 में मेरा नाम **Mohammed Raza Mehdi** व पिता का नाम Mohd Amir Haider Mehdi व माता का नाम Begum Tathir Fatima Mehdi अंकित है, जबकि मेरे मार्कशीट और अन्य कागजातों में मेरा सही नाम Mohd Raza Mehdi व पिता का सही नाम Mohd Amir Haidar एवं मेरी माता का सही नाम Begum Tathir Fatima है, भविष्य में समस्त कार्यो के लिए मुझे मेरे सही नाम Mohd Raza Mehdi से ही जाना, पहचाना व पुकारा जाये।
**MOHD RAZA MEHDI**
09, MOHALLA BERIYAN JANSATH, MUZAFFARNAGAR UP251314

# गैस एजेंसी पर मनमानी का आरोप

## सिलेंडर देने से इंकार का आरोप लगाकर किया हंगामा



**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव बागोवाली स्थित एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने उसे वक्त हंगामा कर दिया जब यहां सुबह पांच बजे से लाइन में खड़े लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। लाइन में खड़े लोगों ने मनमानी और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी संचालक ने सुबह 9रू30 बजे से पहले सिलेंडर वितरण से इनकार कर दिया, जबकि वे सुबह 5 बजे से लाइन में खड़े थे।एजेंसी की ओर से बताया गया कि उनके पास पर्याप्त संख्या में सिलेंडर उपलब्ध नहीं थे। इसी बात को लेकर उपभोक्ताओं और एजेंसी संचालक के बीच तीखी बहस हुई।उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें बेवजह इंतजार करवाया गया और धमकी भरे लहजे में बात की गई।उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें बेवजह इंतजार करवाया गया और धमकी भरे लहजे में बात की गई। मोहल्ला रामपुरी निवासी उपभोक्ता गौरव कांत ने इस संबंध में चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि वीडियो में एजेंसी संच. ालक ग्राहकों को डराने-धमकाने की कोशिश करते हुए स्पष्ट रूप से दिख रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, यह कोई पहली घटना नहीं है। पहले भी कई बार इस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को परेशान करने और मनमानी करने के आरोप लग चुके हैं। ईद और अन्य त्योहारों के समय सिलेंडर की मांग बढ़ने पर ऐसी समस्याएं अक्सर सामने आती हैं। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से एजेंसी पर सख्त निगरानी रखने और नियमों के अनुसार समय पर सिलेंडर वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है।

## केवाईसी की आड़ में वितरक एजेंसियों की खूब कट रही चांदी

**मुजफ्फरनगर।** कुकिंग गैस बुकिंग में बाधा बनी केवाईसी प्रक्रिया उपभोक्ताओं की जेब पर भी भारी पड़ रही है सिलेंडर पाने की होड़ में केवाईसी कराने के लिए लाइन में लगने वाले उपभोक्ताओं से शुल्क वसूलने के साथ ही उन्हें पाईप और रेगुलेटर लेने को मजबूर किया जा रहा ऐसे में हलकान लोग अपनी जेब ढीली कर केवाईसी प्रक्रिया पूरी करके भी सिलेंडर पाने की जंग लड़ रहे प्रशासन का वितरक एजेंसियों पर कोई शि. कंजा नहीं है।सुबह से ही केवाईसी कराने के लिए महिलाओं सहित बुजुर्ग लाईन में लगने को मजबूर है इसके बावजूद जब उनका नंबर आया तो सिर्फ एक ही जवाब सर्वर डाउन है कल आना इसके अलावा केवाईसी के नाम पर जबरन रेगुलेटर व पाइप थमाकर शुल्क वसूलने की शिकायतें भी दिन भर लाइन में लगे उपभोक्ताओं को मायूस कर रहे हैं। कई

उपभोक्ताओं ने बताया कि लंबी कतारों में घंटों खड़े रहने के बाद भी उनकी केवाईसी पूरी नहीं हो सकी। कई लोगों का कहना था कि सुबह से लाइन में लगे होने के बावजूद दोपहर तक उनका काम नहीं हुआ। कर्मचारियों की धीमी कार्यप्रणाली और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उचित इंतजाम न होने के कारण अधिकतर लोग निराश होकर लौट रहे हैं।

# क्या भाजपा दूर कर पाएगी वैश्य समाज की नाराज़गी :संगल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गैर मुमकिन है की ये दुनिया अपनी मस्ती छोड़ दे, इसलिए ए नादान दिल तू ये बस्ती छोड़ दे ये पंक्तियां मंगलवार को बुढ़ाना कस्बे के महावीर तिराहा निवासी राकेश संगल ने कही। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि लो. कतंत्र में हर समाज की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। लेकिन कभी कभी कुछ बड़े वर्गों को लगता है कि उनकी संख्या और समर्थन के बावजूद उन्हें वह सम्मान या प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं। हाल ही में बुढ़ाना नगर पंचायत से भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। बुढ़ाना नगर में वैश्य समाज की आबादी और उनके वोटों की संख्या काफी अच्छी है। आंकड़ों के अनुसार यहां वैश्य समाज के लगभग 5000 वोट हैं। इतनी बड़ी संख्या में वोट होने का मतलब है कि यह समाज चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने की ताकत रखता है। इसके बावजूद हाल ही में नगर पंचायत में नामित सभासदों की जो सूची सामने आई है उसमें वैश्य समाज के किसी भी व्यक्ति का नाम शामिल नहीं है। इसी बात को लेकर समाज के लोगों में भाजपा नेतृत्व के प्रति भारी नाराजगी है। वैश्य समाज का मानना है कि उन्होंने हमेशा सक्रिय रूप से राजनीति में हिस्सा लिया है फिर भी उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी आबादी होने के बाद भी एक भी प्रतिनिधि न चुनना समाज की भारी उपेक्षा है। जब सत्ता में हिस्सेदारी की बात आती है तो उनके योगदान को भुला दिया जाता है। राजनीति में कोई भी फैसला भविष्य के चुनावों की नींव रखता है। संदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि समाज के इस बड़े वर्ग को इसी तरह अनदेखा किया गया तो इसका खामियाजा आने वाले चुनावों में भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। मतदाता अक्सर अपनी उपेक्षा का जवाब वोट की चोट से देते हैं। किसी भी राजनीतिक दल के लिए जरूरी है कि वह सभी वर्गों को साथ लेकर चले। बुढ़ाना के वैश्य समाज की यह मांग केवल पद की नहीं बल्कि अपने हक और सम्मान की है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा नेतृत्व इस नाराजगी को दूर करने के लिए क्या कदम उठाता है।

# कुणाल पंवार, जोगेंद्र जाटव व विनीत शर्मा बने नामित सभासद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बुढ़ाना में ब्राह्मण, दलित और जाट कार्ड खेला है। तीनों जातियों को खुश करने के लिए बुढ़ाना कस्बे के तीन व्यक्तियों को नामित सभासद बनाया गया है जबकि वैश्य समाज को इसमें दर. किनार किया गया है। जिसके चलते वैश्य समाज में इस बात को लेकर भारी रोष बताया जा रहा है।

वहीं इन तीनों नामित सभासदों को अब नगर पंचायत बुढ़ाना के सभागार में अब समय समय पर होने वाली बोर्ड की सभी बैठकों के अलावा सरकारी कार्यक्रमों में भी बुलाया जाता रहेगा। इस हिसाब से अब बुढ़ाना नगर पंचायत में



सभासदों की संख्या 20 हो गयी है। इनमें जाट समाज से रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी के बेटे कुणाल पंवार जो कि वार्ड नंबर 07 के निवासी हैं उनको नामित सभासद बनाया गया है। वार्ड नंबर 03 के निवासी दलित समाज के जोगेंद्र जाटव और ब्रहमण समाज से विनीत शर्मा को नामित सभासद बनाया है।

इन तीनो समाज के हजारों लोगों में खुशी का माहौल है लेकिन वैश्य समाज की इसमें अनदेखी की गयी है। जिसको लेकर वैश्य समाज में भारी रोष बताया जा रहा है। दूसरी और इन तीनो सभासदों का बुढ़ाना कस्बे मे अलग अलग जगहों पर कई स्वागत हुए और मिठाइयां बंटी। तीनों सभासदों के परिजनों में भी खुशी का माहौल है और वे भाजपा और रालोद गठबंधन का आभार जता रहे हैं और भविष्य में इस गठबंधन को और मजबूत करने की बात कह रहे हैं।

# ग्रामीण सहकारी समिति छपार को मिला प्रथम स्थान

**छपार।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति छपार का व्यवसाय करने में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे लेकर भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने संगठन का प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

छपार में स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति में प्रबंध निदेशक प्रीति भारद्वाज के कार्यकाल में समिति का उत्तर प्रदेश में व्यवसाय व उत्कृष्ट कार्य में दो बार प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है ओर उनके प्रयास से 31 मार्च तक की अनुदान राशि किसानों के खाते में विभाग से वापस आ चुकी हैं। समिति से किसानों को अच्छी सुविधाएं देने को लेकर भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता मंडल महासचिव विपिन त्यागी के नेतृत्व में समिति में पहुंचे ओर प्रबंध निदेशक को संगठन की ओर से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मंडल महासचिव ने कहा कि समिति को ऐसे ही अधिकारियों की जरुरत है जो किसानों के साथ अच्छा व्यवहार कर उनकी दिक्कतों को जमीनी स्तर पर समझकर उनका समय से निस्तारण करे और किसानों को उच्चाधिकारियों के चक्कर न काटने पड़े। अंकित जावला तहसील अध्यक्ष,हर्षदीप त्यागी,कमल त्यागी, विभोर त्यागी,सचिन गुर्जर, सुधीर शर्मा, संजीव मुकेश, संजय त्यागी, अरशद त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतरमहाविद्यालय जु-जित्सु वर्ग की प्रतियोगिताओं में श्रीराम कॉलेज का रहा दबदबा

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों के अंतरमहाविद्यालय की जु-जित्सु (पुरूष एवं महिला) वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें माँ शाकुम्भरी सहारनपुर से संबद्ध विभिन्न जिलो के महाविद्यालयों से आये हुये खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। इस जु-जित्सु (पुरूष एवं महिला) टूर्नामेंट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार तथा विशिष्ट अतिथियों में डा0 सौरभ मित्तल, उप-प्राचार्य श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जु-जित्सु (पुरूष एवं महिला) के टूर्नामेंट का शुभारम्भ माँ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय के प्रतिनिधि डा0 गौरव बालियान, राजकीय महाविद्यालय, देवबन्द सहारनपुर, मुख्य अतिथि डा0 अशोक कुमार, निदेशक श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर तथा विशिष्ट अतिथियों में डा सौरभ मित्तल, उप-प्राचार्य श्रीराम कॉलेज, तथा प्रमोद कुमार शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक अध्यापकों द्वारा विधिवत रूप से किया गया।

इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा जु-जित्सु द्धपुरूष एवं महिलाऋ अन्तरमहाविद्यालय टूर्नामेंट के आयोजन की जिम्मेदारी श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर को सौंपी गयी थी,। जु-जित्सु (पुरूष एवं महिला) वर्ग प्रतियोगिता -45 किग्रा, -48 किग्रा, -52 किग्रा, -57 किग्रा, -63 किग्रा, -70 किग्रा,.75 किग्रा भारों में खेली गई। इस प्रतियोगिता में माँ शाकुम्भरी विश्व. विद्यालय सहारनपुर से संबद्ध महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जु-जित्सु महिला एवं पुरूष वर्ग दोनों प्रतियोगिताओं में श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर का दबदबा रहा।इस प्रतियोगिता में प्रवन सिरोही फिडरेशन रैफ्री की भूमिका में रहे।इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार और उप-प्राचार्य डा सौरभ मित्तल ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने जु-जित्सु (पुरूष एवं महिला) खिलाडियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार तथा प्रवक्ता भूपेन्द्र कुमार, डॉ0 अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, अमरदीप, प्रशान्त कुमार, तरूण कुमार तथा विश्वदीप कौशिक आदि का योगदान रहा।

# एसएसपी ने की अपराध गोष्ठी, पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित



**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के पुलिस अधिका. रियों के साथ अपराध गोष्ठी कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश। ज

जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा ने मंगलवार को पुलिस लाईन के सभागार कक्ष में पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था के सुदृढीकरण, महिला सुरक्षा तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, एसपी क्राईम इन्दु सिद्धार्थ, एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे, सीओ सिद्धार्थ के0 मिश्रा सहित समस्त सीओ , प्रभारी निरीक्षक एलआईयू, एसओजी प्रभारी व जनपद के समस्त थाना/शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

सर्वप्रथम राष्ट्रगान के साथ अपराध गोष्ठी का प्रारम्भ किया गया । इस दौरान उन्होंने सभी को क्षेत्र के टॉप-10/एचएस अपरा. धियों पर लगातार सतर्कता बनाने के आदेश दिये और असामाजिक तत्वों पर नजर बनाने के लिए कहा। एसएसपी ने थानाक्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रहरियों, पुलिस मित्रों आदि के साथ गोष्ठी आयोजित कर आपसी समन्वय स्थापित करने सहित थानाक्षेत्र में शराब, खनन, पशु तस्करी, शस्त्र तस्करी आदि अपराधो में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर के तहत कार्यवाही के आदेश भी दिये। उन्होने शातिरों की सम्पत्ति जब्त करने के निर्देश दिये और

एन्टी रोमियो स्कवॉड, महिला आरक्षियों व अन्य पुलिसकर्मियों को अपनी-अपनी बीट में जाकर ग्राम प्रधान आदि के सहयोग से स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान आदि में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को देखे। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों और जनप्रतिनिधियों के साथ अच्छा व्यवहार रखे। उन्होंने समस्त सर्किल अफसर, थाना प्रभारियों, डायल 112, पीआरवी वाहनों के रूट की समीक्षा की। एसएसपी ने एससी एसटी एक्ट व लम्बित विवेचना तथा पोक्सो की समीक्षा भी की और कहा कि ऐसे मामलों का तुरन्त निस्तारण करे। इस दौरान एसएसपी ने सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारी व अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# गैस वितरण में अनियमितता का आरोप लगा भाकियू ने दिया गैस एजेंसी पर धरना

**चरथावल।** नगर में इंडियन गैस एजेंसी के खिलाफ भाकियू के कार्यकर्ताओं ने धरना दिया चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व मे धरना देते हुए भाकियू कार्यकर्ताओ ने गैस वितरण में अनियमितता और सिलेंडरों की कथित कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए धरना दे रखा है स जानकारी के अनुसार किसान नेता संजय त्यागी ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में गैस उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उनका कहना है कि एजेंसी पर सिलेंडरो पर स्टॉक होते हुए भी सिलेंडरो की कमी दिखाई जा रही है और सिलेंडरों को ब्लैक में बेचा जा रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं को घंटों लंबी लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है, इसके बावजूद उन्हें समय पर गैस नहीं मिल रही है । इससे खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इसके अलावा, किसान नेताओं ने केवाईसी प्रक्रिया में भी गंभीर लाप. रवाही का आरोप लगाया है । उनका कहना है कि एजेंसी द्वारा जानबूझकर उपभोक्ताओं की केवाईसी पूरी नहीं की जा रही, जबकि संबंधित पोर्टल उपलब्ध रहता है। केवाईसी न होने के कारण उपभोक्ता समय पर सिलेंडर बुक नहीं कर पा रहे हैस और उन्हें देर रात तक एजेंसी के चक्कर लगाने




पड़ते हैं।धरना स्थल पर मौजूद किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।धरने पर किसी भी संबंधित अधिकारी से प्रदर्शनकारियों की वार्ता नहीं हो सकी थी। किसान नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक गैस वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं होता तब तक भाकियू द्वारा प्रदर्शन कर क्षेत्रवासियो की समस्या को उठाया जायेगा।

# देवल व केलापुर जसमौर में स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्रशंस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान एनएसएस की दोनों इकाइयों ने ग्राम देवल और ग्राम केलापुर जसमौर में रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

ग्राम देवल में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कावेंद्र कुमार के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने जल है तो कल है और हपानी बचाओ, जीवन बचाओ जैसे नारों के साथ रैली निकाली। इसके बाद घर-घर जाकर जल संरक्षण के उपायों, जैसे वर्षा जल संचयन, पानी की बचत और जल स्रोतों की स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम प्रधान मंदीप कौर, शिक्षक कपिल शर्मा व अन्य गणमान्य लोगों ने भी सहभागिता कर जल संरक्षण को जरूरी बताया। वहीं ग्राम केलापुर जसमौर में डॉ. आदित्य कुमार शर्मा और डॉ. चित्रलेखा शर्मा के मार्गदर्शन में जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने जल संकट की गंभीरता समझाते हुए पौधारोपण किया और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया।

## खेत में अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**मंसूरपुर।** क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अफीम की खेती का खुलासा किया है।गांव नरा जड़ौदा निवासी फिरोजू पुत्र अकबर अली द्वारा अपने खेत में प्रतिबंधित अफीम के पौधे उगाने का मामला सामने आया है।पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर छापा मारा।खेत की तलाशी लेने पर वहां करीब 1100 अफीम के पौधे लगे हुए पाए गए,जिन्हें देखकर पुलिस भी हैरान रह गई।मौके पर ही पुलिस ने सभी पौधों को कब्जे में लेकर नष्ट करने की कार्रवाई शुरू कर दी।इस मामले में पुलिस ने आरोपी फिरोजू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि,कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गया।थाना प्रभारी आनंद देव मिश्रा का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कहीं इस अवैध खेती के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं जुड़ा है।

## परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने किया हस्तिनापुर का भ्रमण

**तितावी।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम मे परिषदीय विद्यालयो के बच्चों ने प्रतिभाग किया' बघरा ब्लॉक के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट में महाभारत कालीन हस्तिनापुर में पहुंचकर अलग-अलग स्थानों पर पुरातात्विक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजेंद्र कुमार, अंकुर मलिक, रोहित चौधरी, अमरीश कुमार, जमीर हसन, अली रजा, देवेंद्र मलिक, अब्दुल हादी अध्यापको सहित खंड शिक्षा अधिकारी संजय भारती असिस्टेंट रिसोर्स पर्सन निशुतोष,संगीता जवाला, सुधीर कुमार, वरिष्ठ लेखाकार दीपक वर्मा, धीरज कुमार नरेंद्र शर्मा, अवनीश एवं सत्येंद्र बालियान भी बच्चों के साथ सहयोगी रहे। एक्सपोजर विजिट में जा रही बसों को खंड शिक्षा अधिकारी संजय भारती सहित राज्यपाल पुरस्कृत पूर्व प्रधानाध्यापक सहीदुद्दीन, मुलराज शर्मा प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय तितावी ने हरी झंडी दिखा कर सामूहिक रूप से रवाना किया। बघरा ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों से चिन्हित बालक बालिकाओं को एक्सपोजर विजिट में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ जिससे बच्चों को विभिन्न महाभारत कालीन पुरातात्विक जानकारी प्राप्त हुई।

# भाजपा में वाल्मीकि समाज की अनदेखी पर उबाल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन में वाल्मीकि समाज को अपेक्षित प्रतिनिधित्व न मिलने को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है।

समाज के लोगों ने आरोप लगाया है कि पार्टी में लंबे समय से सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर ऐसे नेताओं को पद दिए गए हैं, जिनकी कार्यशैली और निष्ठा पर पहले से सवाल उठते रहे हैं। वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं ने पद वितरण प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस बार संगठन में उन नेताओं को प्राथमिकता दी गई है, जो पूर्व में प्रभावी भूमिका निभाने में असफल रहे हैं। उनका आरोप है कि कई ऐसे लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो न तो संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और न ही चुनावों में पार्टी को मजबूती दिलाने में कोई योगदान दे सके हैं। कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ ऐसे व्यक्तियों को भी संगठन में महत्वपूर्ण पद दिए गए हैं, जो पहले अन्य राजनीतिक दलों, यहां तक कि विपक्षी दलों से भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। समाज के लोगों का कहना है कि ऐसे नेताओं को महत्व देना निष्ठावान कार्यकर्ताओं के मनोबल को कमजोर करता है और इससे संगठन के भीतर असंतोष बढ़ रहा है। समाज के प्रति. निधियों ने कहा कि वर्षों से पार्टी के लिए कार्य कर रहे जमीनी कार्यकर्ताओं को पूरी तरह नजर. अंदाज किया गया है। प्रताप वाल्मीकि ने सवाल उठाया कि क्या पूरे मुजफ्फरनगर जिले में एक भी ऐसा कार्यकर्ता नहीं था, जिसे जिला कार्यकारिणी में जिला मंत्री या जिला उपाध्यक्ष बनाया जा सके। इसके साथ ही मुजफ्फरनगर, खतौली, बुढ़ाना, जानसठ, मीरापुर, पुरकाजी और शाहपुर क्षेत्रों में भी वाल्मीकि समाज के कार्यकर्ताओं को सभासद पद के लिए नामित न किए जाने पर नाराजगी जताई गई है। समाज के लोगों ने इसे भेदभावपूर्ण रवैया बताते हुए कहा कि उनकी राजनीतिक भागीदारी को नजरअंदाज किया जा रहा है।वाल्मीकि समाज के नेताओं ने भाजपा से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते उनकी आवाज पार्टी के उच्च पदा. धिकारियों तक नहीं पहुंचाई गई, तो भविष्य में भी इसी तरह उपेक्षा का सामना करना पड़ सकता है। अंत में समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि वाल्मीकि समाज को केवल स्थायी वोट बैंक समझने की भूल न की जाए। समाज जहां चुनाव में जीत दिलाने की क्षमता रखता है, वहीं आवश्यकता पड़ने पर अपनी नाराजगी भी जाहिर कर सकता है।

## दलित छात्रा के साथ छेडछाड का मुकदमा दर्ज

**छपार।** एक दलित छात्रा के साथ एक अज्ञात युवक ने अश्लील हरकत की। छात्रा ने उसके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुरकाजी थाना क्षेत्र के एक गांव की दलित युवती बरला के वीतराग स्वामी कल्याणदेव में पीजी कालेज की छात्रा है। सात मार्च को वह परीक्षा देने के बाद वह अपनी सहेली के साथ कालेज के मैदान में दौड़ लगा रही थी। आरोप है कि उसी वक्त एक युवक वहां आया ओर अभद्रता करते हुए अश्लील बातें करने लगा। दोनों सहेलियों ने विरोध किया तो वह भाग गया। पीड़िता ने घर जाकर अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी । परिजन उसे सोमवार को थाने लेकर पहुंचे और उक्त अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करने के उद्देश्य से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा संयुक्त रूप से जिला महिला चिकित्सालय में किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर एवं जानलेवा रोग है, जिससे बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह टीकाकरण अभियान निःशुल्क चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक बालिकाएं इसका लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित कर सकें।

नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहल बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस टीकाकरण के लिए अवश्य लेकर आएं, ताकि भविष्य में होने वाली गंभीर बीमा. रियों से बचाव संभव हो सके।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ आभा शर्मा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी प्रदीप शर्मा, हॉस्पिटल मैनेजर प्रियंका तोमर, मनोज, मदन कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा टीकाकरण प्रक्रिया का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के लाभ, इसके महत्व तथा संभावित दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि यह वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित है और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

जनपद में यह अभियान चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा, जिसमें सभी पात्र बालिक. ाओं को कवर करने का लक्ष्य



निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों एवं अन्य माध्यमों से भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इस कार्यक्रम का लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य विभाग ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे इस जनहितकारी योजना में सक्रिय सहयोग करें एवं अपनी बेटियों को समय पर टीकाकरण हेतु प्रेरित करें।

# घर में घुसकर किसान के साथ मारपिटाई, महिलाओं से अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** किसान के घर में घुस कर दो लोगों ने उसकी पिटाई की ओर महिलाओं के साथ अभद्रता व गाली गलौज की।पड़ोसियों के आने पर हमलाकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पीड़ित के चाचा ने दोनों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव तेजलहेडा निवासी यशवीर सिंह18 फरवरी को अपने खेत में पानी दें रहा था उसी वक्त गांव के ही रामदास व अजय वहां पहुंचे और मेड तोड़कर पानी अपने खेत में चालू कर लिया।विरोध करने पर गाली गलौच करने लगे। इसी समय वह गालियां सुनकर गांव में आ गया उसके बाद छह फरवरी को दोनों आरोपी घर में घुस आये उस समय कोई व्यक्ति घर पर नहीं था दोनों ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली गलौच करने लगे शोर सुनकर उसका भतीजा रमन घर आया ओर विरा. ेध किया तो उसकी पिटाई की। पड़ोसियों के आने पर दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये।

पीड़ित यशवीर सिंह ने तहरीर में बताया कि दोनों ही दबंग व बदमाश किस्म के है तब से ही पीड़ित असमंजस में हैं गांव के कुछ लोग फैसले के प्रयास में लगे थे। लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। पुलिस ने दोनों आरो. पितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत होगा ऋण का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में राज्य नोडल अधिकारी, सीएम युवा, मिशन कार्यालय, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में एक वृहद ऋण वितरण कैम्प का आयोजन 18 से 25 मार्च तक किया जाएगा। जिसमें बैंकों द्वारा क्रमशः ऋण स्वीकृत एवं वितरण किए जाएंगें।

यह जानकारी देते हुए रतिका गुप्ता, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र,शामली ने अवगत कराया कि इन ऋण वितरण शिविर हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में जनपद को 481 का लक्ष्य आवंटित किया गया है जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी शामली द्वारा जनपद के बैंकों को ऋण स्वीकृत / वितरण हेतु लक्ष्य आवंटित किये गये हैं। उक्त कैम्प की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की जायेंगी। उन्होंने बताया कि वृहद ऋण शिविर का आयोजन स्थान: कार्यालय-जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, औद्योगिक क्षेत्र, कन्डेला, पुलिस चौकी के पीछे, कैराना रोड़, शामली समय प्रात: 11:00 बजे से किया जाएगा।

इस अवसर पर जनपद के शाखा प्रबन्धकगण कैम्प में उपस्थित रहकर युवाओं को योजना की पात्रता के अनुसार आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष ऋण स्वीकृत/वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना,स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है। इच्छुक युवा/ युवती वृहद ऋण वितरण कैम्प में उपस्थित होकर नि:शुल्क पंजीकरण करा सकते हैं और योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# कैराना में अवैध प्लॉटिंग पर चला बुल्डोजर

### एमडीए की कार्रवाई में तीन कालोनियां हुई ध्वस्त, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने कैराना क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 48 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया, जबकि क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

मंगलवार को मंडलायुक्त सहारनपुर की प्रेरणा व प्राधिकरण की उपाध्यक्ष कविता मीना के निर्देश पर एमडीए की टीम ने अभियान चलाया। सहायक अभियंता हितेश कुमार गुप्ता व अवर अभियंता विनय कुमार गर्ग के नेतृत्व में टीम कैराना पहुंची और खैलकलां व कैराना बाईपास क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर कार्रवाई शुरू कर दी।



प्राधिकरण के अनुसार, खैलकलां में इमरान पुत्र सलामतुल्ला द्वारा करीब 20 बीघा और शाहदीन पुत्र नूरा द्वारा लगभग 26 बीघा भूमि पर बिना मानचित्र स्वीकृति के प्लॉटिंग की जा रही थी। वहीं कैराना बाईपास पर लोकेश गोयल, राजीव मलिक व सन्नी जैन द्वारा करीब 2 बीघा भूमि पर व्यावसायिक प्लॉटिंग विकसित की गई थी। बताया गया कि संबंधित कॉलोनाइजरों को पहले ही नोटिस देकर चेतावनी दी गई थी और ध्वस्तीकरण के आदेश भी जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद अवैध निर्माण नहीं हटाया गया। इसके बाद एमडीए ने सख्ती दिखाते हुए प्लॉटिंग, आंतरिक सड़कों व अन्य निर्माण कार्यों को जमींदोज कर दिया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अर्जुन चौहान, लेखपाल विजित सहित भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। किसी भी विरोध की आशंका के बीच पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। देर शाम तक बुलडोजर चलता रहा और क्षेत्र में हलचल बनी रही। एमडीए अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बिना नक्शा पास कराए निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि अवैध प्लॉटिंग में निवेश करने से बचें, अन्यथा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## दूसरे दिन: भूगोल विभाग ने की पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वीवीपीजी कॉलेज में आयोजित युवा प्रतिभा सप्ताह 2025-26 के अंतर्गत मंगलवार को दूसरे दिन भूगोल विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण विषय पर आकर्षक और संदेशपूर्ण पोस्टर तैयार किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

महाविद्यालय के डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों की सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि पोस्टर निर्माण जैसी गतिविधियों से विद्यार्थियों के मन में नए विचार उत्पन्न होते हैं और वे समाज में सकारात्मक संदेश देने में सक्षम बनते हैं। वहीं, प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को निखारने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में लगभग 20 से 25 छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्व दर्शाया और लोगों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया। छात्राओं की रचनात्मकता और प्रस्तुति ने निर्णायक मंडल को भी प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में डॉ. जयविंदर, धीरेन्द्र और डॉ. अनुप्रीता शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के पोस्टरों का मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में प्रियांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सलोनी द्वितीय और मधु तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा अंजली और संजना को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. बबली रानी, डॉ. मुकेश कनौजिया, अर्शी खान, निर्भय सिंह, रिचा भारद्वाज और कौशल अत्री सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कर्तव्यों का पालन करें : शिवम शास्त्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव हथछोया में ऊन-थानाभवन मार्ग स्थित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा स्थल पर सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था और पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा नजर आया। कथावाचक पंडित शिवम कृष्ण शास्त्री ने अपने प्रवचनों में भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और मर्यादा का महत्व समझाया।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने मानव जीवन जीते हुए आदर्शों और कर्तव्यों का पालन कर समाज को सही मार्ग दिखाया। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और संतुलन बनाए रखते हुए धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। कथा के दौरान पंडित शास्त्री ने भरत चरित्र का भी विस्तार से वर्णन किया और बताया कि भाईचारे, त्याग और समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण भरत हैं, जिन्होंने अपने भाई श्रीराम के प्रति अद्वितीय प्रेम और निष्ठा दिखाई। इसके अलावा उन्होंने माता शबरी, मीराबाई, सूरदास और नामदेव जैसे महान भक्तों के जीवन प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान अपने भक्तों की परीक्षा लेते हैं, लेकिन सच्ची श्रद्धा और भक्ति से उनकी कृपा अवश्य प्राप्त होती है। कथा के दौरान भजनों की मधुर ध्वनि से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का आनंद लेते नजर आए। इस अवसर पर नरेश तोमर, बृजपाल सिंह तोमर, ईश्वर सिंह, अरुण तोमर, मास्टर सुंदर पाल, सोमदत्त शर्मा, शतपाल कश्यप, सुमित कोरी और राजपाल तोमर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला खेल कार्यालय शामली के तत्वावधान में आयोजित जूनियर बालक-बालिका जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं भव्य रूप से संपन्न हुईं। इन प्रतियोगिताओं में कबड्डी, हैंडबॉल और कुश्ती में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

कबड्डी प्रतियोगिता शहीद उधम सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई। बालिका वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज कांधला की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्रह्म ज्योति इंटर कॉलेज की टीम द्वितीय रही। बालक वर्ग में लिशाद एकेडमी की टीम विजेता रही और मलिक कबढी क्लब, भावड़ी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। हैंडबॉल प्रतियोगिता बाबू जवाहर सिंह इंटर कॉलेज, खंद्रावली में संपन्न हुई। बालिका एवं बालक वर्ग में बाबू



जवाहर सिंह इंटर कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि चौधरी अजब सिंह इंटर कॉलेज की टीम दोनों वर्गों में द्वितीय रही। कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन अल्फा सिटी में कुश्ती मैट पर किया गया।

बालिका वर्ग 53 किग्रा में मेघा ने प्रथम, मीनू द्वितीय, फुरकाना तृतीय और शालू चौथे स्थान पर रही। बालक वर्ग 48 किग्रा में अनमोल ने प्रथम, मयंक द्वितीय, फैजान तृतीय और रुकसाक चौथे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण माननीय प्रसन्न चौधरी, विधायक शामली ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में खेल जगत से जुड़े विकास चौहान, नमन धीमान, पिंटू पहलवान, प्रशांत मलिक, गौरव मलिक, अशोक प्रधानाचार्य, संजू रानी, अमित लिशाद, परमेंद्र और आकाश चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस आयोजन ने युवा प्रतिभाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया और जनपद शामली में खेल गतिविधियों के स्तर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## तमंचा व कारतूस के सहित एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस अधीक्षक एन. पी. सिंह के निर्देश पर जनपद भर में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। इसी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार उप निरीक्षक विभिन्न मलिक के साथ मिलकर पुलिस टीम सक्रिय रूप से अभियान चला रही थी।चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक अवैध तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान पारस पुत्र जगत सिंह निवासी ग्राम भारसी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा।



## बृजेश वाल्मीकि के जिला मंत्री बनने पर बाल्मीकि बस्ती में जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बाल्मीकि बस्ती में उस समय हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला, जब समाज के लोगों ने बृजेश वाल्मीकि के भाजपा जिला मंत्री बनाए जाने पर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर बस्ती में लोगों ने एकत्र होकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाइयों का सिलसिला देर तक चलता रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाज के गणमान्य लोगों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बृजेश वाल्मीकि को जिला मंत्री जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना पूरे समाज के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि इससे समाज के युवाओं में भी नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार होगा। समाज के लोगो ने पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा जी के प्रति भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। लोगों ने कहा कि उनके मार्गदर्शन और समर्थन से ही समाज के लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बृजेश वाल्मीकि के सामाजिक और संगठनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए बिवास जताया कि वे अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए समाज और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बृजेश वाल्मीकि को भाजपा जिला मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान बाल्मीकि बस्ती में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## लेखपाल पर रिश्वत मांगने व उत्पीड़न का आरोप, डीएम से जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** तहसील कैराना क्षेत्र के गांव पावटी कला निवासी अमित कुमार ने लेखपाल लवकेश पर रिश्वत मांगने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में बताया गया कि मौजा तारापुर स्थित कृषि भूमि खतौनी खाता संख्या-46, खसरा संख्या-141मि, 143, 144 को संक्रमणीय भूमिधर रकम सिंह द्वारा अपने नाबालिग पौत्र आर्यन के नाम दान किया गया था। आरोप है कि भूमि के दाखिल-खारिज की रिपोर्ट लगाने के लिए तत्कालीन हल्का लेखपाल ने 50 हजार रुपये की मांग की थी। इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों व सहारनपुर आयुक्त से भी की गई थी, जिस पर डिप्टी कलेक्टर स्तर से जांच कराई जा चुकी है, जबकि कुछ मामले अभी लंबित बताए गए हैं। अमित कुमार का कहना है कि जांच के दौरान तथा लंबित प्रकरणों में अपने पक्ष में बयान दिलवाने के लिए लेखपाल द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। विरोध करने पर उनके खिलाफ झूठी शिकायतें कर प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे उनका मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न हो रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान में संबंधित लेखपाल मौजा तारापुर में तैनात नहीं हैं और न ही दाखिल-खारिज प्रकरण में किसी प्रकार की कार्रवाई का अधिकार रखते हैं, इसके बावजूद उनके खिलाफ शिकायतें की जा रही हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच किसी अन्य अधिकारी से कराकर दोषी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और उन्हें उत्पीड़न से राहत दिलाने की मांग की है।

# शराब की दुकान पर लाखों की चोरी का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** अग्रेंजी शराब की दुकान मे दुल्हैंडी के दिन लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिर फ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से छह हजार सात सौ की नगदी भी बरामद की गई है। पूछताछ मे आरोपी ने अपने अन्य साथियों का भी खुलासा किया है। जिनकी तलाश में पुलिस की टीमे दबिश दे रही है।

चौसाना चौकी के गंगोह मार्ग पर स्थित शराब की दुकान से दुल्हैंडी की रात्रि मे बदमाशों ने करीब एक लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना की जानकारी भी सर्वप्रथम पुलिस की गश्त कर रही टीम को लगी थी। पुष्टि होने पर पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी भी की थी लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नही लगा था। इसके बाद एसपी के आदेश पर तीन टीमें बदमाशों की



तलाश मे जुटी थी। सीडीआर के गहन विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी मुजाहिर पुत्र हासिम निवासी बेगी नाजर को पकडने का दावा किया है। जिसके कब्जे से चोरी की रकम मे से छह हजार सात सौ की नगदी को भी बरामद कर लिया गया है। पूछताछ मे आरोपी ने अपने साथियों के नामो का भी खुलासा कर दिया है। जिनकी तलाश जारी है।

## तमंचे संग आरोपी गिरफ्तार

**चौसाना।** गश्त के दौरान पुलिस ने गंगारामपुर खेडकी मार्ग से आरोपी आरिफ उर्फ बावला पुत्र इंतजार निवासी चौसाना को तमंचे के संग गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गश्त के दौरान आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा। हमने रूकने को कहा लेकिन आरोपी नही माना। जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने भागकर आरोपी को पकड लिया। तलाशी के दौरान तमंचा बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी को मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

आरोपी की गिरफ्तारी लक्ष्मीपुरा के जंगल से हुई है। वही चौकी प्रभारी संदीप यादव का कहना है कि मुख्यारोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# दुर्घटना बीमा विवाद में हुई उपभोक्ता की जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एटीएम कार्ड से जुड़े दुर्घटना बीमा क्लेम के एक महत्वपूर्ण मामले में उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बैंक को बीमा राशि और क्षतिपूर्ति अदा करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने बैंक की कार्यप्रणाली को सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार मानते हुए संबंधित अधिकारियों पर अर्थदंड भी लगाया है।

थानाभवन क्षेत्र के ग्राम मंटी हसनपुर निवासी राजकली पत्नी स्वर्गीय राजबीर सिंह से जुड़ा है। परिवादी के अनुसार उनके पति राजबीर सिंह का बचत खाता थानाभवन स्थित बैंक शाखा में संचालित था, जिस पर बैंक द्वारा एटीएम कार्ड जारी किया गया था। इस एटीएम कार्ड के साथ दुर्घटना में मृत्यु होने की स्थिति में दो लाख रुपये का बीमा कवर भी शामिल था। बताया गया कि 17 जुलाई 2020 को राजबीर सिंह की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद राजकली ने बैंक को पत्र लिखकर बीमा क्लेम का भुगतान करने की मांग की, लेकिन बैंक अधिकारियों ने यह कहते हुए दावा खारिज कर दिया कि इस प्रकार का कोई बीमा प्रावधान उपलब्ध नहीं है। इसके बाद भी जब उन्हें न्याय नहीं मिला तो उन्होंने 12 अक्टूबर 2021 को बैंक को कानूनी नोटिस भेजा, लेकिन इसके बावजूद बैंक की ओर से कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई। अंततः राजकली ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग शामली में परिवाद दायर किया। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष हेमंत कुमार गुप्ता और सदस्य अभिनव अग्रवाल की पीठ द्वारा की गई। सभी पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने बैंक की लापरवाही को गंभीर मानते हुए परिवादी के पक्ष में निर्णय सुनाया। आयोग ने अपने आदेश में बैंक को निर्देशित किया कि वह परिवादी को एटीएम कार्ड से संबंधित दुर्घटना मृत्यु बीमा की दो लाख रुपये की राशि का भुगतान करे। साथ ही क्लेम निरस्त किए जाने की तिथि से अंतिम भुगतान तक नौ प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज भी दिया जाए। इसके अतिरिक्त मानसिक और आर्थिक क्षति के लिए 25 हजार रुपये तथा वाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये देने के आदेश दिए गए हैं। आयोग ने बैंक अधिकारियों पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसे राजकोष में जमा कराया जाएगा। साथ ही निर्देश दिया गया है कि 45 दिनों के भीतर आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 71 और 72 के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय फल संरक्षण का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र शामली द्वारा ग्राम रसीदगढ़ में ग्रामीण बेरोजगार युवक और युवतियों के लिए उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 के अंतर्गत मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत दो दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान पति चुन्नीलाल और नेचुरल क्रॉप एफपीओ रसीदगढ़ के निदेशक ओमपाल सैनी ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर प्रधान पति ने प्रशिक्षार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर सरकार की योजना का लाभ उठाएं और स्वरोजगार अपनाकर अपने रोजगार के अवसर बढ़ाएं। सहायक उपायुक्त उद्योग शामली रविंद्र सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत कम पूंजी निवेश में लाभकारी स्वरोजगार स्थापित किया जा सकता है, जिससे ग्रामीण युवाओं का शहर की ओर पलायन भी रुकेगा। कृषि विज्ञान केंद्र शामली की डॉ. कविता भट ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर खाद्य प्रसंस्करण की लघु इकाई स्थापित करने से अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। कौशल विकास मिशन के विकास कुमार ने प्रशिक्षार्थियों को विभागीय लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी और साफ-सुथरे, रोगमुक्त खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर दिया। उद्यान विभाग के डॉ. शौकेंद्र सिंह मलिक ने पीएमएफएमई योजना के बारे में विस्तार से बताया। केंद्र प्रभारी धर्मेंद्र पाल राठी ने प्रशिक्षण में खाद्य उत्पादकता, गुणवत्ता और रखरखाव के बारे में जानकारी दी। यह प्रशिक्षण 16 से 17 मार्च तक चला, जिसमें 30 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया और प्रयोगात्मक कार्य किए। प्रशिक्षण उपरांत इच्छुक व्यक्तियों को लघु उद्योग के लिए प्रस्ताव तैयार कराए जाएंगे, जिसमें मशीन उपकरण खरीद पर एक लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। अंत में ग्राम प्रधान कविता ने सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

## जनगणना को लेकर दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 हेतु फील्ड ट्रेनर्स ट्रेनिंग के द्वितीय दिवस के सत्र में जनगणना 2027 में पूछे जाने वाले सभी 34 प्रश्नों के संबंध में विकसित रूप से जानकारी दी गई वर्ष 2017 की जनगणना डिजिटल माध्यम से होनी है। जो ऐप के माध्यम से पूर्ण की जाएगी। ऐप पर सभी फील्ड ट्रेनर्स को ऑन प्रैक्टिस कराई गई। जिससे वह प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को आने वाले समय में हैंड्स ऑन प्रेक्टिस कराए एवं डाटा संग्रह की सटीकता एवं स्पष्ट सुनिश्चित कर सकें। ट्रेनिंग सत्र को मास्टर ट्रेनर सचिन विकल शिव कुमार भारती एवं रंजीत कुमार द्वारा संचालित किया गया सत्र के मध्य में सत्येन्द्र सिंह द्वारा सभी फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना से संबंधित सभी प्रश्नों एवं उनकी बारीकियों को ध्यानपूर्वक समझने की निर्देश दिए गए।

## मास्टर श्रीपाल आर्य बने भाजपा के जिला मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मास्टर श्रीपाल आर्य को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. रामजीलाल कश्यप द्वारा जिला कार्यकारिणी में जिला मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके मनोनयन की जानकारी मिलते ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बधाई दी। मास्टर पाल आर्य लंबे समय से पार्टी संगठन में सक्रिय रहकर कार्य कर रहे हैं और सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी अहम भागीदारी रही है। उनके सरल और मिलनसार स्वभाव के चलते क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान है। जिला मंत्री बनाए जाने पर समर्थकों ने फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने एक मेहनती और समर्पित कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूती देने का कार्य किया है। इस मौके पर मास्टर पाल आर्य ने शीर्ष नेतृत्व और जिलाध्यक्ष डॉ. रामजीलाल कश्यप का आभार जताते हुए कहा कि वह सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर किया कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ एवं नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गांव भनेडा उड्डा स्थित होली एकेडमी पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में यह जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

कार्यक्रम के दौरान जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के सदस्य अंकित यादव और प्रेरणा पुंडीर ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जीवन कौशल लाइपफ स्किल, आत्महत्या की रोकथाम सुसाइड प्रिवेंशन), तनाव प्रबंधन (स्ट्रेस मैनेजमेंट) और मानसिक बीमारियों के लक्षणों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है, उसी प्रकार मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अक्सर लोग मानसिक समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे आगे चलकर स्थिति गंभीर हो सकती है। विशेषज्ञों ने छात्रों को समझाया कि यदि किसी को लगातार तनाव, चिंता, डर, उदासी या व्यवहार में बदलाव महसूस हो, तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। समय रहते सही पहचान और उपचार से मानसिक समस्याओं को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि अब जनपद स्तर पर ही मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं, जिससे लोगों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है।

कार्यक्रम में टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 के बारे में भी जानकारी दी गई। छात्रों को बताया गया कि इस नंबर पर कॉल करके वे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए नि:शुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल शामली में संचालित मानसिक स्वास्थ्य कक्ष (कमरा नंबर 125) के बारे में भी जानकारी दी गई, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और अन्य स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और




दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)

मो. 8630354443

कार्यालय पता:- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली







# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर एचपीवी वैक्सीन का डीएम ने किया शुभारंभ

## जनपद में 14 से 15 आयु वाली बालिकाओं को लगाई गई वैक्सीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन टीकाकरण अभियान की शुरुआत कर दी गई है। मंगलवार को सीएचसी शामली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीएम अरविंद कुमार चौहान और सीएमओ डॉ. अनिल कुमार ने एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण सत्र का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर डीएम अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से बालिकाओं को होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पहले चरण में 14 वर्ष आयु की बालिकाओं को यह वैक्सीन लगाई जाएगी, जिनका 14वां जन्मदिन पूरा हो चुका है और 15वां जन्मदिन अभी पूरा नहीं हुआ है। डीएम ने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी 14 वर्ष आयु की बेटियों को इस वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाएं, ताकि उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले मोहल्ला पंसारियान निवासी अमित की पुत्री शगुन को एचपीवी वैक्सीन का टीका लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। टीकाकरण स्टाफ नर्स सुहानी सिंह और एएनएम अंशु द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद में पात्र बालिकाओं को चरणबद्ध तरीके से एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी और इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण सत्र आयोजित करेंगी। इस दौरान सीएमओ डा. अनिल कुमार, एसीएमओ डा. अतुल बंसल, चिकित्सा अधीक्षक डा. दीपक कुमार, डा. विजेन्द्र कुमार, हनीफ अहमद आदि मौजूद रहे।

झिंझाना संवाददाता के अनुसार किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊन में एचपीवी वैक्सीन का शुभारंभ किया गया। चिकित्सा अधीक्षक तरुण चौधरी ने समय पर टीकाकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। मंगलवार को शुरू हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने में बेहद प्रभावी है। उन्होंने कहा कि यदि 14 वर्ष तक की आयु में टीकाकरण करा लिया जाए, तो भविष्य में इस गंभीर बीमारी का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। तहसीलदार ललिता चौधरी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। इस मौके पर तहसीलदार ललिता चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूबी चौधरी, संचालन कर्ता शकील अहमद नवीन पंवार, डक्क शिवानी राठौर, मधुसूदन भट, स्टाफ नर्स वर्षा, शगुन, पिंकी, मनोज सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

कांधला संवाददाता के अनुसार नगर क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया। इसी क्रम में मायावती स्कूल, कांधला में छात्र-छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन लगाई गई।इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपस्थित छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही समय-समय पर टीकाकरण कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, ताकि इस गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ का भी सराहनीय सहयोग रहा। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक सतीश कुमार जैन सहित समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और टीकाकरण को अपनाने के लिए प्रेरित किया।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके।

# शामली में शराब ठेकों पर चल रहा ओवररेटिंग का खेल

## ओवरटाइम में भी शटर के नीचे से ठेकों पर बेची जाती है शराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में शराब ठेकों पर खुलेआम ओवररेट पर शराब बेचने का मामला सामने आने के बाद आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। शहर के दिल्ली रोड और एमएसके रोड सहित कई प्रमुख स्थानों पर संचालित शराब ठेकों पर उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की जा रही है, जिससे आम जनता की जेब पर सीधा डाका डाला जा रहा है।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेका संचालक और कर्मचारी नियमों को ताक पर रखकर मनमाने दामों पर शराब बेच रहे हैं। इतना ही नहीं, जब कोई उपभोक्ता इसका विरोध करता है, तो उसे दबंगई का सामना करना पड़ता है। ठेका कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार और धमकी देने जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिससे आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। मामला यहीं तक सीमित नहीं है। आरोप है कि ठेकों के निर्धारित समय के बाद भी शराब की बिक्री जारी रहती है। देर रात ठेके बंद होने के बाद शटर के नीचे से शराब बेची जा रही है, वह भी ओवररेट पर। यह पूरा खेल खुलेआम चल रहा है, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। प्रश्न यह उठता है कि आखिर यह अवैध कारोबार किसकी शह पर चल रहा है? क्या आबकारी विभाग को इसकी जानकारी नहीं है, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? अगर विभाग को जानकारी है, तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई? यह स्थिति विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। सरकार जहां एक ओर राजस्व बढ़ाने और पारदर्शिता लाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की अवैध गतिविधियां सरकारी छवि को धूमिल कर रही हैं। ओवररेटिंग और अवैध बिक्री से जहां सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं आम जनता को आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। अब देखना यह होगा कि आबकारी विभाग इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है या फिर हमेशा की तरह चुप्पी साधे रखता है।

मामले को लेकर आबकारी इंस्पेक्टर से जानकारी किए जाने पर उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसको लेकर जांच कराई जाएंगी और जांच के बाद कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा। खुले में शराब पीने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।

# गैस रिफलिंग के नाम पर नगर में विभिन्न स्थानों पर हो रही ब्लैक मार्कीटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ईरान और इज़राइल के बीच जारी युद्ध को लेकर भविष्य में गैस आपूर्ति बाधित होने की अफवाहों के बीच उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों पर लंबी लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। इसी बीच कस्बे में गैस रिफिलिंग के नाम पर एलपीजी सिलेंडरों की अवैध ब्लैक मार्केटिंग जोरों पर चल रही है।

सूत्रों के अनुसार, छोटे सिलेंडरों में गैस भरने के बहाने दुकानदार बड़ी संख्या में एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक जमा कर रहे हैं और इन्हें 2000 प्रति सिलेंडर की दर से ब्लैक में बेच रहे हैं। ऐसा विशेषकर सिटी गार्डन रोड, घास मंडी, दयाल आश्रम और टंकी चौक क्षेत्र में देखा जा रहा है। ब्लैक मार्केट में कारोबार करने वाले व्यापारी देर रात या सुबह-सुबह बाहरी सप्लाई मंगाकर इसे अपने अलग-अलग गोदामों में जमा करते हैं ताकि आम लोगों की नज़र न पड़े। गैस रिफिलिंग का यह अवैध कारोबार आम नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। इस कारण से लोग सही दाम पर सिलेंडर नहीं पा रहे और लंबे समय तक लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है। वहीं, प्रशासन की ओर से अभी तक इस गंभीर मामले पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय लोग इस स्थिति से चिंतित हैं और प्रशासन से अपील कर रहे हैं कि जल्द से जल्द अवैध गैस ब्लैक मार्केट पर नियंत्रण किया जाए, ताकि सामान्य उपभोक्ता आसानी से और उचित दाम में गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकें। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में यह समस्या और बढ़ सकती है।

# कूड़े के ढ़ेर में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हनुमान रोड स्थित सरकार अस्पताल की आवासीय कॉलोनी के बाहर कूड़े में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना उस समय हुई जब किसी अज्ञात व्यक्ति ने कॉलोनी के बाहर पड़े कूड़े के ढेर में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप लेना शुरू कर दिया और पास में लगे विद्युत विभाग के पोल तक पहुंच गई, जिससे बिजली के तारों में भी आग लग गई। हनुमान गेट के निकट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आवासीय कॉलोनी के बाहर लंबे समय से कूड़ा डाला जा रहा था। इसी कूड़े में आग लगाए जाने के कारण यह घटना हुई। आग धीरे-धीरे फैलती गई और आसपास के क्षेत्र के लिए खतरा बन गई। जैसे ही लोगों ने आग को बढ़ते देखा, तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए पानी डालकर आग पर काबू पाया और बड़ी दुर्घटना होने से बचा लिया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो यह आसपास के मकानों और बिजली व्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती थी। हालांकि, आग बुझने के बाद भी कूड़े से उठने वाला बदबूदार धुआं आसपास के लोगों के लिए परेशानी का कारण बना रहा। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में रोष भी देखने को मिला। उनका कहना है कि कॉलोनी के बाहर नियमित रूप से कूड़ा डाले जाने और उसकी सफाई न होने के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

# विवाह योजना में रिश्वतखोरी के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गड़बड़ी और कथित रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। कैराना ब्लॉक क्षेत्र के गांव ऐरटी निवासी अलीहसन पुत्र इस्लाम ने ग्राम पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। पीड़ित का कहना है कि उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है।

अलीहसन के अनुसार, उसने 14 अक्टूबर 2025 को अपनी दो बेटियों नसरीन और सायरा के विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदन किया था। आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव ने यह कहकर आवेदन निरस्त कर दिया कि इस बार पहले ही अधिक आवेदन आ चुके हैं, इसलिए उन्हें योजना में शामिल नहीं किया जा सकता। आर्थिक तंगी के चलते अलीहसन ने मजबूरी में अपनी एक बेटी नसरीन की शादी कर्ज लेकर कर दी। इसके बाद उसने दूसरी बेटी सायरा के विवाह के लिए दोबारा योजना में आवेदन किया। अलीहसन का आरोप है कि इस बार ग्राम पंचायत सचिव ने उसका नाम सूची में शामिल करने के बदले 20 हजार रुपये की मांग की। जब उसने रिश्वत देने से इनकार कर दिया, तो सचिव ने कथित रूप से गलत रिपोर्ट तैयार कर सायरा को पहले से शादीशुदा दर्शा दिया और उसे योजना के लिए अपात्र घोषित कर दिया, जबकि उसकी अभी तक शादी नहीं हुई है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उसकी बेटी सायरा को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

# सामूहिक विवाह योजना में 92 जोड़ों का कराया विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद शामली में एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कृष्णा गार्डन, माजरा रोड पर किया गया, जिसमें कुल 92 जोड़ों का विवाह एवं निकाह पूर्ण विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस आयोजन में विकासखंड शामली के 51, नगर पालिका शामली के 10, कैराना के 22, नगर पंचायत एलम के 2, बनत का 1 तथा कांधला के 6 जोड़े शामिल रहे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य मोहित बेनीवाल और सदर विधायक प्रसन्न चौधरी उपस्थित रहे। इसके अलावा जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक प्रेमचंद सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जिसमें उन्हें बुके और शॉल भेंट किए गए। इस अवसर पर एमएलसी मोहित बेनीवाल ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा इस योजना के तहत प्रति जोड़े एक लाख रुपये की सहायता निर्धारित की गई है। इसमें 60 हजार रुपये सीधे कन्या के बैंक खाते में भेजे जाते हैं, 25 हजार रुपये की वैवाहिक सामग्री जैसे चांदी की पायल, बिछिया और वस्त्र दिए जाते हैं, जबकि 15 हजार रुपये विवाह आयोजन की व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं। विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों और धर्मों के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दे रही है। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि प्रशासन का प्रयास है कि समाज के सबसे जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस वर्ष से बायोमैट्रिक एवं फेसियल सत्यापन के बाद ही विवाह संपन्न कराया जा रहा है। कार्यक्रम में 43 हिंदू और 49 मुस्लिम जोड़ों का विवाह कराया गया, जो सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक बना। अंत में नवदंपत्तियों को विवाह प्रमाण पत्र, लड्डू और ड्राई फ्रूट्स वितरित किए गए तथा सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नमाज़ तरावीह में 7 घंटे में कुरान शरीफ किया मुकम्मल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** माहे रमज़ान की 27वीं शब, जिसे शबे-कद्र के रूप में बेहद मुकद्दस माना जाता है, इस बार कैराना के मोहल्ला काज़ी बाग में खास रूहानी माहौल देखने को मिला।

यहां हाफिज सलमान ने नमाज़-ए-तरावीह के दौरान मात्र 7 घंटे में कुरान शरीफ सुना कर एक खास मुकाम हासिल किया।मोहल्ला काज़ी बाग निवासी हाफिज सलमान पुत्र मोहम्मद आसिफ ने अपनी काबिलियत और दीनी लगन का परिचय देते हुए एक ही शब में पूरा कुरान शरीफ तरावीह में सुना दिया। इस रूहानी महफिल में बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने शिरकत कर कुरान-ए-पाक की तिलावत को सुना और खुद को इबादत में मशगूल रखा। इस खास मौके पर तरावीह का आयोजन प्रमुख समाजसेवी खलील फरीदी व पूर्व सभासद राशिद के सहयोग से किया गया। जैसे ही कुरान मुकम्मल हुआ, पूरा माहौल नूरानी हो उठा और लोगों ने हाफिज सलमान का फूल-मालाओं से इस्तकबाल किया। उपस्थित लोगों ने उन्हें मुबारकबाद पेश करते हुए नकद इनाम देकर सम्मानित भी किया।माहौल पूरी तरह दीनी रंग में रंगा नजर आया। लोगों ने इसे अपने लिए फख्र और बरकत का मौका बताया। इस अवसर पर मोहम्मद कलीम, डॉ. खुशह्द, समीउल्लाह, मोहम्मद जावेद, अफसरून अहमद, नफीस, इकराम और मास्टर सलीम समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। रमज़ान के इस मुकद्दस महीने में इस तरह की रूहानी महफिलें समाज में भाईचारे,एकता और इबादत के जज़्बे को और मजबूत करती हैं।

# रोजगार मेले में 1022 का हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली के संयुक्त तत्वावधान में सिटी ग्रीन्स, दिल्ली रोड, शामली में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों एमएलसी मोहित बेनीवाल, विधायक सदर प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रामजीलाल कश्यप, नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल और जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कुल 1899 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 1022 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही आफर लैटर वितरित किए गए। रोजगार मेला न केवल युवा प्रतिभाओं को स्वरोजगार और सरकारी नौकरी के अवसर प्रदान करने का मंच बना, बल्कि अन्य योजना के लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिला। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि इस तरह के रोजगार मेले का उद्देश्य युवाओं को उनके कौशल के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराना और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी को कम करना है। नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई ऋषिपाल सिंह और प्रधानाचार्य आईटीआई लिसाड़ शिवचरण ने भी अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

# अनुसूचित आयोग सदस्य ने सुनी सफाईकर्मियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद/झिंझाना।** एससी एसटी आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मिकी ने नगर पंचायत पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। कर्मचारियों ने छुट्टियों, वेतन, सुरक्षा उपकरण व अन्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखते हुए एक मांग पत्र सौंपा।




उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि ने मंगलवार को जलालाबाद नगर पंचायत सभागार का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी और विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। सभागार पहुँचने पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज़हीर, अधिशासी अधिकारी जयवीर शर्मा, सभासदों और कर्मचारियों ने महीपाल वाल्मीकि का फूल-मालाएं पहनाकर और बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया। समीक्षा बैठक के दौरान महीपाल वाल्मीकि ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक बिना किसी बाधा के पहुँचना चाहिए। बैठक में विशेष रूप से विद्युत आपूर्ति और जनसमस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता विकास कुमार और उपकेंद्र अधिकारी रवींद्र कुमार उपाध्याय को क्षेत्र की बिजली संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर लिपिक मुकेश सैनी, सभासद संजय सैनी, सभासद प्रतिनिधि देवेंद्र पाल, सुनहरा कोरी, रवींद्र गर्ग, सफाई नायक सुनील वाल्मीकि, सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

वही नगर पंचायत झिंझाना में पहुंचे एससी एसटी आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मिकी का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद नगर पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने सफाई कर्मचारियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने छुट्टियों, वेतन, सुरक्षा उपकरण व अन्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखते हुए एक मांग पत्र सौंपा। इस पर महिपाल बाल्मिकी ने भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय कर जल्द कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ हर पात्र कर्मचारी तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को जागरूक करते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी समस्या को छिपाने के बजाय खुलकर सामने रखें, ताकि उसका समय पर समाधान कराया जा सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से भी कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप, तहसीलदार ललिता चौधरी, विद्युत विभाग के एसडीओ जितेंद्र कुमार, अभियंता सुरजीत कुमार, टीजी प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर पंचायत के कर्मचारी व सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के रेलवे मार्ग स्थित सभासद एवं समाजसेवी जुनेद मुखिया के आवास पर मंगलवार शाम रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से दोनों समाज के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर आपसी भाईचारे, सौहार्द और एकता की मिसाल पेश की. रोज इफ्तार में भाईचारा कायम और देश में अमन चैन की दुआ कराई गई। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक वातावरण के साथ-साथ सामाजिक समरसता का भी सुंदर ख्रश्य देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर आगामी पर्व ईद उल फितर की मुबारकबाद दी और समाज में प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान समाजसेवी जुनेद मुखिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान का पवित्र महीना हमें संयम, त्याग और इंसानियत का संदेश देता है, जिसे सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिक, युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपंन हुआ, जिसने सामाजिक एकता की एक सकारात्मक मिसाल पेश की गई।

# आरके में हुआ वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आरके पीजी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मंगलवार को महाविद्यालय के सभागार में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमके जेली रहे, जबकि अध्यक्षता प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद डॉ. प्रवीण अहमद ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए जरूरी है।

क्रीड़ा महोत्सव के अंतर्गत पुरुष एवं महिला वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक, टेबल टेनिस और बैडमिंटन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। 100 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में अनु ने प्रथम, शिवानी ने द्वितीय और तनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में विशाल ने प्रथम, शुभम ने द्वितीय और अफरीदी चौधरी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 200 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में अनु ने एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तनीषा गुजराल द्वितीय और शिवानी तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में विशाल ने प्रथम, शुभम ने द्वितीय और नमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सभी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। निर्णायक मंडल में डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सीबी पटेल और डॉ. अजय कुमार सिंह शामिल रहे। उन्होंने कुल अंकों के आधार पर पुरुष वर्ग में विशाल और महिला वर्ग में अनु को बेस्ट एथलीट घोषित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# बदमाशों ने गल्ले में रखी नकदी पर किया हाथ साफ, दी तहरीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सीमेंट एंड हार्डवेयर की दुकान से दो बदमाश गल्ले में रखी करीब पोने दो लाख रुपये की नकदी उठाकर भाग खड़े हुए। घटना दुकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



हुआ यूं कि नगर की मंगलौर पुलिस चौकी के निकट स्थित आरके सीमेंट एंड हार्डवेयर स्टोर के स्वामी मोहम्मद नसीम दोपहर के समय नमाज पढ़ने के लिए पास ही में स्थित एक मस्जिद में गए थे। दुकान पर एक कर्मचारी मौजूद था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक ग्राहक बनकर वहां आए और दुकान स्वामी के आने का इंतजार करने की बात कहते हुए दुकान के भीतर बैठ गए और बेहद शातिराना तरीके से कर्मचारी की निगाह बचते ही उक्त दोनों दुकान में रखे गल्ले से करीब पोने दो लाख रुपये की नकदी उठाकर भागने लगे।

कर्मचारी ने शोर मचाते हुए एक युवक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह उसे धक्का देकर भाग निकला हालांकि जल्दबाजी में उक्त युवक अपनी बाइक मौके पर ही छोड़ गए। यह सारी घटना पास ही में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। दुकान स्वामी मोहम्मद नसीम पुत्र खलील अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है। चौकी प्रभारी अजब सिंह का कहना है कि जल्द से जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# मीट की दुकानों पर चलाया चेकिंग अभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पुलिस को साथ लेकर नगर में मीट की दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान खाद्य पंजीकरण लाइसेंस नहीं पाए जाने पर सात दुक. ानों का चालान किया गया।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश कुमार वर्मा और कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान टीम मुहल्ला अबुल बरकात जामा मस्जिद, रेती चौक, बैरून कोटा, तेली मोरी और अबुलमाली मुहल्ले में स्थित मीट की दुकानों की चेकिंग की गई। इस मौके पर युसूफ मुहल्ला अबुल बरकात, तसलीम, अरशद, इमरान व फूल मियां निवासीगण अबुलमाली, हारिस निवासी बैरून कोटला और दानिश निवासी बड़जियाउलहक भैंस का मीट बेचते पाए गए लेकिन इनके पास खाद्य पंजीकरण लाइसेंस नहीं मिला। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सातों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की।

वहीं, कई मीट की दुकानों पर साफ सफाई नहीं मिलने पर उन्हें भविष्य में दुकानों में सफाई रखने को कहा गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश वर्मा ने बताया कि सात मीट विक्रेताओं के पास लाइसेंस नहीं मिले थे, जिनकी दुकानों के चालान किए गए। बताया कि आगे की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

# ग्राम पंचायत बैठक का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** खंड विकास कार्यालय में आयोजित ग्राम पंचायत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 20 और 21वीं वित्त आयोग की योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यो की रुपरेखा तैयार करने की चर्चा की गई।

खंड विकास कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में स्वच्छता, सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रस्ताव रखे गए। पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराने पर जोर दिया। बैठक में निणर्य लिय गया कि विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजे जाएंगे जिससे समयबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, कार्यों की पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान पंचायत सदस्य, ग्राम विकास अधिकारी, संबंधित विभागों के कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने मिलकर गांव के समग्र विकास के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष ममता त्यागी और संच. ालन कुलदीप सैनी ने किया। इस दौरान बीडीओ अमित नारंग, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजय त्यागी, शिवराज रौड, अर्जुन सिंह प्रधान, डा. उपेंद्र, सोनित कश्यप, विपिन भारतीय, विजेंद्र राणा, एडीओ अनिल कुमार, जितेंद्र धीमान आदि शामिल रहे।

# नामित सभासदों का भाजपाइयों ने किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सरकार द्वारा नगर पालिका परिषद में नामित हुए पांच सभासदों का भाजपाइयों ने जोरदार अभिनंदन किया। नवनामित सभासदों ने कहा कि वह ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे।



रेलवे रोड पर सुभाष चौक के निकट आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता और कार्यकर्ताओं ने नामित सभासदों ने मंजू शर्मा, विजेंद्र वर्मा, ऋषिपाल कश्यप, राहुल वाल्मीकि एवं राजन छाबड़ा का फूल मालाएं व पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

अरुण गुप्ता ने कहा कि संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान हमेशा संगठन ने सर्वोपरि रखा है। उन्होंने सभासदों को अपने कर्तव्य उत्तरदायित्व को समझते हुए अपने अधिकारों का पूर्ण उपयोग करने का आह्वान किया। नामित पांचो सभासदों ने प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह का आभार जताया और कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उस पर खरा उतरते हुए अपने कर्तव्य निर्वहन के प्रति हमेशा सजग रहेंगें।

# तरावीह में कई मस्जिदों में कुरान मुकम्मल

**स्योहारा।** रमज़ान के मुबारक माह के 27वीं शबे कद्र के मौके पर नगर की कई मस्जिदों में तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मिलकियान की मिरासियान मस्जिद हाजी वाली मस्जिद और पालिका के सामने स्थित ज़ीनत मस्जिद में विशेष दुआ कराई गई और लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। बीती रात मिरासियान मस्जिद में कारी हुजैफा ने तरावीह में कुरान शरीफ सुनाया। इस मौके पर उलेमाओं ने दुआ कराई और बच्चों के वालिद जाकिर हुसैन बैटरी वालों को मुबारकबाद दी वहीं हाजी वाली मस्जिद में हाफिज अब्दुल्ला मंसूरी ने कुरआन मुकम्मल सुनाया जबकि मुफ्ती उबैद ने क़ुरआन सुना इस अवसर पर लोगों ने हाफिज अब्दुल्ला के वालिद जकीउल्ला मंसूरी को भी मुबारकबाद दी इसी तरह पालिका के सामने स्थित जीनत मस्जिद में कारी बशर पुत्र हाफिज इरशाद ने तरावीह में कुरान मुकम्मल किया। कुरान मुकम्मल होने पर उलेमाओं ने सामूहिक दुआ कराई और कहा कि किसी घर से हाफिज-ए-कुरान का तैयार होना वालिदैन के लिए बड़े फख्र और नेमत की बात है।

इस मौके पर मुफ्ती अली हसन, मुफ्ती सदाकत अंसारी, हाजी अनवर जमाल, डा. दानिश कमाल, उबैद अख्तर, सुहैल जफर, अतीक, इंजी. हाजी मतलूब, हाजी उबैदुर्रहमान नौशा, डा. तफ्फजुल, मुफिजुर्रहमान, रईस ठेकेदार, अनीसुल हई, अमन अख्तर, हाजी नवाबुद्दीन, मास्टर खुर्शीद, कासिम सलमानी, अमजद अहमद, अलीम अहमद, दानिश इकबाल, सुबहान रबी, जमाल अहमद, नवेदुर्रहमान, रईस, अमीन, फहीम अहमद, हाजी पप्पू, हाजी गुड्डू, अज़हर अहमद, नैय्यर चौधरी, साजिद अहमद, जुनैद, आरिफ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रमीज़ अहमद के नेतृत्व में गुड्डू आदि रहे।

## एक नजर

### भाकियू ने सौंपा पत्र



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन की आवश्यक बैठक तहसील प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को किसानों से संबंधित अंश संशोधन करवाने और दाखिल खारिज किसान वारीशान की समस्याओं को लेकर पत्र सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता देवदत्त शर्मा, तहसील अध्यक्ष किसान यूनियन के द्वारा की गई। बैठक का संचालन जयप्रकाश राजपूत द्वारा किया गया। इस दौरान चौधरी नरदेव सिंह, चौधरी हुकुम सिंह, राम अवतार सिंह, चौधरी शिवपाल सिंह, चौधरी प्रमोद कुमार, सोनू चौधरी, प्रेम कुमार, बंटी कुमार आदि किसान भाई उपस्थित रहे।

### ईदगाह का निरीक्षण किया



**नजीबाबाद।** उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने हर्षवाड़ा ईदगाह का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण ईद पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लेने के लिए किया गया। अधिकारियों ने ईदगाह परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम खां और नगर पालिका के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। ईद के दिन हर्षवाड़ा ईदगाह में हजारों की संख्या में नमाजी नमाज अदा करने आते हैं। जिसके लिए सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

### गजेंद्र सिंह टिकैत बने तहसील अध्यक्ष



**स्योहारा।** ग्राम जट नंगला निवासी चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत को भारतीय किसान यूनियन में पदोन्नति देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष से तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके तहसील अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के किसानों और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत लंबे समय से किसान हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहे हैं और संगठन में उनकी सक्रियता व मेहनत को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उनके स्थान पर ग्राम मेवा नवादा निवासी अश्वनी कुमार को भारतीय किसान यूनियन का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है संगठन द्वारा नई जिम्मेदारी मिलने पर दोनों पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं ने बधाई दी और किसानों के हित में मजबूती से काम करने की उम्मीद जताई। इस संबंध में जानकारी देते हुए नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाकियू हमेशा किसानों के अधिकारों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी किसानों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा

# डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की

## डी और सी रैंक पाने वाले अधिकारियों को निगेटिव कमेंट देने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड, सीएमआईएस पोर्टल पर अंकित निर्माण कार्यो एवं PLFS/ASUSE सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



डीएम द्वारा सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यो, निर्माण कार्यो सहित सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान डी एवं सी रैंक प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ को निर्देश दिए कि विभागीय अधिक. ारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दें। उन्होंने बी रैंक प्राप्त करने वाले विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि उनके द्वारा कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं लाया जाता है, तो उनको भी प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड सीधे योजनाओं की निगरानी का डिजिटल टूल है। डैशबोर्ड पर हर जिले की योजनाएं रियल टाइम ट्रैक होती हैं, जिससे रैंकिंग तय होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रैंकिंग में किसी भी अवस्था में गिरावट नहीं आनी चाहिए, सभी अधिकारी रैंकिंग बढ़ाने का प्रयास जारी रखें तथा इस अहम कार्य में किसी भी स्तर पर ढिलाई कदापि न बरतें।

उन्होंने विकास कार्यो में प्रगति लाने एवं शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक एवं न्यूनतम स्तर पर लाने के दृष्टिगत निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआईएस की समीक्षा बैठक प्रति माह दो बार आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने दायित्वों के प्रति पूर्ण गंभीर एवं सजग रहे और किसी भी स्तर पर कार्य की प्रकृति को प्रभावित न होने दें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की योजनाओं के बिंदुओं पर ए प्लस प्राप्त हुआ है, विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति बनाए रखें तथा कम प्रगति वाले विभाग निर्धारित बिंदुओं पर फोकस कर विभागीय अधिकारी कार्य की प्रगति में अपेक्षित तेजी लाकर रैंकिंग को मानक के अनुरूप लाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान कृषि सम्मान निधि, शहरी विद्युत सप्लाई, पीएम एवं सीएम आवास योजना, पंचायत राज, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित अन्य विभागों की रैंकिंग कम पाए जाने पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया की पुरी गंभीरता और तेजी के साथ विभागीय कार्यो में प्रगति लाते हुए रैंकिंग बढ़ाएं इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अलावा डीएम द्वारा सीएमआईएस, विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण है, उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

डीएम द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यो सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, कृषि, सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य विभागों की कार्यो की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनपद को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें।

सांख्यिकी विभाग द्वारा संचालित पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (PLFS)और एनुअल सर्वे ऑफ अनइनकॉर्पोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज (ASUSE) की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि ये सर्वेक्षण नीति निर्धारण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने प्रगणकों (Enumerator) को निर्देशित किया कि डेटा संग्रह में शुद्धता सुनिश्चित करें और फील्ड कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्वेक्षण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि फील्ड स्तर पर कार्य कर रही टीमों के साथ समन्वय बनाकर सर्वेक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण करें।

इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, उपायुक्त मनरेगा आरबी यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# विवेक सेन ने कराया रोजा इफ्तार

## हजारों लोगों ने की शिरकत, आपसी भाईचारे को बताया हिंदुस्तान की पहचान





शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** आजाद समाज पार्टी के धामपुर विधानसभा के संभावित उम्मीदवार व सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन द्वारा नगर में विशाल रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

सोमवार को नगर के एक बैंकट हॉल में आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए और एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया गया।

मीडिया से बातचीत करते हुए विवेक सेन ने कहा कि रोजा इफ्तार कराने का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक-दूसरे से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आज एक ही स्थान पर हिंदू और मुसलमान साथ बैठकर रोजा इफ्तार कर रहे हैं, यही हिंदुस्तान की असली तस्वीर है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां सत्ता और वोटों की खातिर भाई को भाई से लड़ाने का काम कर रही हैं, इसलिए समाज को ऐसी ताकतों से दूर रहने की जरुत है। इस अवसर पर मौलाना अतीब उर्रहमान, साहिल मेहरा, दीपक कुमार, राजा अंसारी, गोहर इकबाल, सरदार करनवीर, राजेश सैनी, राकेश कुमार, बब्लू वाल्मीकि, प्रदीप, छोटे सिंह, इरफान अहमद, शादाब, सभासद राजेश सिंह, सुखवीर सिंह, परवेंद्र कुमार, लवली सिंह, बंटी भाई, अदनान अहमद एड., नगर अध्यक्ष शलम, शमाईल, रिजवान उर्फ सोनू, सुखवीर जिसौंदिया, मोनू, हैदर, अलतमस, राजा, उजैर, आयान, अनस, रहबर, शादाब पप्पू, शहजाद खान, फहद, शमशाद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


## एक नजर

### शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना



**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी में आयोजित किए गए बाबा खाटू श्याम जी के 144 वे दरबार तथा विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपने हाजिरी लगाते हुए श्याम बाबा के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न भजनों के सामूहिक उच्चारण तथा पारंपरिक जयकारो की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम स्थल को श्रद्धा भावना से परिपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया श्याम बाबा के चरणों से सभी सनातन परिवारों में शांति, खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना की। पूजन कार्यक्रम पंडित अमित कुमार वशिष्ठ एवं पंडित सुमित कुमार वशिष्ठ ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने बाबा के दरबार में माथा टेकने और अपनी हाजिरी लगाने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को मोर पंखी के माध्यम से आशीर्वाद प्रदान करते हुए तथा उनके मस्तक पर तिलक लगाते हुए श्याम बाबा के चरणों से यह प्रार्थना की।

### तुषार गौड बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**शिवाला कलां।** नूरपुर ब्लॉक के गांव शिवाला कलां निवासी तुषार गौड़ को भारतीय जनता पार्टी जनपद बिजनौर का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। तुषार गौङ के जिला उपाध्यक्ष बनने से उनके मित्रों एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। इससे पहले तुषार गौड़ भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्धनगर मे लोकसभा विस्तारक उसके उपरान्त हाथरस लोकसभा विस्तारक रह चुके है। जिला उपाध्यक्ष बनने पर तुषार गौङ ने कहा पार्टी ने उन्हे जो जिम्मेदारी दी है वह पूर्ण निष्ठा एवं निस्वार्थ भाव से पार्टी के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने लखनऊ प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल से मिलकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

### छह वर्ष के बच्चे ने रखा रोजा

**अफजलगढ़।** मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं, जिनके सपनों में जान होती है। सिर्फ परों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। ऐसा ही हिम्मतवाला कारनामा एक छह वर्ष के बच्चे ने रोजा रख अन्जाम दिया।

### भाकियू की पंचायत का आयोजन

**बुंदकी।** भाकियू की पंचायत का आयोजन नगीना गन्ना समिति के प्रांगण में किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. धर्मवीर सिंह ने की तथा संच. ालन वीरेंद्र सिंह ने किया। पंचायत में किसानों की समस्याओं हो हल कराने की मांग उठाई गई। गन्ना समिति में किसानों को खाद के साथ अतिरिक्त दवाइयां दी जा रही है। जिसे किसान लेना नहीं चाहते, उसे किसानों को न दिया जाए। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के घर जाकर जबरदस्ती न लगाए जाए। बिजली के बिलों, जर्जर तारों, फूके ट्रांसफार्मरों की समस्या का तुरंत समाधान किया किया जाए। आवारा पशुओं को पड़कर गौशाला छुड़वाया जाए।

### नाले में मिला बुजुर्ग का शव

**स्योहारा।** पास नाले में बुजुर्ग की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने लाश को नाले से बाहर निकलवा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मृतक की पहचान ग्राम मंदोरी निवासी रामकुमार (65 वर्ष) पुत्र सत्तू सिंह के रूप में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार द्वारा सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नागरिकों के अनुसार रामलीला ग्राउंड के पास नाले में लाश मिली है, वहां सरकारी शराब का ठेका स्थित है।

# युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर

**● आईपीएल-2026 : सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के, कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे**




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 में एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा, जहां युवा जोश का सामना अनुभवी सितारों से होगा। इस सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के हैं, जबकि दूसरी ओर कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे।

आईपीएल के 19वें सीजन यानी आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। इस सीजन के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की भिड़ंत एमं चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होनी है। दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी-20 लीग में इस बार युवा जोश बनाम अनुभव, यानी एक खास मुक. ाबला देखने को मिलेगा। एक ओर ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उम्र 19 साल से भी कम है और जो पहली बार इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं, वहीं दूसरी तरफ कई अनुभवी दिग्गज हैं जो वर्षों के अनुभव के साथ मैदान में उतरेंगे। यही वजह है कि आईपीएल 2026 में नई पीढ़ी और पुराने सितारों के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिल सकती है।

आईपीएल 2026 के पांच सबसे युवा खिलाड़ी

**वैभव सूर्यवंशी**- आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे। वैभव की उम्र अभी सिर्फ 14 साल है। पिछले सीजन वैभव ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी को खासा प्रभावित किया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वैभव ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया था। उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाया था। वैभव ने 7 मुकाबलों में 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 252 रन बनाए थे।

**आयुष म्हात्रे**- 16 जुलाई 2007 को जन्मे चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। फिलहाल आयुष की उम्र 18 साल 160 दिन है। आयुष के लिए पिछला सीजन शानदार रहा था। उन्होंने 7 मुकाबलों में 188 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 240 रन बनाए थे। आयुष से चेन्नई सुपर किंग्स को इस सीजन दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**साहिल पारिख**- आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले साहिल पारिख तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। साहिल की उम्र फिलहाल 18 साल 199 दिन है। साहिल को दिल्ली कैपिटल्स ने आक्शन में 30 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया है। आगामी सीजन में साहिल से दिल्ली को बढ़िया प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**सात्विक देसवाल**- आईपीएल के लिए हुए आक्शन में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सात्विक देसवाल को 30 लाख में खरीदा था। सात्विक इस सीजन खेलने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। उनकी उम्र 18 साल 275 दिन है। सात्विक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं। सात्विक को अगर प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है, तो वह अपनी गेंदबाजी से छाप जरूर छोड़ना चाहेंगे।

**विहान मल्होत्रा**- अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित करने वाले विहान मल्होत्रा आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। विहान की फिलहाल उम्र 18 साल 356 दिन है। विहान को आरसीबी ने 30 लाख में खरीदा है। आईपीएल के पांच सबसे उम्रदराज खिलाडी

**एमएस धोनी**- आईपीएल 2026 में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी मैदान पर उतरेंगे। धोनी की उम्र 44 साल है। पिछले दो सीजन से धोनी बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे बैटिंग करने आ रहे हैं। आईपीएल 2025 में धोनी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। वह 14 मुक. ाबलों में 135 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 196 रन ही बना सके थे।

**रोहित शर्मा**- मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। रोहित इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन में 38 साल की उम्र में खेलेंगे। रोहित के लिए पिछला सीजन बल्ले से शानदार रहा था। उन्होंने 15 मुकाबलों में 149 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 418 रन बनाए थे।

**विराट कोहली**- रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पिछले सीजन पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विराट को. हली आईपीएल 2026 में खेलने वाले तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। आगामी सीजन में कोहली 37 साल की उम्र में खेलते हुए नजर आएंगे। आईपीएल 2025 में खेले 15 मुकाबलों में विराट ने 144 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 657 रन बनाए थे।

**ईशांत शर्मा**- आईपीएल 2026 में ईशांत शर्मा 37 साल की उम्र में हिस्सा लेंगे। ईशांत गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। हालांकि, आईपीएल 2025 में ईशांत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। वह 7 मुक. ाबलों में सिर्फ 4 विकेट निकाल सके थे और उनका गेंदबाजी इकोनामी भी 11.18 का रहा था।

**अजिंक्य रहाणे**- आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने वाले अजिंक्य रहाणे इस सीजन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे।

---

**खेल विशेष**

## आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी छठे नंबर से नीचे नहीं उतरें : एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने को है और एक बार फिर सभी की नजरें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी पर रहेगी। धोनी इस लीग की शुरुआत से ही हर सीजन में खेले हैं और फैंस फिर उन्हें मैदान पर उतरता हुआ देखेंगे। धोनी ने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अब टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने धोनी को सलाह दी है। डिविलियर्स ने धोनी के बल्लेबाजी क्रम पर बेबाक राय रखी है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी का छठे नंबर से नीचे नहीं उतरना चाहिए क्योंकि आठवें और नौवें स्थान पर उतरना उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है और 44 साल के धोनी फिर येलो जर्सी में नजर आएंगे। सीजन की शुरुआत से पहले डिविलियर्स ने इस करिश्माई खिलाड़ी से पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजी क्रम में बहुत नीचे खेलने की रणनीति को बदलने की अपील की। वहीं, सीएसके ने आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले सैमसन को ट्रेड करने का फैसला किया, जो उनकी भविष्य की योजनाओं का हिस्सा था। धोनी की भूमिका पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि यह बहुत मुश्किल है और सीधा-सीधा मामला नहीं है। ब्रांड बनने में वर्षों लगते हैं और सीएसके ने धोनी की शख्सियत के साथ कई वर्षों में यह साम्राज्य खड़ा किया है जो हमेशा से वहां मौजूद रहे हैं। जब आप सीएसके का नाम लेते हैं, तो तुरंत आपके दिमाग में धोनी का नाम आता है। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी भूमिका पूरी तरह से उस ब्रांड को जितना हो सके, उतना मजबूत बनाए रखने की रही है।

---

## आईपीएल स्टार यश दयाल की नोएडा में शादी, प्रयागराज में होगा रिसेप्शन




**● यश दयाल मीडिया एंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए हैं**

**प्रयागराज, वार्ता।** प्रयागराज के रहने वाले भारतीय क्रिकेटर यश दयाल मीडिया इंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए है।

दोनो ने करीबी रिश्तेदार और मित्रों की मौजूदगी में नोएडा में फेरे लिए है जबकि उनका रिसेप्शन प्रयागराज में होगा जिसमें खेल जगत की खास हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। यश दयाल के विवाह की की पुष्टि उनके पिता चंद्रपाल दयाल ने की है। उन्होंने बताया कि यश दयाल एक सप्ताह के भीतर प्रयागराज आएंगे, जिसके बाद यहां उनके सम्मान में एक रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में खेल जगत से जुड़े कुछ खास मेहमानों के शामिल होने की संभावना है। सोशल मीडिया पर यश दयाल की शादी से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी तेजी से वायरल हो रही हैं। प्रयागराज के रहने वाले यश दयाल ने क्रिकेट की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और वर्तमान में भारतीय क्रिकेट से जुड़े प्रमुख तेज गेंदबाजों में गिने जाते हैं। शादी की खबर सामने आने के बाद परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में खुशी का माहौल है। प्रयागराज के चकिया स्थित उनके घर पर भी उत्साह का वातावरण है और सभी उनके घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। यश दयाल के पिता चंद्रपाल दयाल सरकारी कर्मचारी हैं।

---

## द. अफ्रीका की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को हराया

**● द. अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 18 रनों से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली**



**हैमिल्टन, वार्ता।** ताजमिन ब्रिट्स (53), कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (नाबाद 41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अयाबोंगा खाका (चार विकेट) और एन म्लाबा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुक. ाबले में न्यूजीलैंड को 18 रनों से शिकस्त दी।

इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला ने टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 177 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सुने लुस और ताजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े। सातवें ओवर में अमेलिया केर ने सुने लुस 21 गेंदों में (31) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ताजमिन ब्रिट्स ने 43 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 53 रनों की पारी खेली। उन्हें 13वें ओवर में अमेलिया केर ने आउट किया। एनेरी डर्कसन (2), क्लो ट्रायॉन (2) और एन डीक्लर्क (चार) रन बनाकर आउट हुई। लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 33 गेंदों में चार चौके लगाते हुए नाबाद 41 रन बनाए। कायला रेनेके ने नौ गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 28 रन ठोके। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर और जेस केर ने दो-दो विकेट लिए। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम को अयाबोंगा खाका की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने 19-1 ओवर में 159 रन पर ढेर कर मुकाबला 18 रनों से जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान अमेलिया केर ने सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। इजी शार्प (29), सोफी डिवाइन (25), मैडी ग्रीन (18), ब्रुक हॉलिडे (16) और जेस केर (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए अयाबोंगा खाका चार विकेट लिए। एन म्लाबा को तीन विकेट मिले। एनेरी डर्कसेन, एन डी क्लर्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

---

## न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को हराया

**● कीवियों ने द. अफ्रीका को 68 रनों से दी मात, डवेन कॉन्वे को उनकी शानदार बैटिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया**



**हैमिल्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) की अर्धशतकीय पारी के बाद लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स (तीन-तीन विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से मात दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों सीरीज 1-1 से बराबर कर ली हैं। डेवन कॉन्वे को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 15-3 ओवरों में 107 रन ही बना सकी और 68 रनों मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए जॉर्ज लिडे ने 12 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 33 रन बनाए। इसके अलावा रूबिन हरमन (19), वियान मुल्डर (16), जेसन स्मिथ (13) और जेसन स्मिथ (10) रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स तीन-तीन विकेट लिए। मिचेल सैंटनर को दो विकेट मिले। जिमी नीशम और कोल मैककोन्ची ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 175 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। डेवन कॉन्वे ने 49 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। निक केली 12 गेंदों में (21) और कप्तान मिचेल सैंटनर 14 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। कोल मैककोन्ची ने 12 गेंदों में (नाबाद 18) और जॉश क्लार्कसन ने नौं गेंदों में नाबाद 29 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए वियान मुल्डर ने दो विकेट लिए।

---

## चोटिल जॉर्डन हरमन शेष टी-20 मैचों से हुए बाहर



**हैमिल्टन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जॉर्डन हरमन दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेब्यू करते हुए, हरमन को रविवार को माउंट माउंगानुई के बे ओवल में खेले गए पहले टी-20 मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी, जिसके बाद वह मैच में आगे हिस्सा नहीं ले पाए। अब चिकित्सा जांच के लिए किए गए स्कैन से ग्रेड-2 टियर की पुष्टि हो गई है। दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक हरमन की जगह किसी और खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है।

---

## पिंडली की चोट के कारण डेन वैन नीकेर्क न्यूजीलैंड दौरे से हुई बाहर



**● डेन वैन नीकेर्क चार साल के अंतराल के बाद दिसम्बर में टी-20 टीम में वापस आई थीं**

**हैमिल्टन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की ऑलराउंडर डेन वैन नीकेर्क पिडली की चोट के कारण न्यूजीलैंड दौरे के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार, 32 साल की इस खिलाड़ी को दाहिनी पिडली में चोट लगी है।

दोनों टीमों के बीच पहले महिला टी- 20 मैच से पहले उन्हें परेशानी महसूस हुई थी। वह उस मैच में नहीं खेलीं और अब न तो शेष टी-20 मैचों और न ही उसके बाद होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेंगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने उनकी जगह एनेके बॉश को टीम में बुलाया है।

डेन वैन नीकेर्क चार साल के अंतराल के बाद दिसम्बर में टी-20 टीम में वापस आई थीं। उन्होंने आयरलैंड और फिर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेले थे। पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच न खेल पाने के बाद, वह न्यूजीलैंड में इस प्रारुप में खेलने के लिए तैयार थीं।

---

## डीडीसीए ने प्रतिका रावल व उद्धव मोहन को किया सम्मानित

**● सम्मान समारोह में प्रतिका रावल को 51 लाख व जूनियर टीम के मोहन को 11 लाख का नकद पुरस्कार दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के विश्व कप विजेताओं प्रतिका रावल और उद्धव मोहन को सम्मानित किया।

यहां आयोजित सम्मान समारोह में सोमवार को प्रशासक, पत्रकार और खिलाड़ी भारतीय खेलों की विभिन्न उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए थे। सम्मान समारोह के दौरान डीडीसीए ने एकदिवसीय विश्व. कप 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा रही रावल को 51 लाख के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता मोहन को राष्ट्रीय जूनियर टीम के साथ उनकी उपलब्धि के लिए 11 लाख का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि उन खिलाड़ियों को सम्मानित करना हमेशा खास होता है, जो दिल्ली की व्यवस्था से उभरकर सामने आए हैं और जिन्होंने देश का गौरव के साथ प्रतिनिधित्व किया है। इस तरह की उपलब्धियां उन अनगिनत युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करती हैं, जो इसी राह पर चलने का सपना देखते हैं। एक संघ के तौर पर, हमारा मानना है कि प्रतिभा की अगली पीढ़ी को निखारने में पहचान और प्रोत्साहन की अहम भूमिका होती है। रावल ने कहा कि जब आपको इतने बड़े मंच पर सम्मानित किया जाता है, खासकर डीडीसीए और रोहन सर द्वारा, तो सचमुच बहुत अच्छा लगता है।

---

## घुटने की चोट के चलते बेवन जैकब्स दूसरे टी-20 से हुए बाहर




**● बेवन जैकब्स की जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया**

**हैमिल्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के मध्यमक्रम के बल्लेबाज बेवन जैकब्स अपने बाएं घुटने में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले से बाहर हो गए हैं।

उनकी जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया गया है। 23 साल के जैकब्स माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले टी-20 के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय अपने बाएं घुटने के बल गिर पड़े थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा।

उनके घुटने का स्कैन किया गया, जिसमें पता चला कि उनके घुटने के एक तरफ हड्डी में चोट (बोन ब्रूजिग) लगी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि जैकब्स के मैदान पर वापसी की समय-सीमा तय करने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है। क्लार्क ने सुपर स्मैश टूर्नामेंट में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी, जहां वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। 26 साल के इस दाएं हाथ के ओपनर ने नौ पारियों में कुल 431 रन बनाए, जिसमें ओटागो के खिलाफ एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

---

## खालसा, किरोड़ी मल व विवेकानंद कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के पहले दिन मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज और विवेकानंद कॉलेज ने जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के मैच में खालसा कॉलेज ने इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (आईजीआईपीईएस) को 6-0 से हराया। विजेता टीम के लिए विपिन ने चार गोल किए, जबकि मनीष और तनुज ने एक-एक गोल दागे। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के विपिन को चुना गया। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान में उद्घाटन समारोह में खिली धूप में पीएसपीबी के सलाहकार ललित वत्स मुख्य अतिथि थे और दिल्ली यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सरिता त्यागी विशिष्ट अतिथि थीं। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करके उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मेहमानों के साथ एसजीटीबी खालसा कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर गुरमोहिंदर सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद के सहायक निदेशक डा. सुशील कुमार और पद्म श्री पुरस्कार विजेता डा. रवि चतुर्वेदी ने किया। किरोड़ी मल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को 11-2 से हराया। समर सिंह और रोहित डांगी ने चार-चार गोल किए। मैन ऑफ द मैच समर सिंह को चुना गया। महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1-0 से हराया।

## रमजान मुबारक



**28वां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.03 |
| | शिया | 4.56 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.30 |
| | शिया | 6.44 |

**मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।**

**कुरआन करीम**

# खेलों को जीवन में शामिल करें: डा.रूपेश

## आईएमए के खेल महोत्सव में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का किया आयोजन, चिकित्सकों ने बहाया पसीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईएमए के खेल महोत्सव में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में चिकित्सकों ने शानदार प्रदर्शन किया।

नालंदा वर्ल्ड स्कूल में आयोजित महोत्सव में मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डॉ रूपेश कुमार एवम नांलदा स्कूल के निदेशक सुभाष चौधरी ने पुरुस्कृत किया। डॉ रूपेश कुमार ने कहा कि खेलो को आप अपने जीवन मे शामिल करें,इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा होती है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से हम अपने शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकते है। आईएमए अध्यक्ष डॉ प्रवीण शर्मा की टीम क्रिकेट में प्रथम रही और डॉ सऊद हसन की टीम उपविजेता रही। आईएमए के खेल सचिव डॉ संजीव अग्रवाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों का परिचय मुख्य अतिथि से करवाया।



पुरुष शतरंज में डॉ रजनीश दहूजा प्रथम ,डॉ मनप्रीत द्वितीय रहे और महिला शतरंज में डॉ विनीता मल्होत्रा प्रथम रही और डॉ प्राची द्वितीय रही। वॉलीबाल में डॉ रजनीश दहूजा की टीम प्रथम एवम डॉ आयुष धवन की टीम द्वितीय स्थान पर रही। दस मीटर एयर राइफल में डॉ नरेश नौसरान प्रथम रहे डॉ प्रशांत खन्ना द्वितीय रहे। बच्चों के आर्ट कंपीटिशन में वैभवी, सार्थक, वन्या, अनाया, कियारा आदि ने पुरुस्कार जीते।

कार्यक्रम में सचिव डॉ नीरज आर्य, कोषाध्यक्ष डॉ अनुपम मलिक, डॉ राहुल सिंह, डॉ अनिल भल्ला, डॉ पंकज खन्ना, डॉ डॉ मोहन पांडे, डॉ महेश ग्रोवर, डॉ रविकान्त निरंकारी, डॉ रवि ठक्कर, डॉ मनोज आर्य, डॉ अनुपम यादव, डॉ वंदना आर्य, डॉ सुदर्शन नागपाल, डॉ अंकित गाबा, डॉ प्रमोद यादव, डॉ मुकुंद, डॉ रिक्की चौधरी, डॉ अंशुमान, डॉ प्रियांशु, डॉ रेणु शर्मा, डॉ रंजू चौधरी, श्रीमती नीरज, श्रीमती लता अग्रवाल, डॉ साक्षी मलिक, डॉ वंदना आर्या, डॉ कामायनी का विशेष सहयोग रहा।

# 26 जनवरी से गायब हैं भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष पुनीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कद्दावर नेता और भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी के रहस्यमय ढंग से लापता होने की खबर ने जिले की राजनीति में हलचल मचा दी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वे 29 जनवरी से गायब हैं।



सदर बाजार थाना पुलिस के सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, पुनीत त्यागी की पत्नी ममता त्यागी ने उनके लापता होने की लिखित सूचना दी थी। तहरीर में बताया गया कि 29 जनवरी को पुनीत त्यागी बिना बताए घर से कहीं चले गए और वापस नहीं लौटे। इस मामले की जांच थाना प्रभारी के आदेश पर उप-निरीक्षक विमल कुमार सैनी को सौंपी गई है। पुनीत त्यागी के लापता होने के पीछे केवल निजी कारण ही नहीं, बल्कि एक गंभीर कानूनी विवाद भी सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार, एक एक्ट्रेस ने उन पर अकेलेपन का फायदा उठाकर यौन शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए थे। सूत्रों के हवाले से यह भी चर्चा है कि इस मामले में भाजपा के एक बड़े प्रदेश स्तरीय नेता की मध्यस्थता से समझौता कराने की कोशिशें भी की गई हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है।

पुलिस अब इस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। क्या यह महज एक गुमशुदगी है या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश या कानूनी कार्रवाई का डर। स्थानीय जनता और राजनी. तिक गलियारों में इस समय पुनीत त्यागी का लापता होना सबसे बड़ी चर्चा बना हुआ है।

# पूर्व जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी बनाए गए जिला महामंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने और अंत्योदयश्के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सहारनपुर जिला कार्यसमिति का विस्तार कर दिया गया है। जिसमें पूर्व जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी को महामंत्री की जिम्मेंदारी सौंपी गई है।

प्रदेश अध्यक्ष माननीय पंकज चौधरी की गरिमामयी संस्तुति के उपरांत आज नई टीम के नामों पर मुहर लगा दी गई। जिसमें विजेन्द्र चौधरी, चन्द्रपाल राणा, संदीप शर्मा, अनुज राठी, श्रीमती रक्षा नामदेव, श्रीमती रूचि यादव, किशोर चौधरी एवं संजय राणा को उपाध्यक्ष, विपिन चौधरी, राकेश आर्य सैनी, डा.पवन



संवई को जिला महामंत्री, नीरज चौधरी, सहदेव पुंडीर, श्रीमती सारिका वालिया, अभिषेक त्यागी,

**■ मिली जिम्मेंदारी का निष्ठा व ईमानदारी से होगा पालन: विपिन**

सुभाष धीमान, राहुल चौधरी, सोनित कश्यप, मांगेराम सैनी को जिला मंत्री, दीपक गुप्ता को कोषाध्यक्ष तथा शनिदेव चौधरी को जिला मीडिया प्रभारी व नवीन लांबा को सह जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। विपिन चौधरी ने कहा कि जो जिम्मेंदारी पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपी गई है उसका बखूबी निर्वहन किया जायेगा। पार्टी द्वारा पहले जो जिम्मेंदारी दी गई थी उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ पालन कर दायित्वों को निभाया गया।

## निर्माण की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** तहसील क्षेत्रान्तर्गत कस्बा अंबेहटा में नगर पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता के आरोपों के बाद प्रशासनिक टीम कस्बे में पहुंची।

बताया जाता है कि अंबेहटा निवासी सुरेन्द्र ने लोकायुक्त लखनऊ में शिकायत दर्ज कराते हुए नगर पंचायत के विकास कार्यों में गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए थे जिसपर संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसडीएम नकुड़ सुरेन्द्र सिंह तथा आरईडी के सहायक अभियंता राजेन्द्र कुमार ने संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़कों की मोटाई तथा नालियों के निर्माण की तकनीकी जांच की। प्रारंभिक जांच में निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में कराया रोजा इफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय में पवित्र रमजान माह के अवसर पर सौहार्द, एकता और भाईचारे की भावना के साथ एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति फाइनेंस सैयद निजामुद्दीन, अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति केडमिक्स प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष, कुलपति प्रोफेसर डॉ. मंजू गुप्ता, प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. जॉन फिनबे तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

डॉ. शोभा त्रिपाठी एवं जमीरुल इस्लाम के संयोजन में इफ्तार से पूर्व



सभी उपस्थित लोगों ने विश्व में शांति, सद्भाव और मानवता की उन्नति के लिए सामूहिक प्रार्थना की। इसके पश्चात सभी ने एक साथ रोजा खोलकर इफ्तार किया। इस दौरान पारंपरिक व्यंजनों के साथ रमजान की आध्यात्मिक भावना, आपसी आत्मीयता और सौहार्द का सुंदर वातावरण देखने को मिला।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के आयोजन केवल धार्मिक परंपराओं का निर्वहन ही नहीं करते, बल्कि समाज में सां. प्रदायिक सौहार्द, परस्पर सम्मान और एकता को भी सुदृढ़ करते हैं। उपस्थित अतिथियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में इस तरह के आयोजन विविध संस्कृतियों को समझने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# कर्मचारी कल्याण संघों के अध्यक्ष बने विपिन भारतीय




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजसेवी व विपिन कुमार भारतीय को सर्वसम्मति से नेशनल फेडरेशन ऑफ पेट्रोलियम एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघों का अध्यक्ष चुना गया है।

यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान उन्हें एचपीसीएल, बीपीसीएल, आईओसीएल और गेल के विभिन्न कल्याण संघों द्वारा संबंधित संघों के पदाधिकारियों की विशेष बैठक के दौरान प्रदान किया गया और इसकी मेजबानी 'एचपीएसईडब्ल्यूए ने एचपी नगर पश्चिम, मुंबई के क्लब हाउस में की थी। सभी भाग लेने वाले नेताओं और संस्थापक सदस्यों की एकजुट सहमति के साथ, इस भूमिका के लिए उनका उत्थान उस अपार विश्वास और सम्मान को दर्शाता है।

# सौहार्द बढ़ाता है रोजा इफ्तार: मौलवी फरीद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ह्युंडई ऑटो मोबा. इल शोरूम में हर वर्ष की तरह इस बार भी सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इफ्तार कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों से जुड़े लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और एकता की मिसाल पेश की।

आयोजन शोरूम के मैनेजर अजय शुक्ला और उनके सहयोगी मोहम्मद फरीद द्वारा किया गया, जो पिछले कई वर्षों से इस परंपरा को निरंतर निभाते आ रहे हैं। इस मौके पर जामा मस्जिदके प्रबंधक मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी ने देश में अमन, शांति, आपसी प्रेम और भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेम, सहिष्णुता और सौहार्द को मजबूत करने का



माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि इस शोरूम द्वारा लंबे समय से आपसी सद्भाव की यह परंपरा कायम रखी गई है, जिसके लिए शोरूम मैनेजर अजय शुक्ला और उनकी टीम बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि मिलजुलकर देश में शांति, भाईचारे और एकता को मजबूत करने के लिए कार्य करें।

इफ्तार कार्यक्रम में एचएसओ जावेद खान, हाफिज मोहम्मद फैसल शाह, कांग्रेस नेता चौधरी मुजफ्फर अली, नवाब आलम, जुनैद अहमद, मोहम्मद सरफराज, विक्की मल्होत्रा और नौशाद अहमद सहित शोरूम का समस्त स्टाफ और क्षेत्र के अन्य जिम्मेदार लोग शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में मेजबान अजय शुक्ला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# 19 को चांद दिखा तो 20 की होगी ईद: काजी नदीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर काजी नदीम अख्तर ने बताया कि 19 मार्च को यदि चांद दिख जाता है तो ईद 20 मार्च को मनाई जायेगी और यदि चांद नहीं दिखता है तो ईद 21 मार्च की होगी और ईदगाह में नमाज सुबह सवा आठ बजे होगी।



शहर काजी ने कहा शासन प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार सडकों पर नमाज न पढे और ईदगाह की चाहरदिवारी के अंदर या मस्जिद के अंदर ही नमाज अदा करें। ईद की नमाज से पहले गरीबों को सदका ए फितर देना अनिवार्य है, ताकि वह भी ईद मना सके। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि नमाज केवल निर्धारित ईदगाहों या मस्जिदों में ही अदा करें। नमाज के लिये जब आये तो किसी प्रकार का बैनर या झंड लेकर जुलूस की शक्ल में न आये।

# कार्यशाला मूं एडस के प्रति जागरूक किए गए पुलिसकर्मी व प्रशिक्षु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन मे पुलिस कर्मियों व प्रशिक्षुओं को कार्यशाला के माध्यम से एडस के प्रति जागरूक किया गया।

आज जिला चिकित्सालय प्रांगण स्थित टीबी सेनेटोरियम के ऑडिटोरियम हाल मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुलिस कर्मियों एवं पुलिस प्रशिक्षुओं को एच आई वी एड्स विषयक की संवेदकरण कार्यशाला करके एच आई वी, एड्स होने के कारण, जाँच, बचाव के उपाय बता कर जागरूक किया साथ साथ यह भी बताया कि एड्स पीड़ित व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा दिलवाने मे पुलिस से सहयोग अपेक्षित है।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा प्रवीण कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अजेंदर मलिक, जिला क्षय रोग अधिकारी डा सर्वेश कुमार एवं चिकित्साधिकारी डा आशीष कुमार ने एच आई वी एड्स से जुड़े विषयों यथा रोगथाम, जाँच, उपचार एवं भेदभाव मुक्त वातावरण के बारे मे बताया।

संचालन वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम पी सिंह चावला ने किया। कार्यशाला को सफल बनाने मे पीपीएम कॉर्डिनेटर परवेंदर यादव, टीबी एच आई वी कॉर्डिनेटर ओमप्रकाश, दिशा कलस्टर से सी एस ओ ममता चौधरी, डी इ ओ संदीप कुमार, एच आई वी कॉउंसलर नरेंद्र कुमार, प्रवेश कुमार, नाथी राम, कुलदीप शर्मा एवं अमित कुमार का विशेष योगदान रहा

## देवर भाभी पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

**चिलकाना।** सहारनपुर निवासी पीड़ित ने अपनी बहन के देवर व देव. रानी पर जान से मारने की नीयत से उसकी बहन का गला घोंटने, गाली गलौज व मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित अमजद पुत्र फरजन्द निवासी ग्राम मानकपुर सादात ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उसकी बहन की शादी अबूजर निवासी मोहल्ला गढी कस्बा व थाना चिलकाना के साथ हुई थी। आरोप है कि विगत 14 मार्च को रात्रि के समय पीड़ित की बहन तबस्सुम घर पर अकेली थी। तभी बहन का देवर तौकीर पुत्र कय्यूम व आयशा पत्नी तौकीर निवासी मौहल्ला गढी कस्बा व थाना चिलकाना पीड़ित की बहन के साथ घर के बटवारे को लेकर गाली गलौच करने लगे।

यदि बहन ने गाली देने से मना किया तो उपरोक्त दोनो ने उसके के गले में रस्सी डालकर नीचे गिराकर जान से मारने का प्रयास किया तथा मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

**लोहे की रॉड बरामद: सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। मिली जानकारी के अनुसार थाना जनकपुरी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार व उपनिरीक्षक संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित दो आरोपियों अमित यादव पुत्र विरेंद्र यादव निवासी चकहरेटी थाना जनकपुरी व शिवम पुत्र अमर सिंह निवासी मांडेबांस को ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे निर्माणाधीन प्लाट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद कर ली।
















## चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर पुलिस अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी 19 मार्च चौत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद स्थित माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा।

मेले में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सहारनपुर पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा एवं व्यवस्थात्मक तैयारियाँ सुनिश्चित की हैं। मेले के सुचारु संचालन के लिए यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन (क्राउड मैनेजमेंट), पार्किंग व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी को सुदृढ़ किया गया है।

## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता ( सहारनपुर )

### निविदा सूचना

इस मिल समिति में पेराई सत्र 2025-26 की समाप्ति उपरान्त मिल के ऑफ सीजन 2026-27 हेतु रिपेयर मेन्टीनेन्स के कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व मिल में निश्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु निविदाएं Gem.gov.in पर आमन्त्रित की गई है। जिसका विवरण निमन्वत् है-

| क्र.स. | कार्य का विवरण। | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 01 | मिल समिति के बैगास यार्ड के अवशेष बैगास को एकत्र कर, पिरामिड आकार का चट्टा बनाने से सम्बन्धित कार्य । | 06.04.2026 |
| 02 | सम्पूर्ण बिल हाउस की सफाई एवं फास्टिक सोडा द्वारा धुलाई कर, मलबे को निर्देशित स्थान पर डालने का कार्य। | 03.04.2026 |
| 03 | पेराई सत्र 2025-26 की समाप्ति उपरान्ह सम्पूर्ण ब्वायलर हाउस की पूरी बाह्य सफाई। | 06.04.2026 |

उपरोक्त निविदाओ से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते एवं अन्य विवरण निविदा प्रपत्र पर अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

( अंकित कुमार )
पी.सी.एस.
प्रधान प्रबन्धक






शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 18 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईरान का खेल

डोनाल्ड ट्रंप के जीत के दावों के बावजूद ईरान की क्षमता का गलत आकलन सामने आया है। होर्मुज स्ट्रेट संकट, सहयोगी देशों की बेरुखी और बढ़ती तेल कीमतों ने अमेरिका पर दबाव बढ़ाया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, जबकि विश्लेषक इसे अमेरिका-इजरायल की बड़ी रणनीतिक चूक मान रहे हैं। ईरान के खिलाफ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी लॉन्च करने के बाद से अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि यह जंग उन्होंने करीब जीत ही ली है और तेहरान बातचीत के लिए गिड़गिड़ा रहा है। हालांकि दो हफ्ते से ज्यादा वक्त बाद भी जो जमीनी हकीकत है, वह बताती है कि ईरान की क्षमताओं को आंकने में अमेरिका-इस्राइल से चूक हो गई। यह बात ट्रंप की उन अपीलों से भी जाहिर हो रही है, जो उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर की हैं। ट्रंप चाहते हैं कि नैटो और दूसरे देश भी होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने के लिए आगे आएं। उन्होंने जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और फ्रांस का नाम लिया है। हालांकि किसी भी देश ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऑस्ट्रेलिया ने तो साफ तौर पर इनकार कर दिया है, जबकि जापान ने कानूनों का हवाला दिया है। इस बेरुखी पर ट्रंप ने नैटो को धमकी दी है, तो पेइचिंग को याद दिलाया है कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर उसका रु. 90 प्रतिशत तेल जाता है और उनकी चीन यात्रा टल भी सकती है। दुनिया दबाव की यह रणनीति टैरिफ वॉर में भी देख चुकी है। दूसरों को इस लड़ाई में खींचने की बेताबी बताती है कि ट्रंप फंसा महसूस कर रहे हैं। अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एकतरफा युद्ध तब शुरू किया, जब समझौते को लेकर बातचीत चल रही थी और माना जा रहा था कि इस बार कोई रास्ता निकल सकता है। इस एकतरफा फैसले का ही असर था कि ब्रिटेन ने शुरू में अपने सैन्य अड्डे इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी थी, जिसे लेकर ट्रंप आज तक नाराज बताए जाते हैं। अमेरिका-इजरायल केवल ईरान की ताकत को ही भांपने में गलत साबित नहीं हुए, बल्कि यह समझने में भी चूक कर गए कि संघर्ष कितना व्यापक हो सकता है। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। धरती का सबसे व्यस्त तेल मार्ग बंद है। बढ़ती अनिश्चितता ने क्रूड ऑयल के दाम को 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंचा दिया है। पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था दबाव का सामना कर रही है। बड़ी चूक। हालात पर साफगोई की उम्मीद ट्रंप से अब भी नहीं की जा सकती है। वह तो अपने दावे पर कायम हैं कि ईरान समझौता करना चाहता है, जबकि तेहरान बार-बार कह रहा है कि अमेरिका को उसकी आक्रामकता का जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी मीडिया और वहां के कई राजनेता मान रहे हैं कि वॉशिंगटन से बड़ी चूक हो गई। ईरान युद्ध पश्चिम एशिया को लेकर अमेरिका के गलत आंकलनों और पूर्वाग्रहों का एक और उदाहरण है।

## भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया



राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई, भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था, भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की कोशिश की, यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा, लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया, हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की।

**दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सदस्य कांग्रेस कार्य समिति और पार्टी सांसद**

# दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है

आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिका. रिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।



'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि हमैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्व इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विच. ारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**

# विकास का अनोखा मोड़, चीजों का लुप्त हो जाना

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवत: उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**

सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।



इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवत: उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

# एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे। इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति

जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।



की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुन: स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

**-साभार आर.आर.**



मलेशिया। सेपांग स्थित कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची ईरान की महिला फुटबॉल टीम की सदस्य।

## यूएई तट से 23 समुद्री मील पूर्व में पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला: यूकेएमटीओ

**लंदन।** ब्रिटिश नौसेना ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पूर्वी तट पर फुजैराह से 23 समुद्री मील पूर्व में एक पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया है। रॉयल नेवी के ब्रिटेन समुद्री व्यापार कार्यालय (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूकेएमटीओ को फुजैराह (ओमान की खाड़ी) से 23 समुद्री मील पूर्व में एक घटना की सूचना मिली है। लंगर डाले हुए एक टैंकर ने अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला होने की सूचना दी है। इस हमले में उसे मामूली क्षति हुई है। इसमें चालक दल के किसी सदस्य को चोट नहीं आई है।

# पश्चिम एशिया युद्ध पर चीन के बाद रूस की भी चेतावनी

## मास्को ने तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत शुरू करने की अपील की, नागरिकों की सुरक्षा पर जताई चिंता

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव के बीच रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने की अपील की है। इससे पहेल होर्मुज संकट पर चीन ने भी अमेरिका को चेतावनी दी थी। रूस के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मौजूदा संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है और इससे आम नागरिकों की जान पर खतरा बढ़ गया है।

रूस ने कहा कि हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और इसे तुरंत रो. कने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक रास्ता अपनाना जरूरी है। रूस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में हिंसा का नया और खतरनाक दौर शुरू हो गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस हमले के बाद क्षेत्र में तनाव तेजी से बढ़ा है और अब तक

**■ रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं**



सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का कोई स्पष्ट अंत नजर नहीं आ रहा है और इससे क्षेत्रीय स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई ने मध्य पूर्व में हिंसा के अभूतपूर्व चक्र को जन्म दिया है। बयान में कहा गया कि यह हमला बिना उकसावे के किया गया था। रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं। रूस ने कहा कि इस युद्ध का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है। मंत्रालय ने बताया कि ईरान और खाड़ी के अरब देशों में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। रूस ने सभी पक्षों से अपील की कि वे नागरिक इलाकों और बुनियादी ढांचे पर हमले बंद करें। बयान में कहा गया कि नागरिकों की मौत और पीड़ा को तुरंत रोकना जरूरी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। यह समुद्री मार्ग दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जाता है। रूस के अनुसार इस मार्ग में बाधा आने से वैश्विक व्यापार और तेल बाजार पर गंभीर असर पड़ सकता है। रूस ने कहा कि वह इस संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। मास्को ने कहा कि उसके पास ऐसे संसाधन और कूटनीतिक क्षमता है जिससे दीर्घकालिक और स्थायी समाधान में मदद मिल सकती है। रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है।

## इराकी हिजबुल्लाह ने की अपने वरिष्ठ कमांडर के मौत की घोषणा

**बगदाद/ब्रसेल्स।** ईरान से संबद्ध इराकी मिलिशिया, कताइब हिजबुल्लाह ने मंगलवार को अपने एक वरिष्ठ कमांडर, अबू अली अल-अस्करी की मौत की घोषणा की।यह हाल के दिनों में समूह के शीर्ष नेताओं की हत्या की दूसरी घटना है। इससे पहले मिलिशिया ने पुष्टि किया था कि बगदाद स्थित उसके एक कार्यालय को निशाना बनाकर किए गए हमले में एक अन्य वरिष्ठ नेता अबू अली अल-अमीरी मारा गया था। ये घटनाएं इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया और अमेरिका के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच हुई हैं जिसमें दोनों पक्षों ने हाल के हफ्तों में एक दुसरे पर हमलों की सूचना दी है। इससे पहले हिजबुल्लाह समूह ने बगदाद के बाहर एक अमेरिकी हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट के पास रेस्टोरेंट में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी में फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे के पास एक रेस्टोरेंट में मंगलवार तड़के हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावर वारदात के बाद से फरार है। शुरुआती जांच के अनुसार, एक सशस्त्र व्यक्ति स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:45 बजे (स्थानीय समयानुसार) रेस्टोरेंट के भीतर दाखिल हुआ और वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। हमले में घायल दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### निर्यात सामान वापस आने पर आयात नहीं माना जाएगा : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया है कि ईरान युद्ध की वजह से रास्ता नहीं मिलने के कारण यदि कोई निर्यात किया गया सामान वापस आता है तो अनलोडिंग होने पर उसे घरेलू सामान के रूप में ही माना जाएगा और आयात नहीं माना जाएगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा राज्य मंत्री जतिन प्रसाद ने लोकसभा में मंगलवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि वैश्विक माहौल में जो सामान निर्यात हो रहा है उसे निर्धारित जगह पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### रवीना टंडन नजर आएंगी गार्नियर कलर नेचुरल्स के नए कैंपेन में


**मुंबई।** गार्नियर ने पहली बार अभिनेत्री रवीना टंडन को ब्रांड की बालों का पोषण करने वाली हेयर कलर रेंज, गार्नियर कलर नेचुरल्स, का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस साझेदारी के साथ एक नया कैंपेन शुरू हो रहा है, जिसमें रवीना टंडन नजर आएंगी। यह कैंपेन, ब्रांड की प्राकृतिक दिखने वाले और चमकदार हेयर कलर्स में भरोसेमंद विशेषज्ञता को रवीना की टाइमलेस अपील के साथ जोड़ता है, जो हर उम्र के लोगों की पसंद है।

# ईरान ने कसा होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा

## पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंचा, जंग खत्म होने के संकेत नहीं, बढ़ेगा वैश्विक ऊर्जा संकट

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंच गया और इसके खत्म होने के कोई संकेत भी नहीं मिल रहे हैं। ईरान ने समुद्री परिवहन के लिए प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा और कस दिया है। इन घटनाक्रमों से वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंकाएं और अधिक बढ़ गई हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के हवाले से तसनीम समाच. ार एजेंसी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुश्मन देशों के लिए बंद है, मित्र देशों के लिए नहीं।

उन्होंने कहा कि इस समुद्री मार्ग को किसी भी ऐसे देश के लिए नहीं खोला जाएगा जो ईरान पर हमला करना चाहता हो। इस जलमार्ग से जहाजों का आवागमन विशेष परिस्थितियों में होगा। ईरान के सशस्त्र बल इस मार्ग को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में आवश्यक उपाय करने का अधिकार रखता है। दुनिया के पांचवें हिस्से के परिवहन वाले इस जलमार्ग पर व्यवधान पैदा होने से तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। ईरान ने सोमवार को दुबई हवाईअड्डे के साथ ही खाड़ी देशों में अमे. रिकी सैन्य ठिकानों और ऊर्जा क्षेत्रों को निशाना बनाया। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ड्रोन हमले के बाद एक ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई। मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में रात भर चले हमलों में पांच लोग मारे गए और सात घायल हो गए। समाचार एजेंसी ने बताया कि अराक शहर के बाहरी इलाके में एक आवासीय क्षेत्र और महल्लात काउंटी में एक आवासीय इमारत पर हमला किया गया। मरकजी प्रांत के ही खोमेन शहर में एक लड़कों के स्कूल को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले पारंपरिक अग्नि उत्सव 'चहारशंबे सूरी' को लेकर इस बार भारी तनाव की स्थिति बनी हुई है। ईरानी प्रशासन ने नागरिकों को चेतावनी जारी करते हुए इस साल किसी भी प्रकार ऐसे त्योहार को मनाने पर रोक लगा दी है जिसमें लोग एक जगह जमा होकर नाचते गाते हैं। 'चहारशंबे सूरी' पर्व फारसी कैलेंडर के अंतिम मंगलवार की रात को मनाया जाने वाला एक प्राचीन उत्सव है। इसमें लोग अलाव जलाकर उसके ऊपर से गुजरते हैं और कूदते हैं, जिसे शुद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक माना जाता है। आधुनिक समय में यह उत्सव आतिशबाजी और दावतों के रूप में तब्दील हो गया है, जो वसंत के आगमन और नौरोज की खुशी का संकेत देता है। ईरानी रेड क्रिसेंट, दमकल विभाग और आपातकालीन सेवाओं के जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि मौजूदा युद्ध की स्थिति और सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए लोगों को सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए। प्रशासन का तर्क है कि इस समय चिकित्सा प्रणाली और आपातक. ालीन संसाधनों को सुरक्षित रखना अनिवार्य है ताकि उन पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों और विपक्षी नेताओं का मानना है कि उत्सव पर यह रोक सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि असंतोष को दबाने के लिए लगाई गई है। जनवरी में हुए देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शासन डरा हुआ है। कई प्रांतीय अधिकारियों ने इस उत्सव को 'राष्ट्रीय व्यवस्था और सुरक्षा के लिए खतरा' करार दिया है। अधिकारियों का दावा है कि 'दुश्मन' इस तरह की भीड़ का फायदा उठाकर अशांति फैला सकता है।



**■ ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले 'चहारशंबे सूरी' त्योहार पर सरकारी रोक**

## पश्चिम एशिया में जंग के बीच चीन की बड़ी पहल

**■ ईरान, लेबनान और पड़ोसी देशों को आपातकालीन मानवीय सहायता की घोषणा**

**बीजिंग।** चीन ने पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच मानवीय संकट को कम करने के लिए ईरान, जॉर्डन, लेबनान और इराक को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में इसकी आधिकारिक घोषणा की। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि वर्तमान में चल रहे युद्ध और संघर्षों ने ईरान तथा इस क्षेत्र के अन्य देशों के नागरिकों के लिए असहनीय मानवीय आपदा पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन संबंधित देशों के लोगों के प्रति गहरी सहानुभूति रखता है और इस कठिन समय में उनके साथ खड़ा है। चीन का यह कदम उन क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए है जहां युद्ध के कारण बुनियादी सुविधाओं और जीवन रक्षक वस्तुओं की भारी कमी हो गई है। चीन ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर शांति बहाली की अपील की है। जियान ने जोर देकर कहा कि चीन शांति को बढ़ावा देने और तत्काल युद्धविराम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखेगा।

## धर्म के राजनीतिकरण के खिलाफ एकजुट हो विश्व समुदाय

**■ यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी का इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया में आह्वान**

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी ने मंगलवार को धर्म के राजनी. तिकरण और आस्था को हथियार बनाने के बढ़ते खतरों के खिलाफ वैश्विक सतर्कता का आह्वान किया।

पर्वतानेनी इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) और 'यूनाइटेड नेशंस अलायंस ऑफ सिविलाइज. ेशन' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया' को संबोधित कर रहे थे। राजदूत ने 'इस्लामोफोबिया के नैरेटिव' का उपयोग करने के लिए पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा कि संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए आस्था का उपयोग करना चिंता. जनक है। पर्वतानेनी ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धार्मिक पहचान के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह धार्मिक पहचान को हथियार बनाने और इसे संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस्तेमाल करने की बढ़ती प्रवृत्ति और खतरों पर ध्यान दे, चाहे वह सरकारी पक्ष की तरफ से हो या गैर-सरकारी पक्ष की ओर से। भारत का पश्चिमी पड़ोसी अपने पड़ोस में इस्लामोफोबिया की काल्पनिक कहानियां गढ़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राजदूत ने सभा से पड़ोसी देश के मानवाधिकार रिकॉर्ड का मूल्यांकन करने का आग्रह किया और सवाल उठाया कि अहमदिया समुदाय के व्यवस्थित दमन और अफगान शरणार्थियों की जबरन वापसी को कैसे उचित ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई आश्चर्य कर सकता है कि इस देश में अहमदिया समुदाय के क्रूर दमन, या असहाय अफगानों की बड़े पैमाने पर वापसी या रमजान के इस पवित्र महीने में हवाई बमबारी अभियानों को क्या कहा जाएगा? राजदूत ने चुनिंदा नैरेटिव (विमर्श) के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि धर्म का राजनीतिकरण शिकायतों का समाधान नहीं करता है। हम ऐसे ढांचे के खिलाफ सावधानी बरतने का आग्रह करते हैं जो केवल एक ही आस्था पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बिना इसके सभी रूपों में 'रिलिजियोफोबिया' (धर्म के प्रति डर) को संबोधित किए। पर्वतानेनी ने धर्म या विश्वास के आधार पर असहिष्णुता और भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर 1981 के संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र को एक 'संतुलित और स्थाई साधन' बताया जो 'किसी को विशेषाधिकार दिए बिना सभी धार्मिक अनुयायियों के अधिकारों की रक्षा करता है।

## हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर सहयोगी देशों के रुख से ट्रम्प नाराज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों की आलोचना करते हुए कहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को सुरक्षित करने के लिए उन्होंने जिस गठबंधन का प्रस्ताव रखा है, उसके प्रति सहयोगियों में 'उत्साह' की कमी है।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य से ही दुनिया के ऊर्जा संसाधनों के पांचवें हिस्से की जहाजों से जरिए आपूर्ति की जाती है। ट्रम्प ने सोमवार देर रात ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्ष जल्द ही खत्म हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस हफ्ते किसी समाधान की संभावना कम है। उन्होंने इस सैन्य अभियान का बचाव करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जरूरी था। ट्रम्प ने कहा कि यह अभियान जल्द ही खत्म हो जाएगा। हमारी दुनिया कहीं ज्यादा सुरक्षित होगी। गौरतलब है कि ईरान ने 28 फरवरी को अमे. रिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के जवाब में इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी जिसके बाद फारस की खाड़ी से होने वाली जहाजों की आवाजाही काफी हद तक कम हो गई है। ट्रम्प ने ब्रिटेन की प्रतिक्रिया पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर द्वारा इस संघर्ष में नाटो को शामिल करने में दिखाई गई हिचकिचाहट से मैं 'खुश नहीं हैं' और बहुत हैरान हूं।

## रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 206 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने पिछली रात 206 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पिछली रात वायु रक्षा प्रणालियों ने 206 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोककर नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, 62 ड्रोन ब्रायांस्क क्षेत्र में, 43 मॉस्को क्षेत्र में , 28 क्रास्नोडार क्षेत्र में, 18 क्रीमिया में, 12 स्मोलेंस्क क्षेत्र में, 9 कलुगा क्षेत्र में, 8 बेलगोरोड क्षेत्र में, 6 रोस्तोव क्षेत्र में, 4 लेनि. नग्राद क्षेत्र में, 3 अस्त्रखान क्षेत्र में और 1 अदिगेया गणराज्य में मार गिराए गए। इसके अलावा, आजा. ेव सागर के ऊपर 12 ड्रोनों को भी नष्ट किया गया है।

# ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प

## नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं, होर्मुज का रास्ता खुलवाने से किया इन्कार, 17 दिन बाद हालात बदले

**वाशिंगटन।** ईरान में खामेनेई समेत 40 से भी ज्यादा अधिकारियों के मारे जाने के बाद अमेरिका को यह जंग बड़ी कामयाबी नजर आ रही थी। लेकिन 17 दिन बाद हालात बदल चुके हैं। युद्ध का कोई साफ अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान ने जवाब में होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल आपूर्ति रोक दी, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बड़ी चोट पहुंची है।

ट्रम्प अब अपने सहयोगी नाटो देशों से होर्मुज में रास्ता खुलवाने की अपील कर रहे हैं। हालांकि इन देशों ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अपने वारशिप नहीं भेजेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देश इस अहम समुद्री रास्ते को फिर से खोलने में मदद नहीं करते, तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा।



**■ द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा**

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि इस मामले में कभी कोई फैसला नहीं हुआ, इसलिए जर्मनी के सैन्य योगदान का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार खत्म होनी चाहिए, लेकिन बमबारी करके उसे झुकाना सही तरीका नहीं है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी अमेरिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह यूरोप का युद्ध नहीं है और जब अमेरिकी नौसेना खुद इतनी ताकतवर है, तो कुछ यूरोपीय जहाज क्या कर लेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उनका देश इस बड़े युद्ध में नहीं फंसेगा। उन्होंने माना कि होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना जरूरी है ताकि तेल बाजार स्थिर रहे, लेकिन यह आसान काम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कदम ज्यादा से ज्यादा देशों की सहमति से ही उठाया जाएगा। यूरोपीय देशों ने सैन्य कार्रवाई की बजाय कूटनीति पर जोर दिया है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत अहम है क्योंकि यहां से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की सप्लाई होती है, जो फिलहाल ईरान के कारण प्रभावित हो रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर सोमवार को लंदन में मिडिल ईस्ट की स्थिति पर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते हुए। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि इस संकट का हल बातचीत से ही निकलना चाहिए और उनका देश किसी नौसैनिक मिशन को बढ़ाने के पक्ष में नहीं है।



# सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा

**मुंबई।** अभिनेत्री अदा शर्मा सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो का किरदार निभाती नजर आएंगी। अदा शर्मा अपने आने वाले प्रोजेक्ट में एक आलसी, भ्रष्ट और पूरी तरह से अनप्रेडिक्टेबल सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी। पारंपरिक सुप. रहीरो जहां दुनिया को बचाते हैं, वहीं उनका किरदार नियम तोड़ता है, झूठ बोलता है और शायद दुनिया को बचाने के बजाय उसे तबाह करना भी चाह सकता है। हाल ही में सामने आए फर्स्ट लुक ने सोशल मीडिया पर काफी उत्साह पैदा कर दिया है। फैंस आदा के किरदार 'वेल्ली' की झलक देखकर उत्साहित हैं और फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस अजीब और अनोखे कॉन्सेप्ट वाला सुपरहीरो दर्शकों को कुछ नया और मनोरंजक देने का वादा करता है। अदा शर्मा ने हमेशा यह साबित किया है कि वे खुद को किसी एक जॉनर तक सीमित नहीं रखतीं। उन्होंने पहली बार हॉरर फिल्म 1920 से ध्यान खींचा, फिर केरला स्टोरी में इंटेंस ड्रामा दिखाया, सनफ्लावर सीजन 2 में अपनी कॉमिक टाइमिंग दिखाई और कमांडो में हाई-ऑक्टेन एक्शन किया। वहीं बस्तर: द नक्सल स्टोरीमें उन्होंने एक गंभीर और ग्रिटी किरदार निभाया है।

## काशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जियोहॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम

**मुंबई।** अभिनेत्री कशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। इससे दर्शकों को गीता की प्रेरणादायक कहानी और शिक्षा के लिए उसके संघर्ष को फिर से देखने का अवसर मिलेगा। सिनेमाघरों में रिलीज के बाद से ही इस फिल्म को उसके अर्थपूर्ण संदेश और भावनात्मक कहानी के लिए सराहा गया है, वहीं मुख्य भूमिका निभाने वाली काशिका कपूर के दमदार अभिनय को दर्शकों ने खास तौर पर पसंद किया है।यह फिल्म महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करती है, जो राष्ट्रीय पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना को भी दर्शाती है। ग्रामीण पृष्ठभूमि में आधारित यह कहानी गीता नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सामाजिक दबावों और बाधाओं के बावजूद अपनी पढ़ाई पूरी करने और बेहतर भविष्य बनाने का सपना देखती है। फिल्म की कहानी के केंद्र में काशिका कपूर हैं, जिन्होंने गीता के किरदार को बेहद सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ निभाया है। आयुष्मती गीता मैट्रिक पास की खास बात यह है कि यह मनोरंजन के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी देती है।

## नाइजीरिया: तीन भीषण धमाकों से दहला बाजार

**■ 23 की मौत और 100 से अधिक घायल**

**अबुजा।** नाइजीरिया के मैदुगुरी शहर में सोमवार शाम हुए तीन सिलसिलेवार बम धमाकों में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 108 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन हमलों में शहर के व्यस्ततम इलाकों को निशाना बनाया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि संदिग्ध आत्मघाती हमलावरों ने 'मंडे मार्केट', 'यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल' के गेट और 'पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में आईईडी के जरिए ये विस्फोट किए। धमाके उस समय हुए जब इन इलाकों में लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी, जिससे हताहतों की संख्या में इजाफा हुआ। विस्फोटों के तुरंत बाद सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि वर्तमान में मैदुगुरी में स्थिति सामान्य हो गई है। हालांकि पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। इन घातक हमलों की जिम्मेदारी अब तक किसी भी समूह ने नहीं ली है। मैदुगुरी क्षेत्र लंबे समय से उग्रवादी गतिविधियों से प्रभावित रहा है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108